सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹118190/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹144350/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹157571/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

मैनपुर : क्लासरूम बना झरना



गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में कई स्कूल भवन इतने जर्जर हैं कि 3-4 दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बाद बच्चे दहशत में हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 15 किमी दूर ग्राम फरसरा के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में पानी कमरों के भीतर झरने की तरह बह रहा है। पास ही एक स्कूल भवन का निर्माण 8 साल पहले किया है। वह भवन भी जर्जर हो गया है। इसके तीन कमरों में पानी बह रहा है। बरामदे मे पांच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। ⏭ शेष पेज 7 पर

टिप-टिप बरसा पानी.... पढ़ने आएं तो छाता संग लाएं क्योंकि सिस्टम नहीं बचा पाएगा सावन की झड़ी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर, कवर्धा, पंडरिया, राजनांदगांव, दुर्ग, मैनपुर

सावन की रिमझिम फुहारें जहां लोगों को आनंद दे रही हैं, तो वहीं छग के स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। लगातार हो रही बारिश के बाद शासकीय स्कूलों में बाढ़ से हालात बन गए हैं। कहीं बच्चे छाता लेकर पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं तो कहीं शिक्षकों ने छत को पॉलीथिन से ढंक दिया है ताकि पानी कमरों तक ना पहुंचे। राजधानी रायपुर के स्कूलों में बाढ़ से हालात हालांकि नहीं हैं, लेकिन सीलन ने छात्रों और पालकों को हलाकान कर दिया है। वे ना दीवरों पर कोई अध्ययन सामग्री चिपका पा रहे हैं और ना ही किसी अन्य तरह की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दीवारों अथवा ब्लैकबोर्ड का उपयोग कर पा रहे हैं। सीलन के कारण आई फफूंद से बीमारी का खतरा भी मंडरा रहा है। भाठागांव, देवपुरी और मठपुरैना के शासकीय ⏭शेष पेज 7 पर

हरिभूमि लाइव

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर की तस्वीरें, टपकती छत के नीचे पढ़ाई कर रहे हैं विद्यार्थी

कवर्धा : प्लास्टर गिरना दिनचर्या का हिस्सा



कवर्धा सिंघारी हायर सेकेंडरी स्कूल का भवन लंबे समय से जर्जर हालत में है। कक्षाओं की छत से प्लास्टर गिरने के कारण छात्र-छात्राओं में डर का माहौल है। अब तक तीन बार छत का प्लास्टर भरभराकर गिर चुका है, जिसमें चार छात्राएं घायल हो चुकी हैं। इसके बावजूद स्कूल के लिए नए भवन की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती ⏭ शेष पेज 7 पर



राजनांदगांव : बच्चे नहीं कर पाते कक्ष में प्रवेश, इसलिए हर दूसरे दिन छुट्टी

बीते 4 दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच पूरी व्यवस्था धराशायी हो गई है। शहर के बीच गंजपारा इंग्लिश मीडियम स्कूल और प्यारेलाल स्कूल में अधिक वर्षा होने पर परिसर लबालब दिखाई देता है। जिले में लगभग 500 विद्यालय मरम्मत योग्य शासकीय स्कूलों की सूची में हैं। बारिश के बीच जिले के कई स्कूलों की छत से भी पानी टपक रही है। ⏭ शेष पेज 7 पर

निर्देश दिए हैं

स्कूल भवनों का बीईओ को निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है, जहां भी जर्जर भवन है वहां बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

- राजेश चंद्राकर, डीईओ, गरियाबंद

दो पाली में लगाएं स्कूल

पिछले वर्ष स्कूल का निरीक्षण किया था। उस समय दो कमरे जर्जर पाए गए थे। स्कूल भवन के संबंध में प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही आवश्यक सुधार कराया जाएगा। फिलहाल स्कूल को दो पाली में संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

-फेरुराम वर्मा, डीईओ, कवर्धा

त्रिपाल से ढंककर बरामदे में पढ़ाई



कुसुमकसा। आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत गिधाली में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के एक कमरे में पानी सीपेज होने से छत के ऊपर त्रिपाल ढंककर उसके बरामदे में कक्षा पांचवी की क्लास लगाई जा रही थी। बरसात अधिक होने से उक्त कक्ष को बंद कर बच्चों को परिसर में निर्मित टीन शेड में बैठाकर अध्ययन कराया जा रहा है। सबसे बड़ी विडंबना है कि उक्त ग्राम में निको माइनिंग एंड कंपनी की वाशिंग प्लांट संचालित है, जिसके सी एस आर मद से सर्व सुविधायुक्त नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण हो सकता है। प्रधानपाठक कक्ष में चौथी कक्षा व एक कमरे में कक्षा पहली से तीसरी कक्षा के छात्र छात्राएं अध्यापन कर रहे है., पानी सीपेज वाला कमरा में अनहोनी को लेकर बच्चो को नहीं बिठाया जा रहा है ,उसे बंद किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, पलटा हाईकोर्ट का निर्णय

बुजुर्ग माता-पिता के पास बच्चों को संपत्ति से बेदखल करने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों के अधिकार और सम्मान को लेकर बड़ा फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ नागरिक अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि बढ़ती उम्र किसी व्यक्ति के लिए असुरक्षा और अपमान का कारण नहीं बननी चाहिए, बल्कि हर बुजुर्ग को जीवनभर गरिमा के साथ रहने का अधिकार है। इसी के साथ कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को पलटते हुए ट्रिब्यूनल के उस फैसले को बहाल कर दिया, जिसमें बेटे और बहू को मकान से बाहर करने का आदेश दिया गया था।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि कानून का मकसद बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा तय करना है। सभ्य समाज का स्तर अक्सर इस बात से तय होता है कि वह अपने बुजुर्गों को कितनी गरिमा, सम्मान और सुरक्षा देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने एस. वनिता बनाम डिप्टी कमिश्नर (2021) के फैसले का भी हवाला दिया। इसमें कोर्ट ने माना था कि वरिष्ठ नागरिक के भरण-पोषण और सुरक्षा के लिए जरूरी होने पर ट्रिब्यूनल बेदखली का आदेश दे सकता है। कोर्ट ने कहा कि यही कानूनी स्थिति बाद के समटोला देवी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (2025) और कमलकांत मिश्रा बनाम एडिशनल कलेक्टर (2025) मामलों में भी दोहराई गई। ⏭शेष पेज 7 पर

क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश लखनऊ के रवि कांत गुप्ता से जुड़े मामले में सुनाया। रवि कांत गुप्ता लखनऊ के विकास नगर में रहते हैं। उनकी 81 साल की मां को घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहना पड़ा था। आरोप था कि उनके बेटे यानी गुप्ता के पोते ने उन्हें घर में रहने नहीं दिया। आरोप था कि उसके बेटे ने ऐसा व्यवहार किया कि उन्हें घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहना पड़ा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील की थी।



अहम टिप्पणी

- बढ़ती उम्र न बने असुरक्षा और अपमान का कारण
- हर बुजुर्ग को जीवनभर गरिमा के साथ रहने का अधिकार
- बेटे और बहू को मकान से बाहर करने का दिया आदेश

हाईकोर्ट का फैसला पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर ट्रिब्यूनल बेदखली का आदेश दे सकता है।

बुजुर्गों के लिए 2007 का कानून

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और सुरक्षा के लिए कानूनी व्यवस्था की गई है। कानून का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बुजुर्गों को बुनियादी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहने के बावजूद उपेक्षा या असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

एक और बड़ा फैसला

बीमा के बगैर पेट्रोल नहीं नियम लागू करने के निर्देश

इधर, एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से एक ऐसी प्रायोगिक परियोजना लागू करने के अपने निर्देश पर अमल करने को कहा, जिसके तहत पेट्रोल पंप पर उन वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाए, जिनके पास वैध बीमा नहीं है। शीर्ष अदालत ने चार अगस्त को सुनाए गए एक अहम फैसले में बड़ी संख्या में वाहनों के थर्ड-पार्टी बीमा के बिना सड़कों पर चलने पर गंभीर चिंता जताई थी। केंद्र सरकार को ऐसी प्रायोजिक परियोजना तैयार करने का निर्देश दिया था, जिसके तहत वैध बीमा नहीं होने पर पेट्रोल पंप पर ऐसे वाहनों को ईंधन देने से इंकार किया जा सके।

पीठ ने कहा-आप प्रायोगिक परियोजना शुरू करें

पीठ ने केंद्र के वकील से उच्चतम न्यायालय के चार अगस्त के फैसले में दिए गए निर्देशों पर अमल के लिए एक ठोस प्रस्ताव पेश करने को भी कहा, जिसमें समय-सीमा शामिल हो। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त के लिए तय की। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क हादसों की संख्या और टोल प्लाजा पर लंबी कतारों के प्रभाव पर भी ध्यान दिया था। उसने केंद्र को चुनिंदा गलियारों में परियोजनाएं लागू करने का निर्देश दिया था।



अंबिकापुर के लखनपुर क्षेत्र के तुनगुरी अहीरपारा में पुल के अभाव में खतरों के बीच रोजाना उफनी नाला पर करते हैं स्कूली बच्चे और ग्रामीण।

बरगा नदी की बाढ़ से रसौकी बना टापू, 6 दिनों से आवागमन बंद

दो नदियों से घेरे ग्रामीण, बरसात में गंभीर रूप से बीमार ग्रामीणों का उपचार बनी चुनौती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर/अम्बिकापुर

लगातार भारी भारी वर्षा होने के कारण विकासखण्ड ओड़गी की दूरस्थ ग्राम पंचायत रसौकी टापू बन गया है। बरगा नदी में बाढ़ आने के कारण गांव पानी से घिर गया है। पिछले 6 दिनों से गांव तक आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। बाढ़ के कारण ग्रामीणों का संपर्क तहसील एवं जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है। दूरस्थ ग्राम पंचायत रसौकी विकासखण्ड ओड़गी का आखिरी गांव है तथा कोरिया ⏭शेष पेज 7 पर

स्कूल-कॉलेज से बढ़ी दूरी

ग्राम रसौकी में लंबे समय से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का संचालन किया जा रहा है, लेकिन हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए गांव में बच्चों को ग्राम महुली एवं हायर सेकेंडरी एवं कॉलेज की पढ़ाई के लिए बिहारपुर जाना पड़ता है। लंबी दूरी होने के बावजूद अधिकांश बच्चे रोज आना-जाना करते हैं। बरगा नदी में बाढ़ आने के कारण बच्चों का स्कूल-कॉलेज आना भी बंद हो गया है।

बीएमओ से लेती हूं जानकारी

स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बीएमओ से जानकारी लेती हूं। मितानिनों के माध्यम से ग्रामीणों को लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

-चांदनी कंवर, एसडीएम, मैयाथान

खबर संक्षेप

नड्डा को एंजियोप्लास्टी के बाद एम्स से छुट्टी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा को एंजियोप्लास्टी के बाद बुधवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। एम्स ने कहा, एंजियोप्लास्टी के बाद नड्डा को आज छुट्टी दे दी गई। उन्होंने अपनी देखभाल के लिए सभी चिकित्सकों, नर्सों और कर्मचारियों को धन्यवाद किया।

हवाई अड्डे पर 68 लाख की अवैध नकदी बरामद

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने बुधवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर दो भारतीय यात्रियों को 68.53 लाख रुपए की अवैध नकदी ले जाने के आरोप में पकड़ा। दोनों यात्रियों को हवाई अड्डे पर 'एक्स-रे स्कैनर' से सामान की जांच के दौरान रोका गया। उन्होंने बताया कि वे असम के गुवाहाटी जा रहे थे।

'डेटिंग ऐप' से बुजुर्ग को फंसा 1.30 लाख ठगे

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 'डेटिंग ऐप' के जरिए 67 वर्षीय व्यक्ति को अपने जाल में फंसाकर उनका मोबाइल फोन चोरी करने और 1.30 लाख रुपये ठगने के आरोप में दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी ज्योत्स्ना (26) और उसकी सहयोगी मानसी (21) के रूप में हुई है। ज्योत्स्ना ने फर्जी नाम से डेटिंग ऐप पर प्रोफाइल बनाई थी।

चंदा चोरी पर देशभर में प्रदर्शन

वंदे मातरम पर नहीं बदला कांग्रेस का रुख, पहले दो पद गाएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में वंदे मातरम को लेकर पार्टी ने अपना पुराना रुख साफ कर दिया। कांग्रेस ने 1937 के फैसले को बरकरार रखते हुए तय किया कि पार्टी के कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के सिर्फ पहले दो पद ही गाए जाएंगे। वहीं, बैठक में राम मंदिर चंदे के मुद्दे को लेकर भी बड़ा फैसला हुआ और इसे देशभर में जमीनी स्तर तक ले जाने की रणनीति तय की गई। सूत्रों के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी की बैठक में वंदे मातरम के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस दौरान कई नेताओं ने 1937 में अपनाए गए पार्टी के रुख को दोहराया। कांग्रेस के अनुसार, उसका फैसला अक्तूबर 1937 में सीडब्ल्यूसी की ओर से पारित प्रस्ताव पर आधारित है। उस समय पार्टी ने राष्ट्रीय सभाओं में वंदे मातरम के सिर्फ पहले दो पद गाने का निर्णय लिया था। नई दिल्ली के इंदिरा भवन में ⏭शेष पेज 7 पर

राम मंदिर चंदे के मुद्दे पर बनी रणनीति

सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने राम मंदिर चंदे से जुड़े मुद्दे को जमीनी स्तर तक ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का इस्तेमाल लोगों को ध्रुवीकृत करने वाले लोग अब पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। वेणुगोपाल के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी ने प्रदेश कांग्रेस समितियों को राम मंदिर चंदे के मुद्दे पर पूरे देश में प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। वेणुगोपाल ने कहा कि राम मंदिर चंदे से जुड़े मुद्दे को कांग्रेस ग्रासरूट लेवल तक लेकर जाएगी। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस समितियों को देशभर में प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया है।

चीनी घुसपैठ पर भी मंथन

सीडब्ल्यूसी बैठक में अरुणाचल प्रदेश में 'चीनी घुसपैठ' के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में 'सरेंडर पॉलिसी' अपना रही है। पार्टी ने इस मुद्दे को भी सरकार के खिलाफ अपने राजनीतिक अभियान का हिस्सा बनाया है।

मुख्यमंत्री ने 'स्रोत महोत्सव 2026' एवं राज्य स्तरीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

साय बोले- नदी बचेगी तो जल बचेगा और जल से ही जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नदियां केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति, कृषि और समृद्धि की जीवनधारा हैं। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा बनाने में प्रदेश की जीवनदायिनी नदियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन नदियों ने हमारी सभ्यता को पोषित किया और हमें समृद्धि दी, उनका संरक्षण हम सभी का साझा दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को ⏭शेष पेज 7 पर



एफआईआर दर्ज

बगैर काम पेमेंट का दबाव, इंकार करने पर सीएमओ से गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बैगर काम किए भुगतान का दबाव बनाने तथा पेमेंट करने से इनकार करने पर सीएमओ से गाली-गलौज तथा धमकी देने वाले नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ सीएमओ निलेश केरकेट्टा ने अभनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष ने सब इंजीनियर दुशांत चौहान के साथ गाली-गलौज कर उनके साथ मारपीट की है। सीएमओ ने अभनपुर नगर पालिका अध्यक्ष ⏭शेष पेज 7 पर

यह है पूरा मामला

सीएमओ ने अपनी लिखित शिकायत में पुलिस को बताया है कि यह घटना 13 अगस्त की है। बिना काम किए फंड से भुगतान करने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारियों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि भुगतान के लिए दबाव बनाने के बाद अध्यक्ष ने करीब 20 मिनट तक अधिकारियों के साथ गाली-गलौज की।अध्यक्ष ने अधिकारियों को धमकाते हुए 'नंगा करके मारूंगा' कहा।

सेमरा नाला के पास मिली लाश को समझ लिया था मोतीलाल की

जिस बेटे का अंतिम संस्कार किया, वह दो हफ्ते बाद जिंदा मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

बलौदाबाजार जिले में लापता युवक को मृत समझकर उसका अंतिम संस्कार करने के बाद उसके धमतरी में जीवित मिलने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कसडोल क्षेत्र के ग्राम सुकली बरेली निवासी 28 वर्षीय मोतीलाल विश्वकर्मा पिछले महीने से लापता था। 28 जुलाई को सेमरा नाला के पास एक क्षत-विक्षत शव मिला। परिवार ने उसकी पहचान मोतीलाल के रूप में की और अंतिम संस्कार कर दिया। कुछ दिनों बाद 14 अगस्त को मोतीलाल धमतरी ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर



14 अगस्त को धमतरी में मिला युवक

14 अगस्त को धमतरी के संबलपुर मोड़ स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एक युवक बैठा मिला। उसकी हालत देखकर वरदान परमार्थ सेवा समिति के सदस्य पप्पू साहू ने मदद की और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के शिवा प्रधान से संपर्क किया। शिवा प्रधान के अनुसार, युवक विक्षिप्त अवस्था में था। उसे सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। पहचान की कोशिश के दौरान उसके पास मिले दस्तावेजों से पता चला कि ⏭ शेष पेज 7 पर

अब सवाल- जिस शव का अंतिम संस्कार हुआ, वह किसका था?

मोतीलाल के जीवित मिलने के बाद पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हुआ कि 28 जुलाई को सेमरा नाला के पास मिला शव आखिर किसका था। क्या क्षत-विक्षत और डीकंपोज शव की पहचान में गलती हुई थी या फिर इसकी कोई दूसरी वजह थी? मामले की जांच के दौरान पुलिस ने शव की दोबारा पहचान कराई। बाद में पता चला कि वह शव कसडोल के ही गाँव असनिंद के 55 वर्षीय बहूर सिंह का था। उनके परिवारजनों द्वारा बहूर सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी। बाद में उनके बेटे ने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की।

पुलिस कार्यवाही पर उठ रहे सवाल

मोतीलाल के जिंदा लौटने से घर में तो दोबारा दीये जल गए, लेकिन इसने बलौदाबाजार पुलिस के सामने एक बड़ी कानूनी और तहकीकात की पहेली खड़ी कर दी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर मोतीलाल जिंदा है, तो 28 जुलाई को सेमरा नाला में मिला वह शव आखिर किसका था? यदि वह शव असनिंद निवासी बहूर सिंह का है तो पुलिस ने बिना पुख्ता डीएनए या वैज्ञानिक जांच के शव परिजनों को कैसे सौंप दिया? क्या नाले में मिला वह शख्स किसी हादसे ⏭ शेष पेज 7 पर

आर्टिकल 370 हटने के बाद राजदूत गोर पहली बार पहुंचे कश्मीर

अमेरिका ने कहा- जम्मू-कश्मीर भारत का अहम हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने बुधवार को श्रीनगर का दौरा किया है। कश्मीर पहुंचने के बाद सर्जियो गोर ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक बेहद अहम हिस्सा है। भारत की लंबे समय से चली आ रही स्थिति पर अमेरिकी दूत का यह बयान काफी मजबूत समर्थन माना जा रहा है। गौरतलब है, आर्टिकल 370 हटने और हालिया सुरक्षा घटनाओं के बाद किसी अमेरिकी राजदूत का यह पहला कश्मीर दौरा है।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला के साथ की अहम बैठक

श्रीनगर पहुंचने के बाद अमेरिकी दूत सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए सर्जियो गोर ने बताया कि इस बैठक का मुख्य केंद्र कश्मीर के विकास से जुड़े मुद्दे और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी साझेदारी को और मजबूत करने के नए अवसरों पर भी चर्चा की गई है।



श्रीनगर में सीएम उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद अमेरिकी राजूदत सर्जियो गोर ने कहा, 'यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह भारत का एक अहम हिस्सा है। मैं यहां पहली बार आया हूं। यह जगह बहुत खूबसूरत है। मैं यहां आकर और इस जगह को देखकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि हमारी बहुत अच्छी मुलाकात हुई। कुछ आगे की बातें भी हैं, जिन्हें हम वॉशिंगटन और दिल्ली ले जाएंगे। लेकिन यह मुलाकात बहुत गर्मजोशी भरी और दोस्ताना रही, और हम इस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।

15 सालों में यह पहला मौका

अमेरिकी राजदूत का यह दौरा कूटनीतिक रूप से बेहद खास माना जा रहा है। पिछले पंद्रह से अधिक सालों में यह पहला मौका है जब किसी सेवारत अमेरिकी राजदूत और जम्मू-कश्मीर के किसी मुख्यमंत्री के बीच सीधी बैठक हुई है। इससे पहले साल 2011 में तत्कालीन अमेरिकी दूत टिमोथी रोएमर ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की थी। इसके अलावा साल 2018 के बाद यह किसी अमेरिकी राजदूत का पहला स्वतंत्र कश्मीर दौरा है। इस यात्रा के बाद अमेरिकी दूत के लद्दाख जाने का भी कार्यक्रम तय किया गया है।

स्थानीय मुद्दों का समाधान देश के अंदर से ही : उमर

एक तरफ जहां इस अमेरिकी दौरे को लेकर कूटनीतिक हलकों में काफी चर्चा हो रही है, वहीं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस पर बहुत अधिक प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए उमर अब्दुल्ला ने दो टूक शब्दों में कहा कि वाशिंगटन उनकी समस्याओं को हल नहीं करने वाला है, बल्कि केंद्र सरकार ही उनका समाधान करेगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि वे अमेरिकी दूत के सामने किसी भी तरह की शिकायतें लेकर नहीं जाने वाले हैं। उनका मानना है कि स्थानीय मुद्दों का समाधान देश के अंदर से ही निकलेगा।

पाकिस्तान ने बयान पर जताया एतराज, अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

इस्लामाबाद में अमेरिकी राजनयिक को तलब कर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के जम्मू-कश्मीर दौरे का विरोध किया। पाक ने सर्जियो के बयान पर भा आपत्ति जताई है और इस बयान को खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर का समाधान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के तहत ही होना चाहिए। पाक ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह अपने सार्वजनिक बयानों में कश्मीर की स्थिति का ध्यान रखें।

खबर संक्षेप

महुआ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ



पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर कोर्ट ने बुधवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह कार्रवाई कथित धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले मामले में बार-बार समन के बावजूद कोर्ट में पेश नहीं होने पर की गई। कृष्णनगर कोर्ट के तीसरे न्यायिक मजिस्ट्रेट ने वारंट तुरंत जारी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 28 अगस्त तक वारंट की कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कोर्ट ने महुआ मोइत्रा को बुधवार को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वे नहीं पहुंचीं। उनके वकील ने कहा कि सांसद कोर्ट परिसर के बाहर हूटिंग की आशंका के चलते किसी भी समय पेश नहीं होंगी।

गोविंदा से तलाक का केस वापस लिया सुनीता ने

मुंबई। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने गोविंदा से तलाक का



केस वापस ले लिया है। बुधवार को सुनीता को उनके बेटे यशवर्धन के साथ मुंबई में फैमिली कोर्ट में देखा गया। गोविंदा के मैनेजर शशि रंजन ने बताया कि सुनीता आहूजा ने गोविंदा के खिलाफ दायर तलाक की अर्जी वापस ले ली है। शशि के मुताबिक, अब सब ठीक है और दोनों के बीच सब कुछ सामान्य होने की उम्मीद है। सुनीता ने दिसंबर 2024 में गोविंदा के खिलाफ बांद्रा फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की थी।

सरकार को नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

नीट पेपर लीक मामला सर्वोच्च न्यायालय में हुई सुनवाई

सरकार बोली- सिस्टम फूलप्रूफ, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यूपीएससी से सीखिए

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए की ओर से आयोजित नीट-यूजी और दूसरी राष्ट्रीय परीक्षाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए जरूरी सुधार जल्द लागू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि बार-बार होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए अस्थायी उपायों के बजाय एक मजबूत और स्थायी व्यवस्था बनानी होगी। कोर्ट ने सरकार को नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए 3 सप्ताह बाद अगली सुनवाई की बात कही है।

3 सप्ताह बाद होगी इस मामले में अगली सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि सिर्फ कागजों पर नियम बनाना काफी नहीं है। इन नियमों को जमीन पर सही तरीके से लागू करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा, 'आप यूपीएससी को देखिए। परीक्षा बिना समस्या के आयोजित हो रही है। एनटीए को भी ऐसा करना होगा। विशेषज्ञ अधिकारी नियुक्त कीजिए जो बदलती तकनीक को समझते हों।' बता दें, नीट यूजी के बाद यूजीसी नेट जून 2026 में भी गड़बड़ी का मामला सामने आ चुका है। लेकिन केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी कराने का सिस्टम फुलप्रूफ है, जिसे तोड़ना मुश्किल है। सरकार ने



बताया कि कई मॉडरेटर्स से क्वेश्चन बैंक तैयार करने को कहा गया, उन्हें नहीं पता कि क्वेश्चन पेपर का हिस्सा क्या होगा।

इसके साथ ही सिस्टम को लीकप्रूफ बनाने के प्रमुख उपायों में जीपीएस-सक्षम प्रणाली के जरिए प्रश्नपत्रों की आवाजाही पर नजर रखना है। केंद्र के अनुसार, इससे अधिकारियों को प्रश्नपत्रों के परिवहन की निगरानी करने और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने से पहले उनकी आवाजाही पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है।

याचिकाकर्ता ने यह कहा

सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि पेपर लीक और तकनीकी गड़बड़ियों से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित होता है। इसलिए परीक्षा व्यवस्था को ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार डॉ. के. राधाकृष्णन समिति और नंदन नीलेकणि टास्क फोर्स की सिफारिशों को लागू करने के लिए कदम उठा रही है। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया में जीपीएस और दूसरी आधुनिक सुरक्षा तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के लिए बना सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित (फूलप्रूफ) है और इसमें सेंध लगाना मुश्किल है।

नीट को भी दो चरणों में कराने पर विचार

इस दौरान, सरकार ने यह भी बताया कि परीक्षा को कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) बनाने और डेटा की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जेईई की तरह नीट को भी दो चरणों में कराने के विकल्प पर विचार हो रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सीबीटी व्यवस्था में साइबर सुरक्षा, डिजिटल सुरक्षा और एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन बेहद जरूरी हैं। सुनवाई के अंत में कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनटीए से कहा कि वह सुधारों को लेकर हुई तरक्की की विस्तृत जानकारी दें। कोर्ट ने दोनों से नया हलफनामा दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने साफ किया कि वह इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगा, ताकि भविष्य में किसी छात्र के साथ परीक्षा में अन्याय न हो।

अब कंपनी को देना होगा ₹1 लाख जुर्माना

अब 'राम मंदिर प्रसाद' के नाम पर अमेजन ने की ठगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राम मंदिर प्रसाद के नाम से मिठाई बेचने के मामले में अमेजन को बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े नाम का इस्तेमाल करके सामान्य मिठाइयों की बिक्री से जुड़ा है। प्राधिकरण ने माना कि इस तरह की बिक्री से लोगों को यह गलतफहमी हो सकती है कि उन्हें मंदिर में चढ़ाया गया प्रसाद मिल रहा है।

मिठाई की पैकिंग और दावे पर भी सवाल : शिकायत में कहा गया कि इन मिठाइयों की बिक्री चंदू ट्रेडिंग कंपनी की ओर से बिहार ब्रदर्स नाम के ब्रांड के तहत की जा रही थी। उत्पादों की लिस्टिंग में दावा किया गया था कि इन मिठाइयों पर अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर का आशीर्वाद है। वहीं, सामग्री की जानकारी में भी 'राम मंदिर प्रसाद' लिखा गया था। इसी वजह से मामले को लेकर सवाल उठे और इसकी शिकायत की गई। इस मामले की शिकायत जनवरी 2024 में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने की थी।



मंदिर ट्रस्ट की मंजूरी नहीं थी

इस मामले में सबसे अहम बात यह रही कि इन मिठाइयों को राम मंदिर ट्रस्ट की मंजूरी के बिना 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से बेचा जा रहा था। शिकायत के अनुसार, अमेजन पर चार तरह की मिठाइयां लिस्ट की गई थीं। इनमें घी के लड्डू, खोया लड्डू, बूंदी लड्डू और गाय के दूध से बने पेड़े शामिल थे। इन उत्पादों की लिस्टिंग में धार्मिक तस्वीरों का भी इस्तेमाल किया गया था।

ग्राहकों को गलत जानकारी मिलने का आरोप

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा कि 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम देखकर भक्त सामान्य तौर पर यही समझ सकते हैं कि यह राम मंदिर में भगवान को चढ़ाया गया और फिर प्रसाद के तौर पर दिया गया भोजन है। जबकि मामले में ऐसी कोई मंजूरी नहीं थी। प्राधिकरण ने माना कि इस नाम का इस्तेमाल सामान्य मिठाइयों की बिक्री के लिए करना ग्राहकों को गुमराह करने वाला तरीका है और इससे धार्मिक भावनाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।

तमिलनाडु : छात्रों के प्रदर्शन पर रोक वाला आदेश वापस

चेन्नई। तमिलनाडु की विजय सरकार ने कॉलेज छात्रों के विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने पर रोक लगाने वाला आदेश वापस ले लिया है। कॉलेज शिक्षा संयुक्त निदेशक सिंथिया सेल्वी पी. की ओर से बुधवार को जारी नए आदेश में 17 अगस्त को जारी पिछला सर्कुलर तत्काल प्रभाव से रद्द करने की जानकारी दी गई है। दरअसल, 14 अगस्त को सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि स्कूल-कॉलेज के छात्र और युवा वाम दलों और कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनों में शामिल न हों।



सत्येंद्र जैन को झटका, कोर्ट ने अर्जी खारिज कर भेजा जेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट यानी एसटीपी टेंडर मामले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच यानी एसीबी ने इस बहुचर्चित मामले में मंगलवार को पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बुधवार को इस मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी अंकित श्रीवास्तव को दो दिन की एसीबी रिमांड पर भेज दिया है, जबकि पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन समेत बाकी पांचों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक



हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सीईओ और आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय भी शामिल हैं। उनकी जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट कल यानी गुरुवार को सुनवाई करेगा। चूंकि वह मिजोरम सरकार में तैनात एक आईएएस अधिकारी हैं, इसलिए उनकी अर्जी पर कोर्ट ने कल का समय तय किया है। वहीं, सत्येंद्र जैन समेत बाकी पांच अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर आगामी 25 अगस्त को सुनवाई की जाएगी। अदालत ने इन सभी जमानत अर्जियों पर एसीबी को आधिकारिक नोटिस भी जारी कर दिया है।

एनआरसी की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन

मणिपुर बंद, थमा घाटी का पहिया सरकार ने किया मांग का समर्थन

एजेंसी ⏭ इंफाल

मणिपुर में जनगणना से पहले नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) लागू करने की मांग को लेकर एक छात्र संगठन की ओर से बुलाई गई 48 घंटे की राज्यव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन बुधवार को घाटी के पांच जिलों में आम जनजीवन प्रभावित रहा। बाजार, शिक्षण संस्थान और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी ठप रहीं, हालांकि घाटी के कुछ इलाकों में निजी वाहन चलते नजर आए। हड़ताल का असर मुख्य रूप से घाटी के जिलों तक सीमित रहा, जबकि पहाड़ी जिलों में सामान्य गतिविधियां जारी रहीं।

सड़कों पर उतरे हड़ताल समर्थक

इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों के अलग-अलग हिस्सों में हड़ताल समर्थकों ने बांस के खंभे और बड़े पत्थर रखकर सड़कें जाम कर दीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विरोध जताया और 'नो एनआरसी, नो सेंसस' यानी 'एनआरसी नहीं तो जनगणना नहीं' लिखे पोस्टर लगाए। घाटी के तीन अन्य जिलों—थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर—में भी हड़ताल का असर दिखाई दिया।

रायपुर
गुरुवार 20 अगस्त 2026
श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 30
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 27.3
न्यून. 23.9

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

हॉकी विश्व कप: भारत ने पाकिस्तान को रौंदा



5-3 से हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत बने शीर्ष गोल स्कोरर

एजेंसी ▶▶ एम्सटलवीन (नीदरलैंड)

भारत ने हॉकी विश्व कप 2026 के महामुकाबले में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। एम्सटलवीन के वेगनर स्टेडियम में खेले गए पूल डी के इस मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अभिषेक के दो-दो गोल की बदौलत भारत ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत की, जबकि हार्दिक सिंह ने भी एक गोल दागा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र- बहरे बनकर 186 बन गए अफसर-कर्मी, जांच के लिए बनेगा विशेष मेडिकल बोर्ड

छत्तीसगढ़ में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर अफसर कर्मी बने 186 लोगों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई का शिकंजा कसने वाला है। इस मामले को लेकर बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री और महिला बाल विकास मंत्री की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया है कि फर्जियों की जांच के लिए विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा।

ये है मामला: छत्तीसगढ़ में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने वालों के खिलाफ काफी समय से शिकायतें हैं। बताया गया है कि जिन लोगों ने फर्जी तरीके से नौकरी हासिल की है, ▶▶ शेष पेज 7 पर

खास खबर

स्वास्थ्य मंत्री ने कही ये बात

इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायतें मिली हैं उन संबंधित व्यक्तियों की जाँच के लिए रायपुर में एक विशेष मेडिकल बोर्ड तैयार किया जाएगा। इनकी जाँच शीघ्र और तय समय के भीतर की जाएगी।

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास मंत्री ने लिया संयुक्त बैठक में फैसला



7 डिप्टी कलेक्टर तहसीलदार भी

राज्य में फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने के मामलों की शिकायत छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ लंबे समय से कर रहा है। खास बात ये है कि जिन लोगों पर फर्जी ▶▶ शेष पेज 7 पर

समीक्षा के निर्देश

बैठक में समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने तथा निर्धारित समयान्तराल में दिव्यांगता की भौतिक जांच के लिए उपस्थित होने वाले व्यक्तियों के प्रकरणों की समीक्षा किए जाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

यात्री की तबियत बिगड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

जयपुर। राजस्थान के जयपुर में इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। दरअसल, इंडिगो की सूरत से जयपुर फ्लाइट में एक यात्री की तबियत बिगड़ गई। पहले यात्री को फ्लाइट में ही प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन तबियत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लिया गया। यात्री की तबियत खराब होने पर बुधवार शाम करीब 5:36 बजे इंडिगो की फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग की गई है।

जहरीली शराब पीने से दो की मौत

भावनगर। गुजरात के भावनगर जिले में बुधवार को कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में चार कथित शराब तस्करों को हिरासत में लिया गया है। गुजरात 'शुष्क' राज्य है, जहां शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध है।

देर रात लगी आग, 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

होटल में भीषण आग, दो महिलाओं और बच्चे समेत नौ बांग्लादेशियों का घुटा दम

कोलकाता के न्यू मार्केट थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक होटल में भीषण आग लगने से 9 बांग्लादेशी नागरिकों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित 'शिका इन' होटल में करीब रात 1.45 बजे आग लगी, जिसके बाद धुएं और लपटों के बीच पुलिस व दमकलकर्मियों ने करीब 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

मध्य कोलकाता की मिर्जा गालिब स्ट्रीट में स्थित एक होटल में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य झुलस गए। आग रात करीब 1.45 बजे लगी। आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी भी बचाव अभियान के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। न्यू मार्केट पुलिस ने बयान जारी करते हुए बताया,घटना की सूचना लगभग 2:00 बजे मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। इसके साथ ही दमकल विभाग और बिजली विभाग को अलर्ट किया गया।



4 फायर बिग्रेड की गाड़ियां लगीं

यह आग शहर के सबसे व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाकों में से एक, न्यू मार्केट के पास फ्री स्कूल स्ट्रीट पर स्थित एक होटल में लगी। आग लगने की सूचना मिलने के बाद, दमकल की चार गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। आपदा प्रबंधन की एक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्यों में शामिल हो गई।

बीरभूम के होटल में भी लगी थी आग

गौरतलब है कि सोमवार को भी इसी तरह का हादसा बीरभूम जिले में भी सामने आया था। यहां एक चार मंजिला होटल में आग लगने से 7 लोगों को मौत हो गई थी। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। उस समय सावन का आखिरी सोमवार होने के कारण होटल तीर्थयात्रियों से पूरी तरह भरा हुआ था।

इलाज कराने आए थे, चली गई जान

बताया जा रहा है कि मरने वाले बांग्लादेशी नागरिक थे जो इलाज के लिए कोलकाता आए थे। इस घटना में छह लोग घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की वजह और मौतों से जुड़ी परिस्थितियों की जांच की जा रही है। मरने वालों में से ज्यादातर लोग बांग्लादेश, मेघालय और अलीपुरद्वार से थे और कोलकाता में इलाज के लिए आए थे।



सीएनजी स्टेशन पर फटा गैस सिलेंडर, तीन की मौत

बाहरी दिल्ली के टिकरी कलां क्षेत्र में एक सीएनजी स्टेशन पर गैस भरते समय एक ट्रक का गैस सिलेंडर फटने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस ने बताया कि तीनों मृतक सीएनजी स्टेशन के कर्मी हैं। अपराह्न 3.37 बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि ट्रक के आसपास खड़े छह लोग विस्फोट की चपेट में आ गये। पुलिस के मुताबिक, मनीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सन्नी और चार अन्य लोगों को निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सन्नी की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीसरे मृतक की पहचान की जा रही है।

मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला

13041 करोड़ रुपए के रेल-रोड प्रोजेक्ट मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में रेल और सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कुल 13,041 करोड़ रुपए की लागत वाली 5 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें चार रेलवे प्रोजेक्ट और एक हाईवे प्रोजेक्ट शामिल हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि तीन रेलवे परियोजनाएं हावड़ा-चेन्नई हाई डेंसिटी नेटवर्क का हिस्सा हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद हावड़ा से चेन्नई तक लगातार चार रेलवे लाइन का कॉरिडोर तैयार करने में मदद मिलेगी।

माल ढुलाई में भी महत्वपूर्ण

बयान में कहा गया है कि माल ढुलाई के क्षेत्र में भी ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं। ये मार्ग कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, वाहन तथा खाद्यान्न जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण हैं। रेल क्षमता बढ़ाने के इन कार्यों से अतिरिक्त 7.6 करोड़ टन सालाना माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी।

इन राज्यों को सौगात

चारों परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के आठ जिलों से होकर गुजरेंगी। इससे करीब 6,448 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जिनकी कुल आबादी लगभग 60 लाख है। इन परियोजनाओं से देश के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क बेहतर होगा।

67.15 लाख रुपए के गबन की पुष्टि

राजीव मिशन फर्नीचर घोटाला, 15 साल बाद एसीबी के शिकंजे में दो


संजय पटेल


सत्यप्रकाश पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा में करीब 15 साल पुराने फर्नीचर घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जांच के बाद तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक और सप्लायर को गिरफ्तार किया है। जांच में 67 लाख 15 हजार ▶▶ शेष पेज 7 पर

खास खबर

2010-11 में हुआ था फर्नीचर का आवंटन

राजीव गांधी शिक्षा मिशन सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2010-11 में माध्यमिक शालाओं में फर्नीचर खरीदी के लिए करीब 2.70 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ था। इस दौरान 10-11 फर्मों ने स्कूलों में फर्नीचर की आपूर्ति की। जांच में सामने आया कि कुछ फर्मों ने फर्नीचर की आपूर्ति किए बिना ही बिल प्रस्तुत कर भुगतान प्राप्त कर लिया, जबकि अन्य फर्मों की आपूर्ति भी अधूरी थी। शिकायत के बाद मामला ईओडब्ल्यू तक पहुंचा और जांच एसीबी को सौंपी गई।

एसबीआई ने बदले नियम

अब चार बार से ज्यादा कैश निकालने पर लगेगा चार्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) 1 अक्टूबर 2026 से कैश विड्रॉल के नियमों में बदलाव करने जा रहा है। एसबीआई ने अपने बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट रखने वाले ग्राहकों के लिए सर्विस चार्ज में बदलाव किया है। नए नियम के मुताबिक, महीने में पहली चार नकद निकासी मुफ्त रहेंगी। अगर ग्राहक 5वीं या उससे ज्यादा बार नकद निकासी करता है, तो हर लेनदेन पर 15 रुपए और जीएसटी देना होगा।



अकाउंट खोलने की एक बड़ी शर्त

अगर कोई ग्राहक एसबीआई में बीएसबीडी अकाउंट खोलता है, तो उसके नाम पर कोई दूसरा सेविंग्स अकाउंट नहीं होना चाहिए। अगर पहले से सेविंग्स अकाउंट है, तो बीएसबीडी अकाउंट खोलने के 30 दिनों के भीतर उसे बंद करना होगा।

100 फीसदी के नाम पर ग्राहकों को नहीं कर सकेंगे गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई की कार्रवाई के बाद एमवे इंडिया, इमामी, बॉन बिस्किट्स और तीन अन्य कंपनियों ने अपने उत्पादों की पैकेजिंग, लेबल और विज्ञापनों से '100 प्रतिशत' के भ्रामक दावे हटा दिए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानकप्राधिकरण ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उसने खाद्य कारोबार परिचालकों (एफबीओ) को उत्पादों के लेबल, पैकेजिंग और प्रचार सामग्री में '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल को बंद करने का निर्देश दिया था।



एमवे ने अपने उत्पाद के पैकेट से हटाया

एमवे इंडिया एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के एमवे पर्सोना 100 प्रतिशत शुद्ध नारियल तेल के उत्पाद नाम में '100 प्रतिशत शुद्ध नारियल तेल' लिखा था। प्राधिकरण की कार्रवाई के बाद कंपनी ने बताया कि उसने उत्पाद के पैकेट और प्रचार सामग्री से स्वेच्छा से '100 प्रतिशत' शब्द हटाने का फैसला किया है।

क्रेडिट कार्ड यूजर सावधान!

46 पैसे के कर्ज पर लगा 1200 रुपए जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्रेडिट कार्ड को लाखों लोगों के द्वारा यूज किया जा रहा है, लेकिन इसके इस्तेमाल में काफी सावधानी बरतनी होती है। इस बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें 46 पैसे नहीं चुकाने पर 1200 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भाजपा नेता डॉ. समीर कागलकर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर दावा किया कि ▶▶ शेष पेज 7 पर

अब हटा दी गई है पोस्ट

समीर कागलकर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से इस पोस्ट को 18 अगस्त शाम 6 बजकर 27 मिनट पर किया था। इसपर करीब 52 लाख से अधिक व्यू आ चुके थे। 24 हजार लोगों ने इस पोस्ट को लाइक किया था, वहीं 1800 लोगों में अपनी-अपनी टिप्पणी भी की थी। इस बीच अब इस पोस्ट को हटा दिया गया है। 19 अगस्त को साढ़े तीन बजे तक यह पोस्ट दिख रही थी, लेकिन उसके बाद यह डिलीट कर दी गई है।



चिंतन

बदलते भारत ने बदला अमेरिका का नजरिया

कश्मीर को लेकर अब दुनिया का नजरिया बदलने लगा है। इसे समझने के लिए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का जम्मू-कश्मीर दौरा अहम है। आर्टिकल-370 हटने के बाद किसी अमेरिकी राजदूत का कश्मीर में पहला आधिकारिक दौरा और इस दौरान जम्मू-कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा बताना महज एक औपचारिक बयान नहीं है, बल्कि यह उस बदलते भारत की तस्वीर है जो अब आंखों में आंखें डालकर बात करता है और दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। बता दें कि इससे पहले अमेरिका पाक समर्थित बयान देता आया है और शुरुआती दशकों में अमेरिका जम्मू-कश्मीर को एक 'विवादित क्षेत्र' और भारत-पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय या त्रिपक्षीय राजनीतिक समस्या के रूप में देखता रहा है। अब सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अमेरिकी राजदूत ने कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की भी तारीफ की। उन्होंने माना कि नई दिल्ली और स्थानीय सरकार ने सुरक्षा के लिए काफी काम किया है। अमेरिका अपने नागरिकों के लिए जारी ट्रैवल एडवाइजरी में इस स्थिति को ध्यान में रखेगा, यह संकेत भी अपने आप में अहम है। कश्मीर की कहानी लंबे समय तक आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा और अशांति के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 1989 के बाद घाटी में शुरू हुई हिंसा ने न केवल स्थानीय जीवन को प्रभावित किया, बल्कि दुनिया के सामने कश्मीर की एक ऐसी छवि बनाई, जिसमें सामान्य जिंदगी और विकास पीछे छूट गए। विदेशी सरकारों ने भी अपने नागरिकों को यहां यात्रा न करने की सलाह दी। अमेरिका की लेवल-4 ट्रैवल एडवाइजरी इसी लंबे सुरक्षा संकट की अंतरराष्ट्रीय अभिव्यक्ति रही है। पिछले कुछ वर्षों में तस्वीर बदलने की कोशिश स्पष्ट दिखाई देती है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ पर्यटन, निवेश, आधारभूत ढांचे और लोकतांत्रिक गतिविधियों पर जोर बढ़ा है। ऐसे में किसी बड़े देश के राजदूत का कश्मीर पहुंचकर स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। यह दौरा भारत की कूटनीतिक सफलता के लिहाज से भी अहम है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न हिस्सा है और यहां की स्थिति को बाहरी नजरिए से नहीं, बल्कि जमीनी वास्तविकताओं के आधार पर समझा जाना चाहिए। कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला का यह कहना कि बातचीत में जम्मू-कश्मीर से जुड़े पुराने मुद्दों पर भी चर्चा हुई, बताता है कि कश्मीर की कहानी केवल केंद्र और विदेशी सरकारों के बीच कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं है। स्थानीय सरकार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। यदि सुरक्षा के साथ राजनीतिक संवाद और विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो बदलाव अधिक टिकाऊ होगा। अब अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में बदलाव इस बदलती तस्वीर की अगली बड़ी परीक्षा हो सकती है। यदि भविष्य में अमेरिका अपने नागरिकों के लिए कश्मीर को लेकर चेतावनी का स्तर कम करता है, तो इससे पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय धारणा दोनों को सकारात्मक बल मिलेगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि सुरक्षा और सामान्य स्थिति को लगातार बनाए रखा जाए। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि बदलते भारत ने दुनिया को नजरिया बदलने का कारण दिया है और गोर का दौरा इसका महत्वपूर्ण संकेत है। भारत के लिए अब चुनौती केवल यह साबित करना नहीं है कि कश्मीर बदल गया है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह बदलाव स्थायी, समावेशी और दिखाई देने वाला हो, तभी बदलते भारत की तस्वीर दुनिया की नजरों में पूरी तरह मजबूत होगी।



आत्मनिर्भरता

महेन्द्र तिवारी

रक्षा क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है। इसका लक्ष्य ऐसा मजबूत राष्ट्रीय रक्षा औद्योगिक तंत्र तैयार करना होना चाहिए जो सेना की जरूरतों को समय पर पूरा करे, नई तकनीक विकसित करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को अवसर प्रदान करे और भारत को विश्व के रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित करे। यदि नीति, उद्योग, अनुसंधान और सैन्य जरूरतों के बीच प्रभावी तालमेल बना रहा तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

भारत की रक्षा नीति इन दिनों एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, जिसमें लक्ष्य केवल विदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद करना नहीं, बल्कि उनके निर्माण की पूरी व्यवस्था को देश के भीतर विकसित करना है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है। सूची में भारतीय तटरक्षक बल से संबंधित 16 वस्तुएं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित 389 वस्तुएं शामिल हैं।

यह निर्णय भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पहली दृष्टि में 405 वस्तुओं की संख्या सामान्य लग सकती है, लेकिन इस सूची का वास्तविक महत्व इसकी संख्या से कहीं अधिक है। इसमें केवल बड़े हथियार या सैन्य वाहन शामिल नहीं हैं, बल्कि उनके लिए आवश्यक उपप्रणालियां, कलपुर्जे, अतिरिक्त पुर्जे, उपसंयोजन और कच्चा माल भी शामिल हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत अब रक्षा आत्मनिर्भरता को केवल लड़ाकू विमान, टैंक, हेलीकॉप्टर या युद्धपोत बनाने तक सीमित नहीं रखना चाहता। उसकी कोशिश उन छोटी से छोटी वस्तुओं को भी देश में बनाने की है, जिनकी उपलब्धता किसी बड़े सैन्य उपकरण के संचालन के लिए अनिवार्य होती है। नई सूची में उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, हल्के उपयोगिता हेलीकॉप्टर, सुखोई 30 मार्क-I, हल्के लड़ाकू विमान और एएल 31 एफपी इंजन जैसे वायु मंचों से जुड़ी वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा टी-72, टी-90 और बीएमपी-2 जैसे बख्तरबंद सैन्य मंचों से संबंधित सामग्री भी सूची में है। युद्धपोतों, मिसाइल प्रणालियों, रडार, सोनार, अग्नि नियंत्रण प्रणाली और उपग्रह संचार जैसी महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों से जुड़ी वस्तुओं को भी स्वदेशीकरण के दायरे में लाया गया है। उच्च विस्फोटक टैंक रोधी गोला बारूद तथा अन्य महत्वपूर्ण रक्षा उपकरण भी इसका हिस्सा हैं।

इस निर्णय को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि आधुनिक युद्ध केवल बड़े हथियारों से नहीं लड़ा जाता। किसी लड़ाकू विमान की क्षमता उसके इंजन के साथ साथ उसके रडार, संचार उपकरण, नियंत्रण प्रणाली और अनेक छोटे कलपुर्जों पर निर्भर करती है। इसी तरह टैंक केवल उसके मुख्य हथियार से प्रभावी नहीं होता, बल्कि उसकी दृष्टि प्रणाली, संचार व्यवस्था, इंजन, सुरक्षा उपकरण और अनेक अन्य प्रणालियां उसके युद्धक प्रदर्शन को निर्धारित करती हैं। यदि इन महत्वपूर्ण हिस्सों में से किसी एक की आपूर्ति विदेश से रुक जाए तो पूरा सैन्य मंच प्रभावित हो सकता है। इसलिए वास्तविक रक्षा आत्मनिर्भरता का अर्थ हथियारों के साथ उनकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। यही कारण है कि नई सूची भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। युद्ध जैसी आपात स्थिति में किसी देश की सैन्य शक्ति केवल उसके पास मौजूद हथियारों की संख्या से तय नहीं होती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह अपने हथियारों को कितने लंबे समय तक सक्रिय रख सकता है। यदि किसी महत्वपूर्ण पुर्जे के लिए विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता बनी रहे तो युद्ध की स्थिति में सैन्य



तैयारी प्रभावित हो सकती है। स्वदेशी उत्पादन ऐसी निर्भरता को कम करता है और सेना को आवश्यक सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता करता है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय उद्योग के लिए खुलने वाला नया बाजार है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार नई सूची में शामिल प्रत्येक वस्तु के स्वदेशीकरण के लिए एक सांकेतिक समयसीमा तय की गई है। स्वदेशी विकास सफल होने के बाद इन वस्तुओं की खरीद भारतीय उद्योग से की जाएगी। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और भारतीय तटरक्षक बल उद्योग की भागीदारी के साथ विभिन्न माध्यमों से इन वस्तुओं के स्वदेशीकरण का कार्य करेंगे। इसमें छोटे और मध्यम उद्योगों की भागीदारी को महत्व दिया गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह अवसर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि रक्षा क्षेत्र में प्रवेश करना लंबे समय तक कठिन माना जाता रहा है। रक्षा उपकरणों की जटिल तकनीक, कठोर गुणवत्ता मानक और सीमित बाजार के कारण छोटी कंपनियों के लिए इस क्षेत्र में निवेश करना जोखिमपूर्ण रहा है। यदि सरकार और रक्षा सार्वजनिक उपक्रम पहले से यह स्पष्ट कर दें कि किन वस्तुओं की खरीद देश के भीतर से की जाएगी, तो उद्योगों को उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए अधिक निश्चितता मिलती है। इससे निजी निवेश बढ़ सकता है और नई तकनीक विकसित करने की प्रक्रिया को गति मिल सकती है। इस दिशा में सृजन रक्षा पोर्टल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों और सेवा मुख्यालयों द्वारा आवश्यक रक्षा सामग्री को देश के उद्योगों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों तथा नवोदित कंपनियों के सामने रखना है, ताकि उनका स्वदेशी विकास और उत्पादन किया जा सके। जून 2026 तक इस पोर्टल के माध्यम से 33,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं को स्वदेशीकरण के लिए उद्योगों के सामने उपलब्ध कराया जा चुका था। हालांकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की राह चुनौतियों से मुक्त नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती गुणवत्ता की है। सामान्य औद्योगिक उत्पाद और सैन्य उपकरण एक समान नहीं होते। रक्षा क्षेत्र में किसी छोटे पुर्जे की खराबी भी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। इसलिए भारतीय कंपनियों को केवल कम लागत में वस्तु बनाने की क्षमता विकसित करने के बजाय उच्च विश्वसनीयता और कठोर परिस्थितियों में लगातार काम करने की क्षमता विकसित करनी होगी। दूसरी चुनौती अनुसंधान और विकास की है।

यदि भारत केवल विदेशों में विकसित तकनीक की नकल करके पुर्जे बनाने तक सीमित रहता है तो इसे वास्तविक आत्मनिर्भरता नहीं कहा जा सकता। असली आत्मनिर्भरता तब होगी जब भारतीय वैज्ञानिक, अभियंता, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान और उद्योग मिलकर नई तकनीक विकसित करेंगे। रक्षा क्षेत्र में भविष्य की प्रतिस्पर्धा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित प्रणालियों, उन्नत सामग्री, अंतरिक्ष तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और अत्याधुनिक सेंसर जैसी तकनीकों पर अधिक निर्भर होगी,इसलिए स्वदेशीकरण को अनुसंधान से जोड़ना आवश्यक है। रक्षा आत्मनिर्भरता का अंतिम लक्ष्य आयात के आंकड़े घटाना भर नहीं होना चाहिए। इसका लक्ष्य ऐसा मजबूत राष्ट्रीय रक्षा औद्योगिक तंत्र तैयार करना होना चाहिए जो सेना की जरूरतों को समय पर पूरा करे, नई तकनीक विकसित करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को अवसर प्रदान करे और भारत को विश्व के रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित करे। यदि नीति, उद्योग, अनुसंधान और सैन्य जरूरतों के बीच प्रभावी तालमेल बना रहा तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। यह भारत के औद्योगिक विकास, तकनीकी क्षमता, रोजगार और सामरिक स्वायत्तता को भी नई गति दे सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा

डॉ. मोनिका शर्मा



निलंबित करना काफी नहीं सख्त सजा से रुकेगी रैगिंग

बीते दिनों सूरत मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र ने वरिष्ठ छात्रों द्वारा की जा रही रैगिंग से तंग आकर आत्महत्या कर ली। प्रथम वर्ष के नौ रेजिडेंट डॉक्टरों और आत्महत्या करने वाले छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई के तहत चार रेजिडेंट डॉक्टरों को अनुशासनहीनता और गंभीर लापरवाही के कारण छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। छात्रों द्वारा लिखित शिकायत में चारों रेजिडेंट डॉक्टरों पर मानसिक उत्पीड़न, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाने के बाद कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने यह कार्रवाई की है। सवाल यह है कि किसी परिवार के सपने उजाड़ने और एक युवक को जिंदगी से हारने की मनः स्थिति तक लाने वालों के लिए यह सजा काफी है? क्या गिनती के महीनों के लिए निलंबन भर की सजा से विद्यार्थियों का मनोबल तोड़ने वाली पीड़ादायी घटनाओं की पुनरावृत्ति रुकेगी? अपने जूनियर छात्रों को अपमानित करने की बर्बर सोच और संवेदना शून्य व्यवहार वाले डॉक्टरों पर दंड का क्या ही असर होगा? सच तो यह है कि नाममात्र सजा मिलना ही इन घटनाओं के दोहराव का कारण है। विडम्बना ही है कि नए सत्र में परिचय और वरिष्ठता की हनक दिखाने के नाम पर रैगिंग की भयावह परम्परा हर साल कई विद्यार्थियों का जीवन लील जाती है। पहली बार घर से दूर गए बच्चों के लिए मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का कारण बनती है। स्कूलों से लेकर व्यावसायिक कॉलेजों तक, रैगिंग की बेहूदा घटनाओं आते रहते हैं। जबकि ऐसे वाकये भावी प्रतिभाओं को ही नहीं पूरे परिवार और समाज को आघात पहुंचाने वाले हैं। आखिर क्यों देश के हर हिस्से में स्कूल-कॉलेज आए नये बच्चे भय और चिंता झेलने को विवश हों? देखा जाए तो ऐसे किसी दस्तूर की ज़रूरत ही क्या है ? भविष्य बनाने के नये पड़ाव पर संस्थान के अपरिचित परिवेश में पहले ही भय से जूझ रहे का मनोबल तोड़ना कहां तक उचित है?

इन स्थितियों का नये बच्चों को संबल देने, सहज रहने के बजाय संस्थान का माहौल बिगाड़ने में ज्यादा योगदान है।बच्चों को पढ़ाई-लिखाई से ही विमुख करने वाली यह बर्बरता बहुत से बच्चों को आत्महत्या करने की कगार पर ले जाती है। बहुत से बच्चे तो भय के परिवेश में पढ़ाई तक छोड़ देते हैं। वस्तुतः, शारीरिक पीड़ा पहुंचाने वाला यह दुर्व्यवहार बच्चों को मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से भी गहराई से प्रभावित करता है। कहना गलता नहीं होगा कि शोषण की मानसिकता लिए यह बर्ताव पीड़ित बच्चों के मानवाधिकारों का हनन ही है। बावजूद इसके कनिष्ठ विद्यार्थियों को निर्वस्त्र करना, यौन उत्पीड़न, घृणित स्तर का मजाक, अपशब्द कहना और जबरन नशा करवाना तक अब रैगिंग का हिस्सा बन गए हैं। जीवन तक छीन लेने वाले इस बर्बर बर्ताव में सीनियर छात्र अपनी हनक दिखने के नाम पर निम्नतम स्तर की विकृत मानसिकता का परिचय देने लगे हैं। बावजूद इसके कारवाई के नाम पर सस्पेंड भर करने की खाना पूर्ति इनका दुस्साहस बढ़ाती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष 2001 से ही रैगिंग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भी कई नियम लागू किए गए हैं। यूजीसी द्वारा कॉलेजों में रैगिंग रोकने के लिए विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को लिखे पत्र में कहा चुका है कि प्रॉस्पेक्टस पर रैगिंग रोकने के नियमों और उससे जुड़े कानूनों को भी प्रकाशित करवाएं। कुछ साल पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी स्कूलों में रैगिंग के बढ़ते मामलों और खतरों को देखते हुए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे।ध्यातव्य है कि यूजीसी एंटी-रैगिंग रेगुलेशन-2009 देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होता है। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, केरल जैसे राज्यों ने अलग से कानून बनाया हुआ है। बावजूद इसके शिकायतों के आंकड़े बढ़ रहे हैं। नेशनल एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को देखें तो 2021 के मुकाबले 2025 में रैगिंग से संबन्धित शिकायतें दोगुनी हो गई हैं। संसद में पेश किए गए शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार साल 2022 से लेकर 2025 तक उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं 51.64 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह हाल तब है जब बहुत से विद्यार्थी भय के कारण शिकायत करने का साहस भी नहीं जुटा पाते। असल में नियम-क़ानूनों के बावजूद सख्त सजा न मिलने के कारण ही ऐसी बर्बर घटनाओं का होना जारी है। ऐसे मामलों में लिप्त लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी आवश्यक है। रैगिंग की हर घटना में ही दूसरों का भविष्य बिगाड़ती अमानवीय सोच रखने वालों के अपने भविष्य से जुड़ी सहज स्थितियां हर हाल में कायम रहती हैं।यही बात इस दुर्व्यवहार से जुड़े दुस्साहस को बढ़ाती है ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

जिसका भी मनोबल जागा



संकलित

प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उस पर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

अंतर्मन



आज की पाती

बेरोजगार युवा कीमती समय बर्बाद न करें

शिक्षा का मकसद केवल अफसर या बाबू बनने का सपना ही नहीं होना चाहिए। शिक्षा का मकसद विद्यार्थियों को हर उस काम के लिए तैयार करना भी होना चाहिए जिससे वो किसी भी काम को छोटा समझकर अपने रोजगार के अवसर को ठुकरा न दें और बाबू या अफसर बनने के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद न कर दें। इसमें कोई बुरी बात नहीं है कि बड़े-बड़े सपने न देखे जाएं। हर मां-बाप और विद्यार्थियों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा और इस पर भारी खर्च करके कोई उच्च कोटि की नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह हमारे देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी की लाइन लंबी होती जा रही है, उसके लिए जरूरी हो गया है कि युवा रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दें। – *मदन साहू, बिलासपुर*

ट्रेंड

पदों की संख्या कम



हम आईएएस, आईएफएस और आईपीएस पदों की संख्या कम कर रहे हैं। योजनाओं को ठीक से लागू करने के लिए जितने की ज़रूरत होगी, उतने ही रखे जाएँगे। इससे राज्य के लगभग 200 करोड़ रुपये बचेंगे।
-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

रिपोर्ट पर कार्रवाई



हमने सदन में कैग की 19 रिपोर्ट पेश कीं, जिनमें से हर एक में केजरीवाल सरकार के समय हुए किसी न किसी घोटाले का ज़िक्र था। इन सभी रिपोर्ट पर कार्रवाई चल रही है। सत्येंद्र जैन ने जल बोर्ड में घोटाला किया था, इसी वजह से वे जेल गए हैं। कार्रवाई जारी है और एजेंसियां अपना काम कर रही हैं।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

अमित शाह का दबाव



गिरफ़्तारी तब की जाती है जब पुलिस को किसी व्यक्ति से पूछताछ करनी हो। पुलिस ने सत्येंद्र जैन को हिरासत में नहीं लिया। इसका मतलब है कि सत्येंद्र से पूछताछ की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्हें सिर्फ़अमित शाह के दबाव में गिरफ़्तार किया गया है।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

ऊर्जा का स्रोत



गुस्सा भले ही ऊर्जा का स्रोत लगे, लेकिन यह अंधा होता है। इसके कारण हम अपना संयम खो बैठते हैं। नकारात्मक भावनाएं, जो अक्सर अचानक उठने वाली इच्छा से पैदा होती हैं, उन्हें तर्क से सही नहीं ठहराया जा सकता।
- **दलाई लामा,** आध्यात्मिक गुरु

करंट अफेयर

अंतरिक्ष यात्रियों ने खराब आईएसएस एंटीना हटाया



भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और उनकी फ्रांसीसी साथी सोफी एडेनॉट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का 'स्पेस-टू-ग्राउंड' एंटीना को बदलने का काम निर्धारित समय में पूरा नहीं कर सके। अब यह काम भविष्य में अंतरिक्ष की एक अन्य चहलकदमी के दौरान पूरा किया जाएगा। छह घंटे 23 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने खराब हो चुके एंटीना को सफलतापूर्वक हटाकर सुरक्षित स्थान पर रख दिया। भारत में केरल से ताल्लुक रखने वाले मेनन के लिए यह अंतरिक्ष में चहकदमी का दूसरा मौका था। वहीं, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़ी सोफी इस अभियान के तहत अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाली पहली फ्रांसीसी महिला बन गईं। अंतरिक्ष यात्रियों को दो काम करने थे- खराब एंटीना को हटाना और उसकी जगह नया एंटीना लगाना। हालांकि, पावर और डेटा कनेक्टर को निकालने, एंटीना के जिम्बल असेंबली में लॉकिंग पिन लगाने और उसे उसके बूम से अलग करने में अपेक्षा से अधिक समय लग गया। एंटीना को उसके बूम से हटाते समय अंतरिक्ष यात्रियों को 'रैचेट रिंच' से अतिरिक्त प्रयास करते हुए देखा गया।

ऑफ बीट

आपकी माफी किस तरह प्रभावशाली हो सकती है



जब आप किसी से माफी मांगते हैं तो कई बार ऐसे सही शब्द खोज पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे सामने वाले को लगे कि वाकई आप क्षमा मांग रहे हैं। लेकिन ऐसे कुछ भाषाई तरीके हैं जिनका इस्तेमाल करके आप अपना सटीक संदेश प्रभावशाली तरीके से दे सकते हैं। हम जो शब्द चुनते हैं उनकी लंबाई इस बात को प्रभावित करती है कि माफी कितनी ईमानदार से मांगी जा रही है। क्षमा को अक्सर 'हल्की बात' के रूप में वर्णित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति 'सॉरी' बोल देता है, भले ही वह वास्तव में कैसा भी महसूस करता हो। लेकिन माफी काम भी करती है। शोध से पता चलता है कि अगर कोई व्यक्ति माफी मांगता है तो लोग बेहतर महसूस करते हैं और इस बात की संभावना अधिक होती है कि वे माफी मांगने वाले के साथ फिर से सहयोग करें। माफी को अधिक प्रेरक बनाने का एक तरीका इसे महंगा बनाना है। जब क्षमाप्रार्थी लोग पैसे, प्रयास या समय खर्च करने के रूप में लागत वहन करने को तैयार होते हैं, तो उनकी माफी को बेहतर तरीके से स्वीकार किया जाता है। साल 2009 के एक अध्ययन में पाया गया कि लोग उस तरह की माफी से अधिक आश्वस्त होते हैं जिसके लिए क्षमा मांगने वाले को पैसे खर्च करने पड़ते हैं, न कि उन माफी से जो बिना किसी लागत के दी जा सकती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



महाकाली में असुर गुरु शुक्राचार्य बन छाए अक्षय

मुंबई। अभिनेता अक्षय खन्ना पौराणिक फिल्म 'महाकाली' से अपना तेलुगु डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में असुर गुरु 'शुक्राचार्य' के रूप में उनका खौफनाक लुक सामने आया है, जिसकी पहली झलक 24 अगस्त को रिलीज होगी। हनु-मान की जबरदस्त सफलता के बाद प्रशांत वर्मा अपने अगले अध्याय के साथ दर्शकों को एक नई दुनिया में ले जाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में आरकेडी स्टूडियोज ने एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि वह 24 अगस्त को महाकाली से अक्षय खन्ना का शुक्राचार्य के रूप में उनका दिलचस्प अवतार पेश करने वाले हैं।

लाइफ Style

यामी

नई नवेली की बनेंगी डायन

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म का बुधवार को ऐलान किया गया है। फिल्म का नाम है- 'नई नवेली'। यह एक फैमिली एंटरटेनमेंट फिल्म होगी, जो इस साल दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में लगेगी। इस फिल्म को आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं।

निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और कलर येल्लो ने भारत की अपनी फैंटेसी फैमिली एंटरटेनमेंट फिल्म 'नई नवेली' की घोषणा की है। यह मनोरंजन की खुराक देगी। त्योहार के सीजन में दर्शक इसे देखने के लिए परिवार के साथ सिनेमाघरों का रुख कर सकते हैं। फिल्म 'नई नवेली' 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें यामी गौतम लाल रंग की साड़ी में सज-संवरकर नजर आ रही हैं। सोने के गहने पहने हैं। हंसती मुस्कुराती हुई वे किसी भूतिया शख्स के गले में दुपट्टा फंसाकर खींच रही हैं और वह चीख रहा है। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'नई नवेली दुल्हन डायन'। इसी के साथ पोस्टर पर लिखा है, 'भाभी डायन है'। इस दशहरा फैंटेसी एंटरटेनर के लिए तैयार रहिए। 'नई नवेली' फिल्म में जी. वी. प्रकाश कुमार का संगीत है। यह दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां असाधारण घटनाएं घटती हैं और वह पारिवारिक उथल-पुथल से टकराती हैं। इस कड़ी में कई दिलचस्प और अप्रत्याशित मोड़ आते हैं।



हॉलीवुड मसाला



शुरू होगी फास्ट फॉरएवर की शूटिंग

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी और लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें विन डीजल स्टारर फास्ट एंड फ्यूरियस का नाम जरूर शामिल होगा। पिछले 25 सालों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली ये मूवी फ्रेंचाइजी अपने आखिरी पार्ट की तरफ बढ़ चली है, जिसका नाम फास्ट फॉरएवर है। विन डीजल की फास्ट एंड फ्यूरियस एक एक्शन और रोमांच से भरपूर फिल्म फ्रेंचाइजी रही है, जिसको लेकर न सिर्फ विदेश बल्कि भारतीय सिनेप्रेमियों में भी जबरदस्त क्रेज नजर आता है।



एमटीवी म्यूजिक अवार्ड के नॉमिनेशन का ऐलान

लॉस एंजिल्स। 2026 एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स के नॉमिनेशन का ऐलान हो गया है। इसमें पॉप आइकन मैडोना 11 वोटों के साथ सबसे आगे हैं। मैडोना के ठीक बाद टेलर स्विफ्ट नौ वोटों के साथ दूसरे नंबर पर है। इसी तरह से एरियाना ग्रांडे और सबरीना कारपेंटर को सात-सात वोट मिले हैं। एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स इस साल लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में होने वाले हैं, यह नौ साल में पहली बार है जब यह शो वेस्ट कोस्ट पर होगा। इसे आखिरी बार 2017 में लॉस एंजिल्स से ब्रॉडकास्ट किया गया था और इसे कैटी पेरी ने होस्ट किया था। दो घंटे का यह शो 27 सितंबर को एयर होगा। होस्ट का नाम अभी नहीं बताया गया है। इस बीच, आर्टिस्ट ऑफ द ईयर के लिए मैडोना, टेलर स्विफ्ट, एरियाना ग्रांडे, कारपेंटर, मार्स और मॉर्गन वॉलन जैसे लोग मुकाबला करेंगे।



महाकाव्य श्रीरामायण में निभाएंगी भूमिका

मुंबई। फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का पहला पोस्टर और टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस टीजर में कच्चा बादाम फेम गर्ल अंजलि अरोड़ा भी नजर आईं। इन दिनों राम कथा पर कई फिल्में बन रही हैं। इस फिल्म के जरिए अंजलि अपना एक्टिंग डेब्यू भी रही हैं। फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के टीजर में राम और सीता विवाह, वनवास यात्रा और रावण की झलक भी मिली है। इस फिल्म में अंजलि माता सीता के रूप में नजर आएंगी। वहीं देव शर्मा भगवान राम का किरदार निभाएंगे। महोबिया फिल्म्स के प्रोडक्शन तले बनी इस फिल्म को प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने प्रोड्यूस किया है। अजय कनौजिया की कंपनी एजे फिल्म एंटरटेनमेंट वर्ल्ड ने इसे पेश किया है। इसके डायरेक्टर अभिषेक सिंह हैं। यह फिल्म हिंदी के अलावा छत्तीसगढ़ी भाषा में भी रिलीज होगी।



आशा फॉरवर वीडियो के होंगे हिस्सा

मुंबई। 'आशा फॉरेवर' नाम का यह म्यूजिक वीडियो रहमान के लिए बहुत खास है। उन्होंने इसे बनाने का प्लान तब सोचा था, जब गायिका आशा भोसले जी जिंदा थीं। अब उनके गुजर जाने के बाद इस म्यूजिक वीडियो पर रहमान काम कर रहे हैं। संगीतकार रहमान दिवंगत गायिका आशा के लिए एक ट्रिब्यूट म्यूजिक वीडियो को रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ए.आर. रहमान ने घोषणा की थी कि शाहरुख खान दिवंगत गायिका आशा के आगामी ट्रिब्यूट म्यूजिक वीडियो का हिस्सा होंगे। शाहरुख के बाद सलमान खान भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। यह जानकारी रहमान ने ही एक्स (ट्विटर) पर साझा की है। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'आशा भोसले जी के लिए बनाए गए ट्रिब्यूट म्यूजिक वीडियो का हिस्सा बनने के लिए सलमान का दिल से शुक्रिया।'

'मेरा कुछ सामान' गाना लिखकर पहुंचे गुलजार तो भड़क गए थे पंचम दा

नई दिल्ली। रुमानी आवाज के मालिक गुलजार साहब अपने दशकों लंबे कॅरियर में ढेरों गजलें, नज्म और गाने लिखे, जो हमेशा के लिए यादगार बन गए। अपने कॅरियर में उन्होंने करीब 36 अवॉर्ड्स जीते। अपने नाम के मुताबिक ही उन्होंने अपने नाम और प्रतिभा से पूरी दुनिया को गुलजार कर दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक ऐसे अनमोल नगीने अपने शब्दों से पिरोकर बनाए, जिनमें संगीत ने जान भर दी। लेकिन, गुलजार साहब का एक गाना ऐसा रहा, जिसने पंचम दा यानी आरडी बर्मन के भी होश उड़ा दिए थे। जो पंचम दा पानी और खाली बर्तनों से भी म्यूजिक निकाल लेते थे और उसी हिसाब से गाना भी गा देते थे, उन्हें गुलजार साहब का लिखा वह गाना समझ नहीं आया। वह उसके लिए कोई ट्यून ही नहीं खोज पाए, जिसके कारण भड़क गए। हालांकि, बाद में कुछ ऐसा हुआ कि पंचम दा ने वो गाना 15 मिनट में ही तैयार कर दिया और इसने दो नेशनल अवॉर्ड्स जीते थे।



पंचम दा और गुलजार के गाने

मुसाफिर हूं यारों
तेरा बिना जिया जाए ना
तुम आ गए हो नूर आ गया है
कतरा कतरा
मेरा कुछ सामान
तुझसे नाराज नहीं जिंदगी
आने वाला पल जाने वाला है

इजाजत में शामिल किया गया था

यह गाना था 'मेरा कुछ सामान', जो साल 1987 में आई फिल्म 'इजाजत' में शामिल किया गया था। फिल्म को गुलजार साहब ने डायरेक्ट किया था और 'मेरा कुछ सामान' गाना भी उन्होंने ही लिखा था। गुलजार साहब ने यह गाना फ्री वर्स में लिखा था। फिल्म में यह गाना उस कविता से प्रेरित है, जिसे माया ने अपने पुराने प्रेमी महिंदर के लिए एक चिट्ठी में लिखकर छोड़ा था। उसमें उसने अपनी चीजें वापस मांगी थीं। लेकिन, महिंदर जैसे-जैसे कविता आगे पढ़ता है, उसे पता चलता है कि माया असल में कोई भौतिक चीजें वापस नहीं चाहती, बल्कि साथ बिताए पलों की यादें चाहती है।

तय नियम के मुताबिक नहीं लिखा था

इसी से क्यू लेकर गुलजार साहब ने 'मेरा कुछ सामान' गाना लिखा और पंचम दा के पास पहुंच गए। पंचम दा ने लाइनें पढ़ीं तो वह भड़क गए और गुलजार साहब से बोले कि ये किस तरह का गाना है? कल तू कोई न्यूजपेपर उठाकर ले आएगा और कहेगा कि इसका गाना बना दो। पंचम दा का गुस्सा इसलिए था, क्योंकि गुलजार ने वह गाना किसी गाने के स्ट्रक्चर या तय नियम के मुताबिक नहीं लिखा था। उसमें कोई लय भी नहीं था। पढ़ते ही ऐसा लग रहा था जैसे किसी न्यूजपेपर में छपा आर्टिकल हो या फिर सामान की कोई लिस्ट।

'मेरा कुछ सामान' को मिले थे 2 नेशनल अवॉर्ड : *'मेरा कुछ सामान' के लिए आशा भोसले ने बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का नेशनल अवॉर्ड जीता था। वहीं, गुलजार ने बेस्ट लिरिक्स का नेशनल अवॉर्ड जीता था। साथ ही गुलजार ने फिल्मफेयर का बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्ड भी जीता था।*

एक कोने में बैठ गए थे गुलजार

यह बात आशा भोसले ने भी एक इंटरव्यू में बताई थी। उन्होंने बताया था कि पंचम दा को जब गाना दिखाया गया तो उन्होंने इसे फेंक दिया था और इसे 'टाइम्स ऑफ इंडिया' अखबार बताया था। यह देख गुलजार सकपका गए थे और एक कोने में बैठ गए थे। तब आशा भोसले वहीं पर बैठी थीं। उन्होंने लिखे गाने का वो पेपर उठाया और गुनगुनाना शुरू कर दिया। पंचम दा हैरानी से आशा भोसले को देखते रह गए। उन्हें पहले कोई धुन नहीं मिल रही थी, पर आशा भोसले को गाता देख 'मेरा कुछ सामान' गाने पर वह सुर अच्छा लगा। बस फिर क्या था। उन्होंने सिर्फ 15 मिनट में उस गाने की धुन तैयार कर दी।

ठंडे बस्ते में नहीं गई मीना कुमारी की बायोपिक



चमकीला और साइना फिल्मों की अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा भी अब वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं।

नई दिल्ली। *मीना कुमारी और कमाल अमरोही की प्रेम कहानी पर बनने वाली फिल्म 'कमाल और मीना' की घोषणा 2024 में हुई थी, लेकिन करीब दो साल बाद भी फिल्म शुरू नहीं हो सकी है। इसके निर्माता सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा हैं, हाल ही में सिद्धार्थ ने कुछ ऐसा बताया है, जिसने इस बात की तरफ इशारा मिलता है कि उनकी आने वाली फिल्म कमाल और मीना ठंडे बस्ते में नहीं गई है। हाल ही में सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने इस बात का खुलासा किया है कि मीना कुमारी की बायोपिक से पहले वह परिणीत चोपड़ा स्टारर वेब सीरीज शक पर फोकस कर रहे हैं। अमर सिंह*

E-Auction
Auction Date: 26.08.2026
at 3.30 pm to 4.00 pm
on Behalf of the insured
Sale of partially wet seeds of grains and vegetables
Quantity: 35-40 MT,
Location: Bilaspur
Inspection date:
20.08.2026 to 25.08.2026
Contact : Rohit : 8251990018
Email: apt.srk@gmail.com, salvage@aptsurveyors.com
Please send **WhatsApp** message for form and terms and conditions.

17 सालों से दूल्हा-दुल्हन का है फेवरेट गाना



नई दिल्ली। टीवी सीरियल के न सिर्फ किरदार मशहूर होते हैं, बल्कि कई शोज तो ऐसे हैं, जिनके गाने ऑडियंस के दिल में बसे हुए हैं। पिछले 17 सालों से टीवी पर राज कर रहे एक ऐसे ही शो के बारे में हम आपको बता रहे हैं। शो का टाइटल ट्रैक तो मशहूर है ही, लेकिन इसी के साथ सीरियल में एक ऐसा गाना भी फिल्माया गया, जो आज तक शादियों की आन-बान और शान बना हुआ है। गाने के लिरिक्स हैं 'दिल से बंधी एक डोर, जो दूर तक जाती है।' यह गाना राजन शाही के शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का था, जिसे पमेला जैन और कविता राम ने गाया था और नवीन मनीष ने इसका संगीत दिया था। दरअसल, जब हिना खान बिग बॉस सीजन 11 में आई थीं, तो उस दौरान ही अचानक बजा था। ये गाना सुनकर हिना काफी इमोशनल हो गईं। उन्होंने साथ में बैठे हुए एक कंटेस्टेंट को बताया कि ये गाना उनके शो ये रिश्ता क्या कहलाता है का है, जो शादियों में बजता है। उन्होंने ये भी बताया कि उनके शो का ये गाना जयपुर और राजस्थान की शादियों में बजता है। बिग बॉस 11 में अपने को-कंटेस्टेंट को कल्ट शो के बारे में बताते हुए हिना खान काफी इमोशनल हो गईं। ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शोज में से एक हैं।

पहली बार साथ नजर आएंगे कियारा और सैफ, कनिका करेंगी निर्देशन

मुंबई। बॉलीवुड फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सैफ अली खान और कियारा आडवाणी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। कियारा और सैफ अली खान दोनों एक्टर्स इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। अब खबरें सामने आ रही हैं कि दोनों एक इंटेंस थ्रिलर फिल्म में स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। जानिए क्या है पूरा मामला। खास बात यह है कि इस फिल्म से राइटर-प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लों बतौर डायरेक्टर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस अनटाइटल्ड फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट्स प्रोड्यूस कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म अभी डेवलपमेंट स्टेज में है। इसकी स्क्रिप्ट को खास तौर पर सैफ अली खान और कियारा आडवाणी को ध्यान में रखकर लिखा जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'सैफ और कियारा कनिका की अगली फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। यह सुपरनैचुरल एलिमेंट वाली एक इंटेंस थ्रिलर है और इसकी स्क्रिप्ट दोनों एक्टर्स को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। कनिका, एक्सेल एंटरटेनमेंट्स और राइटिंग टीम काफी समय से इस कहानी पर काम कर रही है और अब मेकर्स इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। फिलहाल फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। स्क्रिप्ट पूरी तरह तैयार होने के बाद मेकर्स फिल्म से जुड़ी और जानकारी शेयर कर सकते हैं। कियारा आडवाणी की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाली हैं। वहीं, सैफ अली खान अगली बार फिल्म 'हैवान' में नजर आएंगे। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसे प्रियदर्शन ने लिखा और डायरेक्ट किया है।



ROOPJEEVAN HOSPITAL



मुंबई के सुप्रसिद्ध एवं भारत के पहले ट्रांसओरल रोबोटिक सर्जन के सहयोग से अब स्नोरिंग (खर्राटों) एवं स्लीप एपनिया का अत्याधुनिक उपचार रायपुर में

डॉ. विकास के. अग्रवाल
ईएनटी एवं स्लीप एपनिया विशेषज्ञ, मुंबई
MS (ENT), FCPS, DORL, MBBS
भारत के प्रथम रोबोटिक टंग बेस सर्जन

खर्राटे सिर्फ आवाज़ नहीं –
नज़रअंदाज़ करने पर बीपी, दिल की बीमारी और नींद में सांस रुकने का खतरा

क्या आपको ये समस्याएं हैं?
- तेज खर्राटे
- सुबह थकान महसूस होना
- दिनभर नींद आना
- रात में बार-बार नींद टूटना

हमारी विशेष सुविधाएं
- स्लीप स्टडी (PSG)
- CPAP थेरेपी
- बिना बड़े ऑपरेशन की खर्राटों की सर्जरी
- ऑनलाइन परामर्श

देर न करें, आज ही अपॉइंटमेंट लें
8269390513
SCAN TO KNOW MORE
RoopJeevan Hospital, एक्सप्रेसवे कॉरिडोर के पास, साईं नगर, देवेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.)



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

वीकनेस दूर करने के लिए रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट

मेरी उम्र 31 वर्ष है। कुछ दिन पहले मुझे डेंगू हुआ था। अभी भी काफी वीकनेस महसूस होती है। कृपया बताएं इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?

-परेश, महासमुंद



डेंगू जैसी बीमारियों में कुछ लोगों को लंबे समय तक इस तरह की परेशानी होती है। इसके लिए आप सबसे पहले अपनी डाइट पर ध्यान दें। साथ में अधिक श्रम वाले काम ना करें। बेहतर होगा कि जितना ज्यादा आराम कर सकते हैं, उतना करें। इससे आपकी रिकवरी जल्दी होगी। डॉक्टर से संपर्क कर आप मल्टीविटामिन की दवा जरूर ले सकते हैं।

मेरी उम्र 54 वर्ष है। मौसम में ठंडा-गर्म होने पर मेरे जोड़ों, खासकर घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठने-बैठने या चलने-फिरने पर यह दर्द और भी बढ़ जाता है। इससे राहत के लिए क्या करना चाहिए?

-गिरीश, रोहतक

घुटनों में दर्द के कई कारण हो सकते हैं, उसमें से एक उम्र भी है, क्योंकि आपकी उम्र अधिक है। इसका इलाज स्थाई रूप में नियमित एक्सरसाइज ही है। दवा से आपको कुछ समय के लिए राहत मिल सकती है। इसके अलावा आपको कैल्शियम, विटामिन डी की जांच जरूर कर लेनी चाहिए। ज्यादा परेशानी होने पर आप डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

मेरी उम्र 37 वर्ष है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या फैमिली हिस्ट्री होने पर डायबिटीज होने के चांस ज्यादा होते हैं? प्लीज बताएं किस तरह की सावधानी बरतकर इससे बचा जा सकता है?

-प्रवीण, बिलासपुर

हां यह बात सही है कि फैमिली हिस्ट्री होने वाले को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह बीमारी आपको जरूर होगी। आपको खान-पान पर खास सावधानी बरतनी होगी। इसके अलावा फिजिकल वर्क जरूर करें। सुबह-शाम वॉक करें। साथ ही आप हर 6 महीने में एक बार शुगर की जांच जरूर कराते रहें। इससे आपको शुगर से बचने में मदद मिल सकती है।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरी हाइट पांच फीट पांच इंच है और वेट 101 किलो है। 6 महीने से जिम जा रहा हूं, प्रॉपर डाइट लेता हूं, लेकिन वेट कम नहीं हो रहा। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-एक पाठक, ईमेल से

निश्चित ही आपका वजन ज्यादा है। पर जैसा आप बता रहे हैं कि डाइट प्लान फॉलो कर रहे हैं, साथ ही जिम जा रहे हैं। इसके बावजूद वजन नहीं कम हो रहा है तो एक बार आपको अपने थायरॉइड की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। क्योंकि थायरॉइड की वजह से कई बार वजन बढ़ता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क करें और जांच कराएं।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। उमस भरी गर्मी में मेरी स्किन पर रैशेज हो जाते हैं। इसमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई उपचार बताएं।

-संचित, दुर्ग

उमस भरे मौसम में इस तरह की समस्याएं काफी लोगों में देखी जाती हैं। क्योंकि पसीना आता है और जल्दी सूख नहीं पाता है। जिससे इंफेक्शन हो जाता है और इचिंग के साथ रैशेज पड़ जाते हैं। इसके लिए आप इस बात पर ध्यान रखें कि जब भी पसीना आए तो घर वापस आकर प्रॉपर तरीके से उस हिस्से को पोछें और संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट से पोछें और फिर वह कपड़े चेंज करें। इस तरह बचाव करने से आपको राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 49 वर्ष है। दो महीने से मेरे पैरों में बहुत दर्द होता है। एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआई में सब नॉर्मल आया है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?

-ओमप्रकाश, हिसार

आपने सारी जांच करवा ली हैं पर कैल्शियम, विटामिन डी की भी जांच करानी चाहिए। आजकल शहरों में ज्यादातर लोगों में कैल्शियम, विटामिन डी और बी-12 की कमी पाई जाती है। इससे भी दर्द होता है। इसके साथ ही उम्र बढ़ाने के साथ कई बार जॉइंट में गैप बढ़ जाता है और यह परेशानी शुरू हो जाती है। इसके लिए आपको नियमित रूप में पैरों की एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। इससे आपको आगे भी राहत रहेगी। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

डॉक्टर्स एडवाइस

मानसून शुरू होने से लेकर मिड अगस्त तक दिल्ली समेत महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में स्वाइन फ्लू के लगभग डेढ़ हजार मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में इसे नॉर्मल सर्दी-जुकाम समझकर इग्नोर नहीं करना चाहिए। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं स्वाइन फ्लू होने के कारणों, लक्षणों, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

नॉर्मल सर्दी-जुकाम समझकर न करें स्वाइन फ्लू को इग्नोर





हाल के दिनों में मौसम में बदलाव, बारिश और बदलते तापमान के दौरान फ्लू के मामले बढ़ गए हैं। इन्हीं में से एक प्रकार है स्वाइन फ्लू, जिसे एच1एन1 फ्लू भी कहा जाता है। यह इन्फ्लुएंजा वायरस से होने वाला सांस की बीमारी का एक प्रकार है। इसमें शुरुआत में सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए कई लोग इसे मामूली समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, सिरदर्द, शरीर में दर्द और थकान इसके सामान्य लक्षण हो सकते हैं। लेकिन कुछ लोगों में यह संक्रमण गंभीर रूप भी ले सकता है, खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी बीमारी से जूझ रहे लोगों में। इसलिए लक्षणों को समझना और समय पर सावधानी बरतना जरूरी है।

क्या है स्वाइन फ्लू

रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर में कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, **डॉ. आमिर नदीम** के अनुसार, स्वाइन फ्लू मुख्य रूप से एच1एन1 इंफ्लूएंजा वायरस से होने वाला संक्रमण है, जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने या बात करने के दौरान निकलने वाली सांस या लार की बूंदों यानी ड्रॉपलेट्स के संपर्क में आने से फैल सकता है। संक्रमित व्यक्ति के बहुत करीब रहने या उसके द्वारा छुई गई चीजों को छूने के बाद बिना हाथ साफ किए चेहरे, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण का खतरा हो सकता है। यह जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण एक जैसे हों। कुछ लोगों में हल्के लक्षण होते हैं और वे कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं, जबकि कुछ मामलों में संक्रमण फेफड़ों तक पहुंचकर निमोनिया जैसी गंभीर समस्या पैदा कर सकता है।

स्वाइन फ्लू के प्रमुख लक्षण



स्वाइन फ्लू के लक्षण कई बार सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं। इसमें अचानक बुखार आना, खांसी, गले में खराश, नाक बहना या बंद होना, सिरदर्द, शरीर में दर्द और बहुत ज्यादा थकान महसूस होना शामिल है। कुछ लोगों को ठंड लगना, आंखों में पानी आना या आंखों में दर्द जैसी परेशानी भी हो सकती है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, भूख कम लगना या उल्टी-दस्त जैसे लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। अगर बुखार और खांसी लगातार बनी रहे, सांस लेने में परेशानी होने लगे या व्यक्ति की हालत तेजी से बिगड़ने लगे तो इसे सामान्य वायरल मानकर घर पर इलाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षणों में डॉक्टर से जांच और सलाह लेना जरूरी है।

कैसे फैलता है स्वाइन फ्लू

स्वाइन फ्लू संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से फैल सकता है। जब संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है तो वायरस वाली छोटी बूंदें आस-पास की हवा में फैल सकती हैं। इन्हें सांस के साथ अंदर लेने पर संक्रमण हो सकता है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के हाथ या इस्तेमाल की हुई वस्तुओं के संपर्क में आने के बाद बिना हाथ धोए आंख, नाक या मुंह छूने से भी वायरस शरीर में पहुंच सकता है। भीड़भाड़ वाली जगहों, बंद कमरों और संक्रमित व्यक्ति के बेहद करीब रहने पर संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए फ्लू के लक्षण होने पर दूसरों से थोड़ी दूरी बनाए रखना और खांसते या छींकते समय मुंह-नाक ढंकना जरूरी है।

कैसे करें बचाव

स्वाइन फ्लू से बचाव और इसके उपचार के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली की सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, **डॉ. प्रीतपाल कौर** बताती हैं, स्वाइन फ्लू से बचने के लिए सबसे पहले हाथों की साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। बाहर से आने के बाद और खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना बहुत जरूरी है। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को टिश्यू या कोहनी से ढंकें और इस्तेमाल किए हुए टिश्यू को तुरंत कूड़ेदान में डालें। फ्लू जैसे लक्षण होने पर भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और दूसरों के बेहद करीब रहने से बचें। पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन और शरीर में पानी की कमी न होने देना भी जरूरी है। डॉक्टर की सलाह से फ्लू की वैक्सीन भी कुछ लोगों में गंभीर बीमारी के खतरे को कम करने में मदद कर सकती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें संक्रमण का जोखिम ज्यादा रहता है।



स्वाइन फ्लू होने पर क्या करें

अगर आपको स्वाइन फ्लू जैसे लक्षण दिखाई दें तो पर्याप्त आराम करें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। बुखार या दूसरे लक्षणों के लिए डॉक्टर से सलाह लें और उनकी बताई दवाओं का ही इस्तेमाल करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक लेना सही नहीं है, क्योंकि एंटीबायोटिक दवाएं, वायरस पर काम नहीं करती हैं। कुछ मरीजों में डॉक्टर एंटीवायरल दवा देने की सलाह दे सकते हैं, खासकर जब बीमारी गंभीर होने का खतरा हो या मरीज हाई रिस्क ग्रुप में आता हो। घर में रहते समय दूसरे लोगों से दूरी बनाए रखना और व्यक्तिगत सामान साझा न करना भी जरूरी है, ताकि संक्रमण परिवार के दूसरे सदस्यों तक न पहुंचे।

अगर सांस लेने में परेशानी हो, सीने में दर्द या दबाव महसूस हो, होंठ या चेहरा नीला पड़ने लगे, बहुत ज्यादा कमजोरी या चक्कर महसूस हो, लगातार उल्टी हो या बुखार और खांसी ठीक होने के बजाय लगातार बढ़ती जाए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बच्चों में सांस लेने में कठिनाई, बहुत ज्यादा सुस्ती, पानी या दूध कम पीना और हालत बिगड़ना गंभीर संकेत हो सकते हैं। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से हृदय, फेफड़े या अन्य गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों में भी फ्लू के लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। समय पर जांच और इलाज से गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम किया जा सकता है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

सावधानी है जरूरी

स्वाइन फ्लू का मतलब हर बार गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन इसके लक्षणों को नजरअंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है। सामान्य फ्लू और एच1एन1 के लक्षण कई बार एक जैसे दिखाई देते हैं, इसलिए केवल लक्षणों के आधार पर खुद से बीमारी की पुष्टि करना सही नहीं है। साफ-सफाई रखना, खांसते-छींकते समय सावधानी बरतना, बीमार होने पर दूसरों से दूरी रखना और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लेना संक्रमण से बचाव का बेहतर तरीका है। खासकर अगर लक्षण तेजी से बढ़ रहे हों या सांस से जुड़ी परेशानी शुरू हो गई हो तो इलाज में देरी नहीं करनी चाहिए।



योगोपचार / प्रियंका सिंह, योगा ट्रेनर

रोज करें भ्रामरी प्राणायाम रहें हमेशा स्ट्रेस फ्री



आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में खुद के लिए पीस या कहें शांत माहौल नहीं मिल पाता है। जब आपका मन अशांत हो या तनावग्रस्त हो तो किसी भी काम में मन नहीं लगता है। इसका असर आपके वर्क रिजल्ट और जीवनशैली पर भी पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि मेंटली पीसफुल और स्ट्रेस फ्री रहें तो आपको भ्रामरी प्राणायाम का रोजाना अभ्यास करना होगा।

मिलेंगे कई फायदेः भ्रामरी प्राणायाम करने से आप काफी हद तक रिलैक्स फील करेंगे। आपको बता दें भ्रामरी प्राणायाम नर्सों को शांत करता है। दरअसल, इसे करने के दौरान धीरे-धीरे गति से सांस लेने से शरीर की तनाव प्रतिक्रिया कम होती है। इससे मन और शरीर का तनाव कम होता है। भ्रामरी प्राणायाम करने से आपका ध्यान कम भटकेगा और अपने काम पर फोकस अच्छी तरह कर पाएंगे। कभी-कभी हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में ज्यादा स्ट्रेस लेने से हमारी रात की नींद भी खराब होती है, जिस कारण सो नहीं पाते हैं। अगर आप रोज रात को सोने से पहले भ्रामरी प्राणायाम करेंगे तो आप अच्छी नींद ले पाएंगे और अपने आप को स्ट्रेस फ्री रख पाएंगे। साथ ही भ्रामरी प्राणायाम करने से हार्ट की प्रॉब्लम और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है।

करने का तरीकाः सबसे पहले योगा मैट या मोटा कंबल बिछाकर पद्मासन में या किसी भी आरामदायक आसन में बैठ जाएं। अब आंखें बंद करें और बॉडी को एकदम रिलैक्स कर दें। अब अपनी दोनों कोहनियों को मोड़ लें और हाथों को कान के पास ले आएं। तर्जनी या मध्यमा अंगुली से कानों को बंद कर लें। लंबी गहरी सांस लें। अब भौंरे की आवाज निकालते हुए धीरे-धीरे सांस छोड़ें। सांस छोड़ते समय गुंजन की आवाज न बहुत तेज हो न धीमी इसका ध्यान रखें। इस दौरान आपको अपने सिर के बीचों बीच कंपन का एहसास होना चाहिए। इस तरह भ्रामरी प्राणायाम का एक चक्र पूरा होगा। ऐसे ही आप अपनी क्षमतानुसार तीन से पांच चक्र पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा अपनी रोजाना की दिनचर्या में शामिल करने से आप मानसिक रूप से शांत और तनावमुक्त महसूस करेंगे। *

प्रस्तुतिः निकिता चौहान





खबर संक्षेप

पीएम केयर्स फंड का इस्तेमाल स्कूलों को बेहतर बनाने को हो

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बुधवार को कहा कि 'पीएम केयर्स फंड' का इस्तेमाल ग्रामीण स्कूलों



में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और 1,000 से ज्यादा नए अत्याधुनिक स्कूल बनाने के लिए किया जा सकता है। दीपके ने 'एक्स' पर एक वीडियो बयान में कहा कि एक तरफ, 8500 करोड़ रुपये बिना इस्तेमाल के पड़े हैं और दूसरी तरफ हम देखते हैं कि देश के बच्चे स्कूल तक अच्छी सड़क, स्कूल में अच्छी बेंच और पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।

महाराष्ट्र : छात्राओं की मौत के बाद अब सर्पदंश मानी जाएगी बीमारी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने सर्पदंश (सांप के काटने) को अधिसूचित बीमारी घोषित किया है। इसके तहत सभी अस्पतालों, चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सर्पदंश के प्रत्येक संदिग्ध या पुष्ट मामले तथा इससे होने वाली हर मौत की सूचना देना अनिवार्य होगा। यह कदम गढ़चिरौली जिले के जपतालई गांव स्थित राज्य सरकार से सहायता प्राप्त आवासीय विद्यालय में नौ अगस्त को जहरीले सांप के काटने से तीन आदिवासी छात्राओं की मौत और तीन अन्य के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर ने मंगलवार को सरकार के इस फैसले की जानकारी दी।

जेपीएससी एग्जाम रद्द करने को दी गई चुनौती

झारखंड सरकार के खिलाफ कोर्ट पहुंचे सफल अभ्यर्थी

'इधर कुआं, उधर खाई' वाली स्थिति

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड सरकार 'इधर कुआं, उधर खाई' वाली स्थिति में फंस गई है। बीते एक महीने से जेपीएससी एग्जाम रद्द कराने के लिए प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांगें मानने के बाद अब प्रदेश सरकार के सिर दूसरा संकट खड़ा हो गया है। झारखंड सरकार की ओर से 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले के खिलाफ सफल अभ्यर्थियों ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अभ्यर्थियों ने सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में कुल तीन याचिकाएं दाखिल की हैं।

इन याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, जेपीएससी 11वीं से 13वीं परीक्षा रद्द किए जाने के खिलाफ सफल अभ्यर्थियों की ओर से याचिका दाखिल की गई है। इसके अलावा फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा को रद्द करने के मामले में भी हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। अलग-अलग रद्द की गई भर्ती परीक्षाओं के सफल अभ्यर्थियों ने सरकार के फैसले को चुनौती दी है।



परीक्षाएं रद्द होने से पड़ा भविष्य पर असर

याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार के फैसले को एकतरफा बताते हुए मामले में जल्द सुनवाई की मांग की है। उनका कहना है कि भर्ती परीक्षाओं में सफल होने के बाद परीक्षा रद्द किए जाने से उनके भविष्य पर असर पड़ा है। राज्य सरकार ने कुल 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला किया है। इसके बाद अलग-अलग परीक्षाओं में सफल रहे अभ्यर्थी सरकार के फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई के लिए हाईकोर्ट पहुंचे हैं। अब सभी की नजर झारखंड हाईकोर्ट पर है। तीनों याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हो सकती है।

23 परीक्षाओं की जांच

परीक्षा आंदोलनकारियों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद राज्य सरकार ने 2014 से अब तक जेपीएससी, जेएसएससी और एक आउटसोर्स एजेंसी की ओर से आयोजित 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने और 23 अन्य परीक्षाओं की जांच कराने का फैसला लिया है। सरकार की ओर से कई अन्य मांगें माने जाने के बाद फिलहाल आंदोलन शांत हुआ है।

हाईकोर्ट में दो याचिकाएं

झारखंड सरकार की ओर से 11वीं से 13वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में दो अलग-अलग रिट याचिकाएं दायर की गई हैं। वहीं, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी परीक्षा रद्द किए जाने के खिलाफ भी हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दाखिल की गई है। जेएएस अधिकारी सूर्य प्रकाश कुजूर ने कहा, "हमें सरकार की ओर से देर रात करीब 12:30 या 1 बजे नोटिस मिला।

सरकार के फैसले के बाद रांची में दोतरफा प्रदर्शन

बता दें कि सरकार के फैसले के बाद रांची में दो तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं। एक तरफ वे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाकर 24–25 दिन से आंदोलन चलाया। दूसरी तरफ वे युवा हैं, जिन्हें **JSSC-CGL** के जरिए नियुक्ति मिल चुकी थी। ये चयनित अभ्यर्थी प्रोजेक्ट भवन और सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि हमारा क्या गुनाह है? हमें बाहर मत निकालो। सफल अभ्यर्थियों का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद हमारी नियुक्ति हुई थी। कई लोगों ने पुरानी नौकरी छोड़ दी थी। कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि वे केंद्र सरकार या प्राइवेट जॉब छोड़कर आए थे। अब अचानक सब कुछ छिन जाने का डर है। वे लिखित आदेश की मांग कर रहे हैं और कोर्ट जाने की बात भी कर रहे हैं। बता दें कि छात्र संगठनों के लंबे आंदोलन और कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद सरकार ने यह कदम उठाया। सीआईडी और एसआईटी जांच में सामने आए तथ्यों का हवाला दिया जा रहा है। सरकार ने परीक्षा सुधार समिति भी गठित की है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मिलेगी मुफ्त कोचिंग, जोशी ने की समीक्षा

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग के अधिकारियों संग हुई शिक्षा मंत्री की बैठक



हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी की बीते कुछ दिनों से शिक्षा मंत्रालय में ताबड़तोड़ अंदाज में जारी उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला बुधवार को भी चला। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मुफ्त ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने जैसी एक महत्वपूर्ण पहल की समीक्षा की गई है। इसके अलावा बैठक में छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और उनकी परीक्षा से जुड़ी हुई तैयारी को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय मंच के निर्माण पर मुख्यरूप से ध्यान केंद्रित किया गया। केंद्रीय मंत्री एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। जिसके कार्यान्वयन की आज हमने समीक्षा की है।

आईआईटी मद्रास के निदेशक से हुई मुलाकात

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने देश के एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी.कामकोटी के साथ हुई मुलाकात को सुखद अनुभूति बताया। इसके अलावा कहा कि यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूता जा रहा है। जिससे कहीं न कहीं यह राष्ट्रीय महत्व की एक संस्था के रूप में अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ कर रहा है। प्रोफेसर कामकोटी के प्रयासों की केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने सराहना की और कहा कि इनके माध्यम से ही वह इस संस्थान की उत्कृष्टता और भारत के ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र में आईआईटी मद्रास के योगदान को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।

जल संधि के नवीनीकरण में 'गारंटी की शर्त' शामिल करने की मांग

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश भारत के साथ गंगा जल संधि के नवीनीकरण में 'गारंटी की शर्त' शामिल करने की मांग करेगा और वह अपने जल अधिकारों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों का रुख करने को भी तैयार है। स्थानीय मीडिया की खबरों से यह जानकारी सामने आई है।

सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' की खबर के मुताबिक, जल संसाधन मंत्री शाहिदुद्दीन चौधरी अनी ने मंगलवार को ढाका में 'बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एंड इंटरनेशनल अफेयर्स' की ओर से 'गंगा जल संधि : पुनः बातचीत के लिए मुद्दे' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि बांग्लादेश गंगा जल संधि पर फिर से बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गंगा जल पर विवाद, बांग्लादेश संयुक्त राष्ट्र में उठाएगा यह मुद्दा



दिसंबर में खत्म होने वाली है जलसंधि

अनी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत-बांग्लादेश गंगा जल संधि दिसंबर में खत्म होने वाली है। यह संधि 1996 में सूखे के मौसम में गंगा के पानी के बंटवारे के लिए की गई थी। नयी दिल्ली और ढाका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में पानी का बंटवारा एक अहम मुद्दा रहा है। बांग्लादेश नये समझौते के लिए जोर दे रहा है, जबकि भारत का कहना है कि नवीनीकरण पर द्विपक्षीय बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है।

हॉस्टल से निकालने का बदला!

छात्रों ने प्रिंसिपल की 27 बार चाकू गोदकर ली जान

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के नलगोंडा जिले में स्कूल प्रिंसिपल रूपा रेड्डी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, कोंडामल्लेपल्ली स्थित नागार्जुन स्कूल की प्रिंसिपल रूपा रेड्डी की हत्या उनके ही दो पूर्व छात्रों ने घर में रखे पैसे लूटने के इरादे से की थी। दोनों आरोपी नाबालिग हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.54 लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। नलगोंडा के पुलिस अधीक्षक शरत चंद्र पवार के मुताबिक, हत्या की जांच के लिए पांच टीमें बनाई गई थीं और करीब 70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जांच में पुलिस को रूपा रेड्डी की अपनी मौसी से हुई आखिरी बातचीत से महत्वपूर्ण सुराग मिला। इस बातचीत के दौरान रूपा ने किसी को 'बाबू' कहकर संबोधित किया था।

फिलिस्तीन के लिए भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, वेस्ट बैंक में बनेगा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। इजरायल के साथ जारी युद्ध के बीच यहां नई दिल्ली में तैनात फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला एम.अबू शावेश ने बुधवार को कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत ने अपने पुराने और ऐतिहासिक मित्र देश के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। जिसके तहत अब उसके सहयोग से जल्द ही वेस्ट बैंक में एक सुपर स्पेशलिटी इंडिया अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। इस मामले को लेकर जरूरी औपचारिकताओं को अंतिम रूप दे दिया गया है, कागजी कार्यवाही पूरी कर ली गई है। इतना ही नहीं नई दिल्ली हमें चिकित्सा उपकरण और अन्य जरूरी सहायता सहायता भी मुहैया कराएगी। कृत्रिम अंग से जुड़ी परियोजना को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,वृत्त-बिलासपुर
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना
विज्ञापन क्र. 43

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत्त- बिलासपुर अन्तर्गत संभाग सक्ती में निक्षेप कार्य के तहत (1) अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय का निर्माण कार्य (2) पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय का निर्माण कार्य (3) मालखरौदा, जिला सक्ती में मॉडल उप पंजीयक कार्यालय का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट **http://cghb.gov.in** में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग सक्ती के मो.नं 7089553050 पर संपर्क करें।

S-48807/1 उपायुक्त

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
E-MailId - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No.: JUIDCO/NIT/RFP/ISBT/718 Date: 19.08.2026

Notice Inviting Tender
National Competitive Bidding
Tender Notice

1	Name of the Work	Request for Proposal (RFP) for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Providing Project Management Consultancy (PMC) Services for Development of Inter State Bus Terminal (ISBT) Projects at Various Locations in Jharkhand.
2	Mode of bid submission	e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)
3	Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) (In INR)	Cost of Tender Document: Rs. 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only **(Non-Refundable)** Earnest Money Deposit (EMD): Rs. 5,00,000/- (Rupees Five Lakh) only **(Refundable)**
4	Date/Time of Publication of Tender on Website	20.08.2026 at 15:00 Hrs.
5	Last Date/Time of Bid Submission	18.09.2026 at 17:00 Hrs.
6	Date/Time of opening of Bid	19.09.2026 at 17:00 Hrs.
9	Bid submission address	Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001
10	Helpline no.	+91651- 2225878

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR 387928 (Urban Development and Housing) 26-27 (D)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
कार्यालय महाप्रबंधक (वित्त) विद्युत सेवा भवन, भूतल,डँगनिया रायपुर
दूरभाष:0771-2574359,2576601, Website-www.cspdcl.co.in, E-mail-fin.cspdcl@cseb.gov.in

क्र.05–06 / स्था. / सीए. / 1116 दिनांक 18.08.2026.

निविदा आमंत्रण सूचना

महाप्रबंधक (वित्त) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय हेतु 5 Chartered Accountant & 1 Cost & Management Accountant की सेवाओं हेतु अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु उपयुक्त आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	संख्या	निविदा का मूल्य Tender Cost	बयाना राशि EMD
1	Chartered Accountant/Cost & Management Accountant	06	₹ 5000/- (जीएसटी सहित) वापसी योग्य नहीं	₹ 82,000/- वापसी योग्य
अ	निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय		10.09.2026	14:30 बजे तक
ब	निविदा जमा करने की तिथि व समय		10.09.2026	15:00 बजे तक
स	निविदा खोलने की तिथि व समय		10.09.2026	16:00 बजे तक

नियम व शर्तें :
अधिक जानकारी के लिए CSPDCL के Website www.CSPC.Co.in/CSPDCL/ Tender देखें।

महाप्रबंधक (वित्त)
बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. रायपुर

कार्यालय अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
Email:- gmcmahasamund@gmail.com Phone No. 07723-299171

क्रमांक / शा.चि.म./क्रय / 2026/2284 महासमुंद, दिनांक 18/08/2026

// रूचि की अभिव्यक्ति //

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द छ.ग. में नव प्रवेशित एम.बी.बी.एस. विद्यार्थियों के लिए महासमुन्द शहर के समीप 08 किलोमीटर की क्षेत्रसीमा में 01 वर्ष के लिए छात्रावास हेतु किराये के भवन की आवश्यकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक भवन स्वामी से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है।

विज्ञापन, प्रारूप एवं अन्य जानकारी कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द छ.ग. के वेबसाईट https://gmcmahasamund.ac.in/ से डाउनलोड कर अपना प्रस्ताव व दर बंद लिफाफे में दिनांक 03.09.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है ।

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
महासमुंद (छ.ग.)

G-262702863/1

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सरगुजा वनमण्डल, अम्बिकापुर (छ.ग.)

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि सरगुजा वनमण्डल, के अधीनस्थ काष्ठागार अम्बिकापुर में भण्डारित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ काष्ठागार अम्बिकापुर से प्राप्त की जा सकती है।

काष्ठागार अम्बिकापुर
नीलाम दिनांक - 24.08.2026 समय - प्रातः 09.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज		पुराना वनोपज		योग वनोपज	
	लट्ठा	बल्ली	लट्ठा	बल्ली	लट्ठा	बल्ली
	घ.मी.	नग	घ.मी.	नग	घ.मी.	नग
सागौन	0.000	0	39.133	1546	39.133	1546
साल	380.445	0	4954.548	1817	5334.993	1817
साजा	0.000	0	32.545	25	32.545	25
धावड़ा	0.000	0	33.824	31	33.824	31
सलैया	0.000	0	45.605	06	45.605	06
हल्दू	0.000	0	16.672	0	16.672	0
खम्हार	0.000	0	75.915	2382	75.915	2382
अन्य	20.755	0	883.286	1308	904.041	1308
बांसा	0.000	0	1.997	0	1.997	0
योग :-	401.200	0	6083.525	7115	6484.725	7115
जलाऊ	0	-	867	Chatta	867	Chatta

टीप - 1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 20 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वनमंडलाधिकारी
सरगुजा, वनमंडल अम्बिकापुर (छ.ग.)

G- 262702857/2

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

NIT NO: 141/RMC/2026 RAIPUR DATED : 18/08/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 11/09/2026 at 17:30 hours.

System Tender No.	Name of work	Amount of the Estimate	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor /firm	Time allowed for Completion
197917	CONSTRUCTION OF MAHILA SHANTI GHAR AT RAIPUR, C.G.	(SOR-3.07Cr.) (NSOR-1.04 Cr.) PAC-4.11 Cr	3000/-	2,06,000/-	"B" and Above	18 months

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from ...../08/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.
Note:-
1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*
3. For More Details please download NIT details.
4. Contact No. 7011421397

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

CHIEF ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

MUNICIPAL COUNCIL, SARANGARH

E-Procurement Tender Notice (1st Call)

NIT NO: 1585 SARANGARH, Dated 18-08-2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to Date 11.09.2026 at 17.30 Hours

WORK DETAILS

System Tender No.	Description of works	Probable Amount of Contract (In Lakhs)	EMD Cost of Tender Form/TDR/FDR	Tender Form Fees	Time allowed for completion
197798	Extension Work for Passenger Facilities at Sarangarh Bus Stand (Yatriyon Hetu Suvidha Vistar)	49.98	40000.00	1500.00	06 months Excluding Rainy Season
197810	Construction of Garden at Municipal Council Sarangarh	95.30	72000.00	3000.00	06 months Excluding Rainy Season
197811	Construction of Muktidham Form Bilaspur Road Near Sabji Mandi at Ward No. 10 at Nagar Palika Parishad Sarangarh	69.56	53000.00	3000.00	06 months Excluding Rainy Season
197812	Beautification Construction for Tiwari Talab at Ward No. 14	27.44	21000.00	1500.00	04 months Excluding Rainy Season

More details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in According to cg uad guideline. (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SARANGARH

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा

E-Mail ID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com
क्रमांक/1635/ लो.नि.वि./ न.पा./ 2026-27 चांपा, दिनांक 19.08.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर. नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि	Physical Doc Submission End Date	Online Bid Open Date (Scheduled)
1	197891	Water Body Conservation And Water Recycling Work Of Manjhali Talab Ward No. 25. (2 Nd Call)	51.48	04-09-2026 Time 17.30 pm	08-09-2026 Time 15.30 pm	09-09-2026 Time 11.00 am.
2	197889	Water Body Conservation And Water Recycling Work Of Bhikha Talab Ward No. 22. (2nd Call)	35.47	04-09-2026 Time 17.30 pm	08-09-2026 Time 15.30 pm	09-09-2026 Time 11.00 am.

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https:// eproc.cgstate.gov.in मे डाउनलोड/देखी जा सकती है।
इस निविदा एवं निर्माण / मरम्मत / विस्तार/अन्य कार्य के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो साप्रमाणपत्र प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण/मरम्मत/विस्तार/अन्य कार्य कराया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, चांपा

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ आरोग्य चिकित्सा शिक्षण एवं अनुसंधान स्वशासी समिति / स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh, ph-07762-220741
E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक / चिकि.महा. / क्रय / 2026-27 / 11798 रायगढ़ दिनांक 18/08/26

// ई-निविदा सूचना //

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय / चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ "**संत बाबा श्री गुरूघासीदास जी स्मृति, शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़**" के लिए **D Type** & **B Type Oxygen Cylinder** क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता फर्म / निर्माता कम्पनियों से खुली ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रारंभ तिथि	दिनांक 24/08/2026 समय 10:00 AM से
वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** के माध्यम से ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	दिनांक 15/09/2026 समय 11:59 AM के पूर्व
दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 15/09/2026 समय 03:00 PM के पूर्व
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 15/09/2026 समय 04:00 PM

टीप : निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाइट **www.gmcraigarh.edu.in** का अवलोकन एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छ.आ.चि.शि एवं अनुसंधान स्वशासी समिति स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

G-262702865/2

खबर संक्षेप

सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि



महासमुंद। सूकरपालक के यहां लिए गए सैंपल की जांच के बाद अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पॉजीटिव्ह रिपोर्ट के चलते विभाग द्वारा महासमुंद विकासखंड के ग्राम छिलपावन के 1 से 10 किमी की परिधी को सर्विलेंस जोन घोषित कर दिया गया है। संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं, रायपुर द्वारा जारी निर्धारित प्रावधानों के तहत यह व्यवस्था आगामी आदेश या 6 माह तक लागू रहेगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जारी आदेश के अनुसार इंफेक्टेड जोन से सूकर एवं सूकर उत्पादों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही सर्विलेंस जोन में सूकरों से संबंधित बाजार एवं दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। संबंधित विभागों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा क्षेत्र में निगरानी और आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

शक पर आरोपी का कुल्हाड़ी से हमला, एक ने तोड़ा दम

मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पेण्ड्रा मे आज बुधवार को एक युवक ने कुल्हाड़ी लेकर खूनी तांडव मचाया। एक ग्रामीण की मौत हो गई। शोभा थाना क्षेत्र के पेंड्रा ग्राम के हीरासिंग ने पड़ोसी युवक खोलबहरा नागेश की कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। घटना बुधवार सुबह की है। एक और पड़ोसी नरेंद्र पर भी प्राणघातक हमला किया था,जो किसी तरह जान बचा कर भाग निकला था। शोभा थाना प्रभारी पवन वर्मा ने बताया कि आरोपी की पत्नी घर से भाग गई, जिसको उकसाने का आरोप लगाकर आरोपी ने अपने पड़ोसियों पर हमला किया।

एनेस्थीसिया लगने के बाद गायिका ने भरथरी गाते हुए बच्चे को दिया जन्म

जिले की एक गायिका ने सीजेरियन डिलीवरी के दौरान डॉक्टरों द्वारा एनेस्थीसिया देने के बाद भरथरी गाते हुए स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। ऑपरेशन के दौरान गायिका द्वारा बेफिक्र होकर भरथरी गाते हुए वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम सिकोसा निवासी हेमलता पटेल को परिजनों द्वारा प्रसव पीड़ा होने पर सिवनी स्थित एक निजी अस्पताल में डिलिवरी के लिए भर्ती कराया था। जहां 17 अगस्त को अस्पताल में देर रात प्रसव पीड़ा बढ़ने पर डॉक्टरों द्वारा जांच करने पर सीजेरियन डिलीवरी कराने का फैसला लिया गया। सीजेरियन डिलीवरी कराने से पूर्व डॉक्टरों के द्वारा हेमतला पटेल को एनेस्थीसिया दी गई, जिसके बाद डॉक्टरों द्वारा सिजेरियन डिलिवरी कराई जा रही थी।

खास खबर

डाक्टर, नर्स सभी ने खुशनुमा माहौल में किया काम



जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ

17 अगस्त को रात करीब 11 बजे सीजेरियन डिलीवरी के जरिए हेमलता पटेल ने लड़के को जन्म दिया। जहां जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ऑपरेशन के दौरान गीत गाने का यह पल अस्पताल के मेडिकल स्टाफ के लिए भी यादगार बन गया। उल्लेखनीय है कि हेमलता पटेल का सार्वजनिक मंच पर भरथरी की प्रस्तुति देते कई वीडियो सोशल मिडिया में वायरल हो चुका है। वहीं ऑपरेशन थिएटर पर गणेश वंदना से शुरू हुए उनके भरथरी गीत की लोग खूब सराहना कर रहे हैं।

कला व साहस का मेल किया और गाना गाने लगी

इसी दौरान हेमलता पटेल ने अपने डर को साहस में बदलते हुए अपनी कला व साहस का मेल करते हुए सिजेरियन डिलिवरी के दौरान भरथरी गीत गाना प्रारंभ कर दिया। जिसे ऑपरेशन थिएटर मे मौजूद डॉक्टर व नर्स सुनकर प्रसन्न व अचंभित हो गए। इस दौरान वहां मौजूद एक स्टॉफ ने हेमलता पटेल द्वारा सिजेरियन डिलिवरी के दौरान गाए जा रहे भरथरी गीत को कैमरे में कैद कर लिया। जिसे सोशल मिडिया में पोस्ट करने पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया।

परिजनों ने डामर की गोली गिरने का लगाया आरोप, ब्लड टेस्ट सामान्य

मध्यान्ह भोजन में स्मेल से मचा हड़कंप, 28 छात्राएं अस्पताल पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के बेसिक मैदान के समीप संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या शाला में बुधवार को मध्यान्ह भोजन को लेकर उस समय हड़कंप मच गया, जब भोजन में असामान्य स्मेल आने की बात सामने आई। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने तत्काल सतर्कता बरती और 28 छात्राओं को एहतियातन जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद स्कूल से लेकर अस्पताल तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे मध्यान्ह भोजन के दौरान भोजन से स्मेल आने पर एक शिक्षक को संदेह हुआ। इसके बाद बच्चों को भोजन से दूर रखते हुए एहतियात के तौर पर अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया गया। कुछ छात्राओं ने पेटदर्द और सिरदर्द की शिकायत भी बताई थी। जिला अस्पताल में सभी 28 बच्चों की चिकित्सकीय जांच की गई।

ब्लड टेस्ट भी कराया सभी रिपोर्ट सामान्य

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पताल लाए गए सभी बच्चों की स्थिति स्थिर और सामान्य थी। चिकित्सकों ने बच्चों की प्रारंभिक जांच के साथ एहतियात के तौर पर ब्लड टेस्ट भी कराया। जांच में सभी बच्चों की रिपोर्ट सामान्य पाई गई। किसी भी बच्ची की हालत गंभीर नहीं थी। चिकित्सकीय निगरानी और प्रारंभिक उपचार के बाद सभी बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर सकुशल घर भेज दिया गया।

पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर की पूछताछ

घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती छात्राओं और संबंधित लोगों से पूछताछ की। मामले में आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया के तहत एमएलसी तैयार की जा रही है। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।



परिजनों ने लगाया डामर गोली गिरने का आरोप

घटना के बाद छात्राओं के परिजनों ने मध्यान्ह भोजन तैयार करने और परोसने में लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का दावा है कि भोजन में कथित रूप से डामर की गोली गिर गई थी, जिसके बाद भोजन खाने वाले बच्चों को परेशानी हुई। परिजनों ने मामले की जांच कर लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, भोजन में वास्तव में डामर या कोई अन्य सामग्री गिरी थी या नहीं और उससे बच्चों की तबीयत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा या नहीं, यह जांच का विषय है। इसकी वास्तविक स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

डीईओ ने कहा- लापरवाही पर होगी उचित कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि स्कूल की 28 बच्चियों को एहतियातन जिला अस्पताल ले जाया गया था। वहां सभी का प्रारंभिक उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। बच्चियों की स्थिति सामान्य होने के बाद उन्हें सकुशल घर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, भोजन पकाने और परोसने की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल स्वास्थ्य जांच में सभी बच्चों की रिपोर्ट सामान्य आने और सभी के सकुशल घर लौटने से राहत है। वहीं, प्रशासनिक और पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि भोजन में असामान्य स्मेल आने की वजह क्या थी और कथित रूप से डामर की गोली गिरने के आरोप में कितनी सच्चाई है।

दो सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

कवर्धा। जिले में 24 घंटे में दो सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में बीचारपुर के पास मंगलवार की शाम को तेज रफ्तार मोटर साइकिल और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में ग्राम कापसी, जिला राजनांदगांव निवासी शिक्षक श्याम चरण की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल ढोढमा नवापारा निवासी 18 वर्षीय देवदास मार्कंडेय ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इसी गांव के 19 वर्षीय पुनीत रात्रे की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही लोहारा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए। तीनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।



कार ने मोपेड सवार पिता-पुत्री को मारी टक्कर, बेटी की मौत

एक अन्य सड़क हादसे में जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र में मुंगेली-पंडरिया मार्ग पर डोमसरा गांव के पास तेज रफ्तार कार ने खेत से काम कर मोपेड से लौट रहे पिता-पुत्री को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 35 वर्षीय फुलेश्वरी निर्मलकर निवासी डोमसरा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

ट्रेन की अनुमति, गए हवाई जहाज से

3 प्रधान आरक्षक दो आरक्षक सस्पेंड

बिलासपुर। धोखाधड़ी के मामले में विवेचना करने के लिए कटघोरा थाने के 3 प्रधान आरक्षकों और 2 आरक्षकों ने ट्रेन से दूसरे राज्य जाने की आईजी कार्यालय से अनुमति ली, उसके बाद सभी पुलिसवाले पीड़ित पक्ष के खर्च से हवाई जहाज से विवेचना करने चले गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आईजी कार्रवाई करते हुए सभी आरक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। जिला कोरबा थाना कटघोरा के अपराध क्रमांक 175/26 बीएनएस की धारा 318, 3, 5 के अपराध में विवेचना के लिए ट्रेन से अन्य राज्य जाने हेतु पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने बिलासपुर रेंज आईजी कार्यालय से अनुमति ली गई थी। जानकारी के अनुसार टीम में शामिल पुलिसकर्मी पीड़ित पक्ष के खर्च पर हवाई जहाज से विवेचना करने दूसरे राज्य गए। पीड़ित पक्ष से शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई गई। जांच में उक्त शिकायत सही पाई गई। 18 अगस्त 2026 को आईजी रामगोपाल गर्ग ने अनुमति का उल्लंघन करते हुए बिना अनुमति के हवाई यात्रा कर कर्तव्यों के पालन में गंभीर लापरवाही बरतते हुए अनुशासनहीनता करने वाले कटघोरा थाना के प्रधान आरक्षक गुना सिन्हा,राजेश कंवर, गोपाल यादव व आरक्षक सुशील यादव, प्रशांत सिंह तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- आईजी ने की कार्रवाई

तस्करी

टायरों से हवा की जगह निकला 70 लाख का गांजा

मैनपुर। गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में पुलिस ने एक मेटाडोर से 151 किलो गांजा बरामद कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए गांजे को वाहन के 6 टायरों के अंदर छिपाकर रखा था। बुधवार को सूचना पर खुटगांव अंतरराज्यीय पुलिस चेक पोस्ट पर तैनात जवानों को अलर्ट किया गया। संदिग्ध मेटाडोर को रोककर गवाहों की मौजूदगी में तलाशी ली गई। जांच के दौरान पुलिस को उसके 6 टायरों के भीतर छिपाकर रखा गया गांजा मिला। वाहन से कुल 151 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 75 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने मेटाडोर क्रमांक सीजी 07 एबी 3587 को भी जब्त किया है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख 25 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित पांडेय (35), निवासी छतरपुर, मप्र और रमेश नायक (52), निवासी कालाहांडी, ओडिशा के रूप में हुई है।



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि

Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

आवश्यकता है- शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का **नया सबेरा उ.मा.गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. - 9993453324.** (आरे-825)

रिसेप्शनिस्ट/मैनेजर

आवश्यकता है- होटल रिसेप्शन के लिए 12 वीं पास लड़की की जरूरत है। रूम सर्विस के लड़के की जरूरत है रहने, खाने की व्यवस्था होटल मैनेजर अनुभवी **जानकी विहार भाटागांव संपर्क :- 8719082151.** (आरे-827)

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000 **पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 9893041578, 8085233213, 7223821623, 7440981254.** (आरे-41602)

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरे-4164)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, **पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681.** (आरे-209)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, **पता:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577 , 9425522576.** (आरे-822)

ड्रायवर

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1)कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2)ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:- 9993011757 / 8878228031.** (आरे-419)

शीघ्र आवश्यकता है- भिलाई 3 चरोदा के लिये एक ड्राइवर कि आवश्यकत है जो इनोवा कार चला सके कम से कम 3साल का अनुभव हो..वेतन 12000 से 15000 तक इस नंबर पर **संपर्क करें - 7987160208.** (आरे-4165)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – **केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676.** (आरे-309)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- 20 अनुभवी टारगेट ओरिएंटेड फीमेल टेलीकॉलर की वाहन बीमा हेतु वेतन 10000 + इन्सेंटिव। **सुंदर नगर चौक ऑर्बिट टॉवर रायपुर** SCI **इन्सुरेंस मोबा. नं. 9617788009.** (आरे-0163)

ऑफिस बॉय/घरेलू स्टाफ

आवश्यकता है- जेल रोड, रायपुर में ऑफिस के सभी कार्यों हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) व वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घरेलू कार्यों हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा निषेध। **9300593000.** (आरे-107)

घरेलु कार्य /आया

आवश्यकता है- जनता कॉलोनी, देवेन्द्र नगर रायपुर में घरेलू कार्य हेतु फुल टाइम घर में ही रहकर काम वाली एक महिला तथा बच्चों की देखरेख हेतु एक आया की आवश्यकता है। दोनों की रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था। **सम्पर्क करें- 9039100784.** (आरे-41673)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराने के दुकान में कार्य करने के लिए लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है **पता- वर्षा प्रोविज़न स्टोर, महावीर स्वीट्स के बाजू में, भाटागांव, रायपुर संपर्क:- 9329880007.** (आरे-12)

For Rent किराया

Warehouse for Lease – Limited Availability! Upgrade your business with a modern, high-specification warehouse.
1.) 9300 Sq. Ft. Ready-to-Move
2.) Fire NOC Approved
3.) FM2 Heavy-Duty Flooring
4.) 30 Ft Clear Clear Height
5.) 70 Ft Wide Internal Road
6.) Fire Sprinkler's & Hydrant system installed Ideal for 3PL, Logistics, E-commerce, FMCG & Distribution. Excellent infrastructure for smooth operations and efficient movement of goods. Call now on 7697555552 Address: Beni Cold Storage, Village: Girodh, Ring Road No. 3, Dharsiwa, Raipur -493111 (C.G.) (आरे-820)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Property प्रापर्टी

बेचना है- टाटीबंध रायपुर प्राइम लोकेशन में 41,000 वर्गफीट प्रॉपर्टी बिक्री हेतु बाउंड्री वॉल, गेट, दो रोड फ्रंट, वेस्ट फेसिंग, टाटीबंध चौक लोकेशन में इस्कॉन मंदिर के मेनरोड पर GE Road से डायरेक्ट कनेक्टिविटी, शोरूम, वेयरहाउस, ऑफिस, एवं अन्य कमर्शियल उपयोग के लिए उपयुक्त **संपर्क:- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज़, रायपुर** Roshan Agrawal **8878008500.** (आरे-058)

प्लाट

प्लॉट बेचना है - आदिवासी डायवर्टेड प्लॉट 40 x 60 दो तरफ रोड अम्बेडकर नगर वार्ड 58 उरला दुर्ग (छ.ग.) **संपर्क मों. नं.- 91797-81134.** (आरे-327)

बेचना है- टाटीबंध में प्राइम कमर्शियल प्रॉपर्टी बिक्री हेतु 10,000 वर्गफीट का विशाल पूर्वमुखी प्लॉट 210 फीट फ्रंट एवं 48 फीट डेप्थ, बिजनेस के लिए प्राइम लोकेशन में शानदार अवसर यूनियन बैंक के पीछे, शिवनाथ Hyundai के पास, SHOWROOM, OFFICE, WAREHOUSE, COMMERCIAL USE हेतु **संपर्क:- श्री बालाजी प्रॉपर्टीज़, रायपुर** Roshan Agrawal **8878008500.** (आरे-057)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Finance फायनेंस

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक)(1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, **संपर्क - 9311830460.** (आरे-4200)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152



Healthcare

जैकेट के शेष

टिप-टिप बरसा पानी....

विद्यालयों में सीलन के साथ-साथ मैदान में जलभराव भी हो गया है।

पंडरिया : बैगा बच्चों का जीवन दांव में, एक कक्ष में पांच कक्षाएं : पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महीडबरा के आश्रित ग्राम कुशियारी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। विद्यालय में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण नहीं मिल पा रहा है। विद्यालय का पुराना भवन पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है। वर्तमान में एक प्रधान पाठक कक्ष सहित एक ही कमरे में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों की पढ़ाई संचालित की जा रही है। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा, जब तक विद्यालय का नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक मंगल भवन में अस्थायी रूप से विद्यालय का संचालन किया जा सकता है। साथ ही जल्द से जल्द विद्यालय के लिए नया भवन और शौचालय निर्माण कराया जाए, ताकि बैगा समाज के बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर शिक्षा का वातावरण मिल सके।

दुर्ग : सामाजिक भवन में स्कूल : दुर्ग जिले के शासकीय प्राथमिक शाला नेवईमाठा में 125 बच्चे पढ़ते हैं। बारिश में यहां के कमरों में पानी इतना अधिक टपकता है कि बच्चे बैठ नहीं पाते। हादसे का भी खतरा है। हाल यह है कि यह स्कूल पास के ही सामाजिक भवन में लगाया जा रहा है। इस भवन में जैसे तैसे बच्चों को बैठाकर पढ़ाई करवाई जा रही है। जिसकी वजह से अध्यापन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पालकों और शिक्षकों नए भवन की मांग कर रहे हैं, लेकिन नहीं मिल पाया है। विद्यार्थियों के साथ स्टॉफ के बैठने तक की ठीक से व्यवस्था नहीं हैं।

कवर्धा : प्लास्टर गिरना ...

है। छत से पानी टपकने के कारण कक्षाओं में बैठकर पढ़ाई करना मुश्किल हो जाता है। करीब 20 वर्ष पहले निर्मित यह स्कूल भवन सिंघारी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के विद्यार्थियों के लिए सेंटर जोन है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने पहुंचते हैं। लेकिन जर्जर भवन के कारण बच्चों और पालकों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा की चिंता भी सताती रहती है।

राजनांदगांव : बच्चे नहीं कर...

समय पूर्व स्कूलों की मरम्मत नहीं होने और छत की सिपेज दुरुस्त नहीं किए जाने से कक्षाओं के भीतर पानी टपक रहा है। कई स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को एक तरफ बैठाया जा रहा है। अधिक बारिश होने पर पानी स्कूल परिसर में भर जाता है। स्कूल समाप्त होने की स्थिति में बच्चे भीतर ही फंसे रहते हैं, तो वहीं स्कूल प्रारंभ से पहले यदि बारिश हो जाए तो स्कूल के भीतर बच्चे प्रवेश नहीं कर पाते हैं और स्कूलों की छुट्टी तक करनी पड़ती है।

मैनपुर : क्लासरूम बना...

ग्राम पयलीखण्ड में प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल का संचालन दो कमरों में किया जा रहा है। टपकती छत के कारण बच्चे छाता लगाकर पढ़ाई करते नजर आ रहे हैं। मैनपुर मुख्यालय से महज 11 किमी दूर ग्राम पंचायत दबगई स्थित मिडिल स्कूल भवन का निर्माण महज कुछ वर्ष पहले किया गया था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते छत की हालत बेहद खराब हो गई है और मिडिल स्कूल मे 31 छात्र -छात्राएं अध्यनरत हैं। दोनों कमरों के भीतर लगातार बारिश के कारण पानी का रिसाव हो रहा है शिक्षकों ने पॉलीथिन डालकर छत को ढंका गया है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र मे दर्जनों स्कूलों की ऐसी हालत है।

बुजुर्ग माता-पिता के पास ...

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने पहले के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत अधिकारियों को बेदखली का आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। ऐसे में हाईकोर्ट ने एसडीएम और जिला मजिस्ट्रेट के आदेशों को रद्द कर दिया। इसके बाद जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने ट्रिब्यूनल के बेदखली के आदेश में हस्तक्षेप करके गलती की है, क्योंकि यह एक स्थापित कानून है कि ट्रिब्यूनल के पास वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और संरक्षण के उद्देश्य से बेदखली का आदेश देने का अधिकार है।

ट्रिब्यूनल को सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2007 के कानून की धारा 7 के तहत मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। धारा 8 के तहत उन्हें कुछ मामलों में सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां हासिल हैं। वहीं, धारा 27 सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को सीमित करती है। ऐसे में कानून के उद्देश्य को पूरा करने के लिए ट्रिब्यूनल जरूरी और सहायक आदेश जारी कर सकता है।

वंदे मातरम पर नहीं बदला ...

हुई सीडब्ल्यूसी बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की। बैठक में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बैठक में 88 नेताओं ने हिस्सा लिया, जबकि 33 नेताओं ने चर्चा में अपनी बात रखी। बैठक में कार्यसमिति के सदस्यों के साथ स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य तथा कांग्रेस के चार मुख्यमंत्री भी शामिल हुए।

साय बोले- नदी बचेगी तो जल...

राजधानी रायपुर के ओमाया गार्डन में आयोजित 'स्रोत महोत्सव 2026' एवं राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में जल संरक्षण पर आधारित 'नीर-नारी-निधि' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक नीर की रक्षा, नारी की भागीदारी और जल संपदा के संरक्षण की अवधारणा को रेखांकित करती है।

जिस बेटे का अंतिम ...

में जीवित मिला। इसके बाद परिवार को जानकारी मिली तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मोतीलाल के लापता होने के बाद परिवार लगातार उसकी तलाश कर रहा था। इसी दौरान सेमरा नाला के पास एक शव मिला। शव पूरी तरह डीकंपोज हो चुका था। सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी तस्वीरें प्रसारित की गईं। इसके बाद सुकली गांव के कुछ लोगों ने शव की पहचान मोतीलाल के रूप में की। पहचान के आधार पर परिजन पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद रहे और बाद में शव सुपुर्द कर दिया गया। परिवारजनों ने उसको अपना बेटा मानकर अंतिम संस्कार कर दिया और मृत्यु के बाद की रस्में भी पूरी कर लीं।

14 अगस्त को धमतरी में...

वह बलौदाबाजार जिले का रहने वाला है। पुलिस की मदद से उसके परिजनों से संपर्क किया गया। इसके बाद जब परिवार को युवक की जानकारी और फोटो मिली तो पता चला कि वह कोई और नहीं, बल्कि मोतीलाल विश्वकर्मा ही है। शिवा प्रधान, पप्पू साहू और डोमन साहू मोतीलाल को लेकर उसके गांव पहुंचे। लंबे समय बाद बेटे को जीवित देखकर परिवार भावुक हो गया।

पुलिस कार्यवाही पर उठ रहे ...

का शिकार हुआ था या उसकी हत्या कर लाश फेंकी गई थी? यह पूरा मामला अब बलौदाबाजार पुलिस के लिए गहरी तफ्तीश और सिरदर्द का सबब बन चुका है। अब देखना यह होगा कि क्या यह प्रकरण को बलौदाबाजार पुलिस किस तरह सुलझाती है।

बगैर काम पेमेंट का दबाव...

उत्रसेन गहिरवारे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपों के मुताबिक भुगतान के लिए दबाव बनाने के बाद अध्यक्ष ने करीब 20 मिनट तक अधिकारियों से गाली-गलौज की। इस दौरान अध्यक्ष ने अधिकारियों को 50 बार से ज्यादा गाली दी। उन्होंने अधिकारियों को धमकी देते हुए 'नंगा करके मारूंगा' कहा। इसके अलावा मारपीट करने के लिए डंडा मंगवाने का भी आरोप है। इस मामले का सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो भी सामने आया है। अधिकारियों की शिकायत के बाद पुलिस ने अध्यक्ष के खिलाफ बीएनएस की धारा 221, 296 तथा 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

ऐसे अभद्रता पहले कभी नहीं : मुख्य नगर पालिका अधिकारी के अनुसार उन्हें नौकरी करते हुए 7 साल हो चुके हैं, लेकिन इस तरह की अभद्रता और अमानवीय व्यवहार का सामना उनके सामने पहली बार हुआ है। घटना दिनांक को वे स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर ऑफिस गए थे, इस दौरान उन्हें अध्यक्ष के अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा। **रायपुर में भी हो चुकी है ऐसी घटना** : अभनपुर में घटित घटना के पूर्व रायपुर नगर निगम में भी अधिकारी को धमकाने का मामला सामने आया था। वीर सावरकर नगर वार्ड से कांग्रेस पार्षद संदीप साहू पर भी महिला अफसर ने गाली-गलौज करने और उन्हें जान से मारने की धमकी देने की कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला अफसर की शिकायत पर पुलिस ने पार्षद के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

बरगा नदी की बाढ़ से ...

जिलान्तर्गत विकासखण्ड सोनहत के निकट है। ग्रामीण बिहारपुर-रसौकी मार्ग से आवागमन करते हैं। शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत बिहारपुर से ग्राम उमझर तक पक्की सड़क बनाई गई है लेकिन बार-बार स्वीकृति मिलने के बावजूद ग्राम उमझर से रसौकी तक की सड़क अब तक नहीं बन पाई है। ग्राम पंचायत उमझर वनग्राम है तथा गुरूघासी दास नेशनल पार्क के भीतर सामान्य जंगल में बसा है। ग्रामीणों को शासन द्वारा पट्टा प्रदान किया गया है तथा ग्रामीण लम्बे समय से खेती एवं पशुपालन के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे हैं। पहुंचविहीन गांवों में शुमार होने के कारण लम्बे समय से ग्राम रसौकी तक सड़क बनाने की मांग होते रही है।

नौसेना के युद्धपोतों में लगेंगे जापानी एंटीना आज राजनाथ से मिलेंगे रक्षा मंत्री कोइजुमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हिंद प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) के इलाके में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच अब वो दिन दूर नहीं, जब भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोत अपनी बाहरी संचार आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जापान के रेडियो एंटीना 'यूनिकॉर्न' से लैस होंगे। इनका उत्पादन हालांकि स्वदेशी आधार पर किया जाएगा। दोनों देशों के बीच पूर्व समय में मामले से संबंधित सह-विकास परियोजना को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। जल्द ही इस बाबत जारी कवायद आगे बढ़ेगी। लेकिन यहां इस विषय का जिक्र करना इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि बुधवार से जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी की भारत की दो दिवसीय (19 से 20 अगस्त तक) आधिकारिक यात्रा की शुरुआत हो गई हैं। जिसके तहत उन्होंने सबसे पहले नौसेना की मुंबई स्थित पश्चिमी कमांड का दौरा किया है। कोइजुमी व उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल की नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और पश्चिमी नौसैन्य कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन के साथ बातचीत हुई। जिसमें उन्हें देश की नौसेना की जिम्मेदारियों, भूमिका और परिचालन क्षमताओं से अवगत कराया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वरिष्ठ नौसैन्य अधिकारियों से मुलाकात से पहले जापान के रक्षा मंत्री ने पश्चिमी कमांड में गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया, नौसेना गोदी में गौरव स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिर बल के ही आईएनएस चेन्नई युद्धपोत का दौरा कर उसकी सैन्य क्षमता का विस्तृत रूप से जायजा लिया।

- रक्षा संबंधों की मजबूती संग आईपीआर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान पर दिया जाएगा जोर

आईपीआर में बढ़ेगी शांति-स्थिरता

गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसके जरिए भारत, जापान के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने, रणनीतिक विश्वास और आईपीआर में स्थिरता, सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा सहयोग को मजबूत बनाने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान जैसे मामलों पर विचार-विमर्श किया जा सकता है। इसके अलावा जापान के साथ रक्षा उपकरण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से जुड़े तीन सिद्धांतों में संशोधन के बाद दोनों मंत्री मेक इन इंडिया प्रारूप के मद्देनजर समुद्री सुरक्षा, रक्षा उपकरण-प्रौद्योगिकी सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वार्ता करेंगे।

इमरान से बहन, पत्नी ने की मुलाकात, अब अस्पताल में किए जाएंगे शिफ्ट

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अडियाला जेल पहुंचे परिजन

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहन नोरीन नियाजी और पत्नी बुशरा बीबी ने अडियाला जेल में मुलाकात की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह मुलाकात हुई।



नोरीन 9 महीने बाद इमरान से मिलीं। करीब 15 मिनट की मुलाकात में परिवार ने इमरान की सेहत के बारे में पूछा। उन्होंने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की जानकारी भी दी, जिसमें इमरान को इलाज के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल भेजने को कहा गया है। इमरान और पत्नी बुशरा बीबी की मुलाकात करीब 30 से 35 मिनट चली। मुलाकात के बाद नोरीन ने इमरान से मिलने की पुष्टि की, लेकिन कोर्ट के निर्देश के मुताबिक मीडिया से बात नहीं की।

पुलिस ने तीन बहनों में सिर्फ नोरीन को मिलने दिया

नोरीन अपनी बहनों अलीमा खान और उजमा खान के साथ अडियाला जेल के रास्ते में डहगल चेकपॉइंट पहुंची थीं। पुलिस ने तीनों को रोक लिया। बाद में सिर्फ नोरीन को इमरान से मिलने के लिए जेल जाने दिया। करीब 15 मिनट की मुलाकात के बाद नोरीन ने इमरान से मिलने की पुष्टि की। हालांकि, कोर्ट में दिए भरोसे के मुताबिक उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की।

कोर्ट ने कहा- परिवार से मिलना अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इमरान के परिवार से हर हफ्ते मुलाकात कराने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा कि परिवार से मिलना कोई एहसान नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। अदालत ने पिछले 3 साल में इमरान और उनकी बहनों के बीच हुई मुलाकातों का रिकॉर्ड भी मांगा है। उनके बेटों से हुई बातचीत और फोन कॉल की जानकारी देने को भी कहा गया है।

मराठी नहीं जानने वाले महाराष्ट्र में ऑटो–टैक्सी नहीं चला पाएंगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मराठी भाषा नहीं जानने वाले ड्राइवर अब महाराष्ट्र में ऑटो-टैक्सी नहीं चला पाएंगे। राज्य में 20 अगस्त से उन ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ अभियान शुरू होगा, जिनके पास मराठी का 'वर्किंग नॉलेज' यानी कामचलाऊ भाषा का ज्ञान नहीं है। यह अभियान पूरे राज्य में एक महीने तक चलेगा। ट्रांसपोर्ट मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों को पहले नोटिस देकर 3 महीने में मराठी सीखने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी मराठी नहीं सीखने पर लाइसेंस और बैज सस्पेंड किया जाएगा। मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि अतिरिक्त परिवहन आयुक्त रवि गायकवाड़ पूरे महाराष्ट्र में इस एक महीने के अभियान की निगरानी करेंगे। आरटीओ की फ्लाइंग स्क्वॉड ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों की जांच करेंगी और नए नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, यह देखेंगी। जांच के दौरान वेरिफिकेशन की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी।

- ट्रांसपोर्ट मंत्री बोले- पहले नोटिस देंगे, 3 महीने में नहीं सीखे तो लाइसेंस रद्द होगा

भारतीय मानक ब्यूरो
(रायपुर शाखा कार्यालय)
मानकालय, प्लॉट नंबर 13 - सी, सेक्टर 24,
नवा रायपुर - अटल नगर, छत्तीसगढ़ -492101

प्रकाशित निविदा दस्तावेज के लिए सूचना

TENDER DETAILS
बिड संख्या GEM/2026/B/7891301
दिनांक : 12.08.2026
स्थान : रायपुर

भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर के लिए **Monthly Basis Cab & Taxi Hiring Service- Sedan; 2500 x 320 Hours, Outstation** के लिए दो पैकेट निविदा प्रणाली के तहत बोलियां GeM पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। इसमें Monthly Basis Cab & Taxi Hiring Service-Sedan; 2500x320 Hours, Outstation के लिए बिड संख्या GEM/2026/B/7891301 शामिल है। निविदा दस्तावेजों को हमारे बीआईएस पोर्टल पर निम्नलिखित लिंक द्वारा देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है: https://www.bis.gov.in/tender-details/?lang=hi निविदा दस्तावेजों को जेम पोर्टल पर निम्नलिखित लिंक द्वारा भी देखा जा सकता है: https://bidplus.gem.gov.in/all-bids
बिड की अंतिम वैधता 02.09.2026 है।

प्रमुख (राशाका), भारतीय मानक ब्यूरो

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बेमेतरा

:: विद्युत अवरोध की सूचना ::

(सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्र. कम्प. लिमि. बेमेतरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न दिनांक को **220 के.व्ही. गुनरबोढ़ फीडर में अति आवश्यक निर्माण एवं सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है।** अतः नीचे दिये गये तिथि एवं समय **सुबह 11:00 से दोपहर 02:00 बजे तक** विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। आवश्यकतानुसार समय-सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक / दिन	220 के.व्ही. फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	21.08.2026 / शुक्रवार	220 के.व्ही. गुनरबोढ़ फीडर	बेमेतरा शहर, कोबिया, अमोरा, खिलोरा, मटका, डुंड़ा, झाल, कारेसरा, लोलेसरा, खाती, हथमुडी उपकेन्द्र तथा इन उपकेन्द्रों से ऊर्जीकृत समस्त उच्च दाब कनेक्शन की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

असुविधा के लिए खेद है

जे.एस.भटनागर
कर्म. संख्या 91310614
कार्या. कार्यपालन यंत्री (संचा. एवं संधा.)
संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्र.कम्प.लिमिटेड बेमेतरा

संवादः-

पेज एक के शेष

फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र- बहरे बनकर 186 बन...

उनमें अधिकतर लोग फर्जी बहरे हैं। इनके खिलाफ शिकायतों के बाद शुरुआती कार्रवाई हुई है, लेकिन ये मामला अदालत में भी लंबित है। इसी बीच छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने इस मामले में कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा था। सरकार ने इस पर संज्ञान लिया। इस सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की एक संयुक्त बैठक हुई । इस बैठक के बाद संभावना बनी है कि मामले में कड़ी और बड़ी कार्रवाई जल्द हो सकती है।

7 डिप्टी कलेक्टर...

प्रमाण पत्र रखने का संदेह है उनमें सीजी पीएससी से चयनित होकर डिप्टी कलेक्टर बने 7 अधिकारी शामिल है। इनके साथ ही 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखाधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, और 2 सहकारिता निरीक्षक है। यह सूची काफी लंबी है जिसमें 65 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, व्याख्याता, शिक्षक, 13 उपअभियंता, 24 ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी से लेकर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदि शामिल है।

राजीव मिशन फर्नीचर घोटाला, 15 साल ...

814 रुपये की शासकीय राशि के गबन की पुष्टि हुई है। आरोप है कि मेसर्स दर्शन फेब्रिकेशन के संचालक संजय पटेल ने बिना फर्नीचर की आपूर्ति किए फर्जी बिल प्रस्तुत कर भुगतान प्राप्त किया और राशि का एक हिस्सा तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक सत्यप्रकाश पाण्डेय को दिया। एसीबी ने दोनों आरोपियों को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(डी), 13(2) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 420 और 409 के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसीबी द्वारा मामले में आगे की जांच और पुलिस रिमांड की कार्रवाई की जा रही है।

आपूर्तिकर्ताओं से भी कमीशन : जांच में यह भी सामने आया कि सत्यप्रकाश पाण्डेय ने अन्य फर्नीचर आपूर्तिकर्ताओं से भी कमीशन लिया था। इन मामलों की जांच अलग से जारी है। वहीं रायपुर की एक फर्म के संचालक की दो वर्ष पहले मृत्यु हो जाने के कारण उसके खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं हो सकी है। एसीबी के डीएसपी प्रमोद खेस ने बताया कि जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

46 पैसे के कर्ज पर लगा...

उन्हें केवल 46 पैसे की बकाया पर एचडीएफसी बैंक की ओर से 1200 रुपए का जुर्माना लगाया गया। समीर कागलकर जो भारत सरकार में सचिव भी रह चुके हैं, उन्होंने क्रेडिट कार्ड के लेट फीस पेमेंट पर बैंक से सवाल किया है। समीर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रिय एचडीएफसी बैंक लिखकर कहा- आपने मुझे 10,649.46 रुपये का क्रेडिट कार्ड बिल भेजा था। गलती से मैंने 10,649.00 रुपए का भुगतान किया (46 पैसे कम रह गए)।

राशिफल

मेष — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

तुला — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

वृश्चिक — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

मकर — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

मीन — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

आजम के ठिकानों पर ईडी की रेड

दिल्ली से लेकर रामपुर-सहारनपुर तक 10 जगह छापेमारी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार सुबह-सुबह आजम खान और उनसे जुड़े सहयोगियों के 10 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के रामपुर, सहारनपुर और देश की राजधानी नई दिल्ली में एक साथ जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईडी की यह रेड 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। जांच एजेंसी की टीमें आजम खान के वित्तीय लेन-देन, वित्तीय अनियमितताओं और संदिग्ध फंडिंग की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई कर रही हैं।

यह है मामला

जांच एजेंसियों के अनुसार, यह मामला सरकारी ठेकों में हुई वित्तीय अनियमितताओं और निजी ठेकेदारों के जरिए फंड के कथित डायवर्जन से जुड़ा हुआ है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कुछ निजी ठेकेदारों ने सरकारी ठेकों से मिले फंड का एक बड़ा हिस्सा गैर-कानूनी तरीके से मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी में ट्रांसफर किया। इस धन का इस्तेमाल भारी भरकम डोनेशन और यूनिवर्सिटी की संपत्तियों तथा निर्माण कार्यों में किया गया।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री ईश्वर साहू पिता श्री महेश साहू उम्र वर्ष, निवासी- गया नगर वार्ड नंबर- 06, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की ओर से सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री विवेक कुमार आ. श्री धनेशदास सतनामी निवासी सड़क नंबर 11, क्वार्टर नंबर-12/ई, सेक्टर-2 भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के ग्राम रेंगाकठेरा, प.ह.नं. 55. रा.नि.मं. जालबांधा, तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़, छुईखदान गण्डई छ.ग. स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर - 634/2, 659/2, 752/2, 776, 985/2 एवं 1194/2 रकबा क्र.- (हे. में) 0.3240 0.5830 0.8130, 0.0400, 0.2220, 0.4850 हे. कुल रकबा 2.4670 हे. को क्रय करने का सौदा किया गया है और सही मेरा पक्षकार उपरोक्त विक्रेता को सम्पूर्ण प्रतिफल (15,00,000 अक्षरी पन्द्रह लाख रू.) प्रदान कर चुका है। विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराये जाना शेष है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार के उपरोक्त उपर वर्णित सौदासुदा भूमि को अन्य व्यक्ति को विक्रय करने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसलिए मेरा पक्षकार इस आम सूचना द्वारा यह सूचित करता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरे पक्षकार के उपरोक्त सौदासुदा भूमि को क्रय /विक्रय या अन्य किसी भी प्रकार का सौदा न करे, यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरे पक्षकार के सौदाशुदा भूमि को क्रय/विक्रय करने का सौदा करता है तो वह अवैध एवं शून्य होगा तथा जिसमें मेरा पक्षकार बंधनकारी नहीं होगा।

सूचना जाने।

दिनांक- 19/08/2026

भवदीय
ज्ञानचंद टेम्भुरकर (अधिवक्ता)
मो.नं. 9907476277

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता **श्रीमती सुरजा बाई** वगैरह **पति-** श्री जनक, निवासी ग्राम किरना, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति/ कृषि भूमि, जो कि ग्राम- **किरना**, प.ह.नं. **00010**, रा.नि.- **टंडवा**, तहसील- **तिल्दा**, जिला- **रायपुर (छ.ग.)** में स्थित है, जिसका खसरा नंबर- खसरा नंबर- **8/6**, रकबा **0.3240 हेक्टेयर** तथा खसरा नंबर-**13**, रकबा- **0.0850 हेक्टेयर** अर्थात् कुल खसरों की संख्या- **2 (दो)**, कुल रकबा- **0.4090 हेक्टेयर** भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है, अब मात्र बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के सौदे एवं संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय या अर्द्धशासकीय निकाय या कंपनी, मंडल अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा या आपत्ति हो अथवा उपरोक्त वर्णित संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष पेश करें, अन्यथा उक्त समयावधि के अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति के बैनामा का निष्पादन व पंजीयन करा लिया जावेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर दावा या आपत्ति आदि असत्य शून्य एवं सारहीन व विधि शून्य माना जावेगा तथा ऐसी उजर दावा या आपत्ति मेरे पक्षकार पर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी। "तद्नुसार सूचना

भवदीय
पंकज शर्मा, नितेश कुमार सिंह (अधिवक्तागण)
पता- सिविल कोर्ट, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर छ.ग. मो. नं.-9827736861
दिनांक 18/08/2026

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

क्रमांक /213/चार/रा.वि./2026/150A भिलाई, दिनांक 18/08/2026

**-::: निविदा आमंत्रण

खबर संक्षेप

फैशन सिटी ने एक्टर आर्यन को बनाया ब्रांड एंबेसडर

रायपुर। पूरे भारत की तेजी से बढ़ते वैल्यू रिटेल चेन में से ग्राहकों



का हिस्सा एक ब्रांड फ़ैशन सिटी ने नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले बॉलीवुड के स्टार एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। यह कंपनी की ग्रोथ की यात्रा में एक बड़ा अहम पड़ाव है। यह जुड़ाव फ़ैशन सिटी की आधुनिक भारतीय परिवारों की उम्मीदों से जुड़ने और देश भर में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2002 में अपनी शुरुआत के बाद से बाजार रिटेल प्राइवेट लिमिटेड भारत के प्रमुख बेहतरीन वैल्यू रिटेल ब्रांडों में से एक बन गया है। इसने क्वालिटी, किफायती दाम और वैरायटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से लाखों लोगों का भरोसा जीता है।

देश का टैंकर निर्यात पहली छमाही में छह गुना बढ़ा



नई दिल्ली। भारत का टैंकर निर्यात चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में छह गुना से अधिक होकर 1.36 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले समान अवधि में 22.11 करोड़ डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। यह देश की बढ़ती जहाज निर्माण और समुद्री इंजीनियरिंग क्षमता को दर्शाता है। इस दौरान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य रहा। टैंकर बड़े आकार के परिवहन पोत होते हैं, जिन्हें तरल पदार्थों तथा गैस की बड़ी मात्रा में ढुलाई के लिए तैयार किया जाता है। ये वैश्विक ऊर्जा नेटवर्क एवं औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं का अहम हिस्सा हैं।

शिपरॉकेट का निर्गम 48% बढ़त के साथ सूचीबद्ध



नई दिल्ली। ई-कॉमर्स समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी शिपरॉकेट लिमिटेड का शेयर बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने 97 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 48 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 33.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 129.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

सिम्बायोटेक का आईपीओ 24 अगस्त को खुलेगा



नई दिल्ली। सिम्बायोटेक फार्मालैब लिमिटेड का 1,757 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 अगस्त को खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 938-988 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ 150 करोड़ रुपये के नए शेयर तथा करीब 1,607 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा।

बुकमायशो में हिस्सेदारी हासिल करेगी केकेआर



नई दिल्ली। वैश्विक निवेश कंपनी केकेआर ने टिकट बुकिंग से जुड़े मंच बुकमायशो में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौते किए हैं। इस सौदे के वित्तीय विवरणों का खुलासा नहीं किया गया है। बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, इस निवेश का मकसद बुकमायशो की वृद्धि को बढ़ावा देना है। केकेआर में 'इंडियन प्राइवेट इक्विटी' के प्रमुख अक्षय तन्ना ने कहा, बुकमायशो भारत में उच्च गुणवत्ता वाले मनोरंजन अनुभव उपलब्ध कराने में अग्रणी रहा है।

आधी महिला किसानों की गिनती नहीं, उत्पादन में होता है नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेती-किसानी का काम करने वाली भारत की आधी महिलाओं को आधिकारिक तौर पर कृषक नहीं माना जाता है। पहचान की इस कमी के कारण देश को हर साल खेती के उत्पादन में 1.2 से दो लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। एग्री-कॉमर्स मंच आर्या.एजी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'हर हार्वेस्ट 2026: भारतीय कृषि में महिलाओं के अदृश्य कार्यों की छुपी लागत' शीर्षक की इस रिपोर्ट में पाया गया कि खेती में काम करने वाली 50.5 प्रतिशत महिलाओं को पारिवारिक खेतों में बिना वेतन के मदद करने वाले के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा 21.7 प्रतिशत है।

महिलाएं पारिवारिक खेतों में बिना वेतन के मदद करने वाली दर्ज

कम संसाधनों के साथ खेती कर रही

एफएओ के इस अनुमान को भारत के 48.7 लाख करोड़ रुपये के कृषि सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) पर लागू करने से सालाना नुकसान का आंकड़ा 1.2 से दो लाख करोड़ रुपये बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा इसलिए नहीं है कि महिलाएं कम कुशलता से खेती करती हैं, बल्कि इसलिए है क्योंकि वे कम संसाधनों के साथ खेती करती हैं।



उत्पादन में होता है दो लाख करोड़ रुपए तक का नुकसान

खेती महिलाओं को रोजगार देने वाला सबसे बड़ा क्षेत्र : पीएलएफएस 2023–24, कृषि जनगणना 2015–16, एफएओ, आईएलओ, भारत सरकार के स्रोत, आईएफसी और आर्या.एजी की जानकारियां शामिल हैं। भारत में महिलाओं को रोजगार देने वाला सबसे बड़ा क्षेत्र खेती ही है।

महिलाओं को 20-30 प्रतिशत तक कम मजदूरी : महिला खेतिहर मजदूरों को पुरुषों के मुकाबले उसी काम के लिए 20-30 प्रतिशत कम मजदूरी मिलती है। महिलाओं को किसान के तौर पर मान्यता देने, महिला किसानों के लिए कृषि ऋण की सुविधाएं बढ़ाने, ड्रोन, सलाहकार सेवाओं और बाजार की प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

सरकारी लाभ नहीं मिल पाता

सरकारी आंकड़ों में, 'मददगार' को 'खेती करने वाला' नहीं माना जाता है। जिस महिला को खेती करने वाला नहीं माना जाता, उसे ऋण, विस्तार सेवाएं, खरीद प्रणालियां, लागत सब्सिडी या उन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता जो जमीन के मालिकाना हक के रिकॉर्ड के आधार पर दिए जाते हैं।

देश की काम करने वाली 64 फीसदी महिलाएं खेती से जुड़ी

देश की काम करने वाली महिलाओं में से 64.4 प्रतिशत खेती से जुड़ी हैं, जबकि 2017-18 में यह आंकड़ा 57 प्रतिशत था। ग्रामीण इलाकों में काम करने वाली महिलाओं के मामले में यह हिस्सेदारी बढ़कर 76.9 प्रतिशत हो जाती है।

सेबी चेयरमैन पांडेय ने बाजार भागीदारों को किया आगाह

सीएएस को बदनाम करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा: सेबी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को आगाह किया कि समापन नीलामी सत्र (सीएएस) यानी बाजार बंद होने के बाद शेयर के अंतिम भाव तय करने की व्यवस्था को "बदनाम" करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पूंजी बाजार नियामक सख्ती से कार्रवाई करेगा।

- व्यवस्था को बदनाम करने के किसी भी प्रयास पर कार्रवाई
- सीएएस व्यवस्था को तीन अगस्त से लागू किया गया
- सीएएस में हेरफेर पकड़ने की सेबी की क्षमता पहले से अधिक

सीएएस को तीन अगस्त को लागू किए जाने के बाद बाजार भागीदारों की ओर से जताई गई विभिन्न चिंताओं के बीच पांडेय ने कहा कि सीएएस में हेरफेर पकड़ने की सेबी की क्षमता उस पुरानी मात्रा भारांश औसत कीमत (वीडब्ल्यूएपी) प्रणाली की तुलना में अधिक है, जिसकी जगह इसे लागू किया गया है।

हेरफेर करने वाले आसानी से पकड़ में आएंगे

पांडेय ने यहां उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर कहा, "हम सीएएस में हेरफेर को अपेक्षाकृत आसानी से पकड़ सकते हैं। सीएएस पारदर्शिता के लिए है। अगर किसी को लगता है कि वे नई प्रणाली को बदनाम करने के लिए इसमें हेरफेर करेंगे, तो वे मुसीबत में पड़ेंगे।"



सीएएस व्यवस्था में भागीदारी बढ़ रही

सेबी प्रमुख ने कहा कि सीएएस व्यवस्था में भागीदारी बढ़ रही है और उन्होंने विशेष रूप से म्यूचुअल फंड तथा अपने खाते से कारोबार करने वाले लोगों द्वारा इसे अपनाए जाने का उल्लेख किया। पांडेय ने कहा, "मुझे लगता है कि सीएएस में भागीदारी में सुधार हो रहा है और आगे भी इसमें सुधार होगा। हम भागीदारी में आ रही बाधाओं को देख रहे हैं। सेबी के अनुसार, दुनिया के प्रमुख बाजारों में पिछले दो वर्षों तक सीएएस जैसी व्यवस्था अपनाई गई है।

शुरुआत में कुछ समस्याएं आई थी सामने : *इस व्यवस्था की शुरुआत के बाद कुछ समस्याएं सामने आई थीं, जिन्हें सेबी प्रमुख पहले "शुरुआती दिक्कतें" बता चुके हैं। उन्होंने बाजार भागीदारों से नई व्यवस्था को समझने के लिए अधिक प्रयास करने और सीएएस को समर्थन देने वाली प्रौद्योगिकी प्रणालियों को अपनाने की भी अपील की थी।*

अधिक पारदर्शिता लाने सीएएस शुरू : सेबी ने बाजार में हेरफेर रोकने और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए सीएएस शुरू किया है। कारोबार समाप्त होने से पहले निर्धारित समयावधि में खरीद और बिक्री के ऑर्डर को तत्काल निष्पादित करने के बजाय एकत्र किया जाता है और नीलामी आधारित ऑर्डर मिलान प्रक्रिया के तहत उनको मिलाया जाता है।

बाजार में सट्टेबाजी कम करना उद्देश्य

गौरतलब है कि सेबी के इसी तरह के एक पिछले अध्ययन में सामने आया था कि खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान हुआ। ऐसी खबरें भी सामने आई थीं कि कुछ लोगों ने बाजार में नुकसान के कारण आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाए। इसके बाद सेबी ने बाजार में सट्टेबाजी कम करने और निवेशकों की सुरक्षा के उद्देश्य से कई उपाय किए।

व्यक्तिगत निवेशकों को नुकसान घटा

इस महीने की शुरुआत में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वायदा-विकल्प कारोबार में व्यक्तिगत निवेशकों का नुकसान वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर 91,685 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1.1 लाख करोड़ रुपये था। सम्मेलन को पहले संबोधित करते हुए पांडेय ने कहा कि सेबी जल्द ही बाजारों में कृत्रिम मेधा (एआई)/मशीन लर्निंग के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए दिशानिर्देश जारी करेगा।

चीन में बेरोजगारी दर बढ़कर जुलाई में 18 प्रतिशत पहुंची



- चीन में 16-24 वर्ष के युवाओं में बेरोजगारी दर बढ़ी
- सुस्त अर्थव्यवस्था में 1.27 करोड़ स्नातकों से बेरोजगारी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन में 16-24 वर्ष के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर जुलाई में बढ़कर 17.9 प्रतिशत हो गई। सुस्त अर्थव्यवस्था के बीच रिकॉर्ड 1.27 करोड़ विश्वविद्यालय स्नातकों के नौकरी बाजार में प्रवेश करने से बेरोजगारी दर बढ़ी है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, छात्रों को छोड़कर इस आयु वर्ग में बेरोजगारी दर जून के 14.9 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई में 17.9 प्रतिशत हो गई। यह हाल के वर्षों में बेरोजगारी दर का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्त, 2025 में यह 18.9 प्रतिशत रही थी, जबकि जून, 2026 में यह 17.8 प्रतिशत थी। जुलाई-अगस्त में रिकॉर्ड 1.27 करोड़ विश्वविद्यालय स्नातक नौकरी बाजार में आए, जो पिछले साल की तुलना में चार प्रतिशत अधिक हैं। इस दौरान 25-29 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर भी जून के 7.1 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई में 7.2 प्रतिशत हो गई।

विशेषज्ञों का कहना है कि चीन में आर्थिक वृद्धि की धीमी रफ्तार के कारण रोजगार के अवसरों में आई कमी इसकी प्रमुख वजह है। जून तिमाही में चीन की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत रही, जो 2022 के अंत के बाद सबसे धीमी तिमाही वृद्धि है। जनवरी-मार्च तिमाही में यह पांच प्रतिशत थी।

निर्माण व रियल एस्टेट क्षेत्र में भी रोजगार नहीं

हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना पोस्ट' के मुताबिक, आर्थिक सुस्ती के बीच संपत्ति क्षेत्र की कमजोरी, घरेलू मांग में कमी और निजी निवेश में सतर्कता ने रोजगार बाजार पर दबाव बढ़ाया है। निर्माण, रियल एस्टेट और संबद्ध क्षेत्र भी पहले की तरह युवाओं तथा प्रवासी श्रमिकों को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं।

कच्चे तेल में तेजी से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 326 अंक और निफ्टी 77 अंक टूटा
- कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक धारणा प्रभावित

अमेरिका-ईरान विवाद का कोई कूटनीतिक समाधान नहीं निकलने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार बुधवार को नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 326 अंक टूटा जबकि निफ्टी में 77 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 325.78 अंक गिरकर 76,909.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 412.57 अंक तक गिरकर 76,822.89 अंक पर आ गया था।यह सेंसेक्स में गिरावट का लगातार चौथा कारोबारी सत्र रहा। इसी तरह निफ्टी 76.60 अंक गिरकर 24,078.30 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार सातवां सत्र है। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, इटर्नल (जोमैटो), कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका

60 दिन का अस्थायी अमेरिका-ईरान संघर्षविराम किसी ठोस कूटनीतिक समाधान के बगैर खत्म हो जाने से ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका बढ़ गई है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है।

बाजार में जोखिम से बचने की धारणा मजबूत हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्षविराम की अवधि खत्म होने के बाद भी विवाद का कोई कूटनीतिक समाधान नहीं निकलने से कच्चे तेल की कीमतों और बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी हुई, जिससे बाजार में जोखिम से बचने की धारणा मजबूत हुई।

- विश्व स्वर्ण परिषद ने संभावना जताई
- त्योहारी मौसम में मजबूती की उम्मीद

सोने की कीमतों में आई नरमी से ग्राहक मांग सुधरी : डब्ल्यूजीसी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में सोने की मांग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। सोने की अपेक्षाकृत कम और स्थिर कीमतों को खरीदारी के अवसर के रूप में देखे जाने से आगामी त्योहारी मौसम में बिक्री मजबूत रहने की उम्मीद बढ़ी है।

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह संभावना जताई है। डब्ल्यूजीसी की 'इंडिया गोल्ड मार्केट अपडेट' रिपोर्ट कहती है कि आभूषणों की मांग में सुधार हुआ है और शादी-विवाह से इतर भी सोने की खरीदारी बढ़ी है।



कीमतों में उतार-चढ़ाव के बाद उपभोक्ताओं की खरीदारी बढ़ने से खुदरा विक्रेताओं और विनिर्माताओं ने त्योहारी मौसम से पहले अपना स्टॉक बढ़ाना शुरू कर दिया है।

भौतिक सोने में निवेश की मांग कम हुई

कीमतों में तेजी के दौरान भौतिक सोने में निवेश की मांग कुछ कम हुई, लेकिन यह अब भी मजबूत बनी हुई है। हाल में कीमतों में फिर तेजी आने से निवेशकों की सोने में दिलचस्पी भी बढ़ी है। सोने का आयात भी जुलाई के दौरान बढ़ा। लगातार दो महीने की कमजोरी के बाद जुलाई में सोने का आयात मूल्य बढ़कर 4.16 अरब डॉलर हो गया, जो जून के 1.97 अरब डॉलर की तुलना में दोगुने से अधिक है।

सोना 800 रुपए सस्ता, चांदी में 5,730 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 800 रुपये घटकर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण निवेशकों का भरोसा कम हुआ।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, भारी बिकवाली के कारण चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई। यह 5,730 रुपये घटकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,40,730 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- कंपनी कृषि मशीनरी एवं निर्माण उपकरण बनाती है

एस्कॉर्ट्स कुबोटा नए संयंत्र पर 2000 करोड़ रुपए करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कुबोटा यीडा क्षेत्र में नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी

कृषि मशीनरी एवं निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि औद्योगिक क्षेत्र यीडा में गौतम बुद्ध नगर के सेक्टर-10 स्थित 154 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित यह संयंत्र उसकी प्रवर्तक कंपनी कुबोटा समूह की सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई में से एक होगा।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा के अनुसार, संयंत्र का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा और इसमें कुल अनुमानित निवेश 2,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा। यहां ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, निर्माण उपकरण और इंजन का विनिर्माण किया जाएगा।

एलएंडटी टेक्नोलॉजी को मिला 7.5 करोड़ डॉलर का ठेका...



नई दिल्ली। लार्सन एंड टूब्रो टेक्नोलॉजी सर्विसेज (एलटीटीएस) को एक वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी से 7.5 करोड़ डॉलर (करीब 718 करोड़ रुपये) से अधिक का पांच साल का ठेका मिला है। एलटीटीएस ने ठेका देने वाली कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया है। शेयर बाजार को बुधवार को दी गई जानकारी के अनुसार, समझौते की शर्तों के तहत ठेका देने वाली कंपनी की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। एलटीटीएस समझौते के तहत कंपनी के वैश्विक खंड के लिए अगली पीढ़ी के समाधान के विकास में तेजी लाने के लिए अपनी 'इंजीनियरिंग इंटेलिजेंस' (ईआई) क्षमताओं को इस्तेमाल करेगी।

नीतिगत शोध संस्थान 'द डायलॉग' की भारतीय परिदृश्य पर रिपोर्ट

एआई के सामने कुशल प्रतिभाओं की कमी बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनियों के पास कुशल प्रतिभाओं और आंकड़ों के मानकीकरण की कमी है

भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र के सामने प्रमुख चुनौती बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों का बाजार पर दबदबा या भेदभावपूर्ण व्यवहार न होकर कुशल प्रतिभाओं और आंकड़ों के मानकीकरण की कमी हैं। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नीतिगत शोध संस्थान 'द डायलॉग' की भारतीय एआई परिदृश्य पर जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत का एआई क्षेत्र तेजी से विकास और विस्तार के दौर में है, लेकिन प्रतिभाओं की कमी और आंकड़ों के इस्तेमाल से जुड़ी बाधाएं इसके विकास को प्रभावित कर रही हैं।

आंकड़ो की कमी बड़ी चुनौती

रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 63.2 प्रतिशत एआई डेवलपर ने आंकड़ों के मानकीकरण की कमी को सबसे बड़ी चुनौती बताया है। यह कॉपीराइट से जुड़ी चिंता (44 प्रतिशत) और आंकड़ों की कमी (42 प्रतिशत) से कहीं अधिक है। सरकारी आंकड़ों तक पहुंच भी काफी सीमित है। केवल 15 प्रतिशत प्रतिभागियों ने माना कि सरकार के पास उपलब्ध आंकड़े आसानी से सुलभ हैं।



ग्राहक स्तर पर एआई को अपनाना बड़ी चुनौती : इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए कुल 308 स्टार्टअप कंपनियों, कारोबारी उपयोगकर्ताओं और उपभोक्ताओं के बीच सर्वेक्षण किया गया। इसमें 47.2 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता को प्रतिस्पर्धा के लिए बड़ी बाधा बताया। ग्राहक स्तर पर एआई को अपनाना भी इतनी ही बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया।

एआई को विकसित करने विशेष कौशल की जरूरत

'द डायलॉग' की वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका अग्रवाल ने कहा, "एआई की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए प्रतिभाओं की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण बाधा बन रही है। एआई प्रणालियों को विकसित करने, प्रशिक्षित करने, लागू करने और बड़े स्तर पर इस्तेमाल करने के लिए विशेष कौशल की जरूरत होती है।

भारत में एआई ओपन-सोर्स मॉडल पर निर्भर

रिपोर्ट में भारत के एआई क्षेत्र में ओपन-सोर्स मॉडल और उपकरणों पर भारी निर्भरता भी सामने आई। एआई स्टार्टअप और डेवलपर में से 96.2 प्रतिशत ने किसी न किसी रूप में ओपन-सोर्स मॉडल या उपकरणों के इस्तेमाल की बात कही, जबकि 62.3 प्रतिशत ने इस पर अपनी निर्भरता को 'उच्च' स्तर पर बताया।

प्रतिस्पर्धा बढ़ाने बाजार का व्यवहार जरूरी नहीं

रिपोर्ट के मुताबिक, एआई क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए केवल बड़ी कंपनियों के बाजार व्यवहार पर ध्यान देना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि प्रतिभाओं और उपयोगी एवं मानकीकृत आंकड़ों की उपलब्धता बढ़ाना भी जरूरी है।

वेदांता का कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने एक अरब डॉलर का निवेश

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लि. ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले पांच वित्त वर्षों में शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में विभिन्न उपायों पर एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया। कंपनी ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के मकसद से पिछले पांच वित्त वर्षों (2021-22 से 2025-26) में यह निवेश नवीकरणीय ऊर्जा, कम कार्बन वाले ईंधन, ऊर्जा दक्षता और प्रौद्योगिकी आधारित उपायों में किया। कंपनी के अनुसार, इस बदलाव के तहत 2025-26 में समूह द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़कर 400 करोड़ यूनिट हो गया। यह करीब तीन करोड़ भारतीय परिवारों की सालाना बिजली खपत के बराबर है।

भारत के 5 धुआंधार गोल और पाकिस्तान बाहर

एफआईएच विश्व कप : अंकतालिका में दूसरे नंबर पर टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

पाकिस्तान के खिलाफ पिछले एक दशक से चले आ रहे अजेय अभियान को जारी रखते हुए भारत ने एफआईएच विश्व कप के अहम मुकाबले में बुधवार को चिर प्रतिद्वंद्वी को 5-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया जबकि इस हार के साथ पाकिस्तान की पहले दौर से रवानगी तय हो गई। 8 साल बाद विश्व कप खेल रही पाकिस्तानी टीम पहले क्वार्टर में ही दो गोल गंवाने के बाद दबाव में आ गई थी। दूसरे क्वार्टर में दो गोल करके उसने वापसी की कोशिश की लेकिन भारतीय टीम अपेक्षा के अनुरुप उस पर भारी पड़ी।



विश्वकप में 16 साल बाद भिड़े भारत-पाक

भारत और पाकिस्तान विश्व कप में 16 साल बाद आमने सामने थे और पिछली बार दिल्ली में 2010 विश्व कप में भी भारत ने पाकिस्तान को 4-1 से हराया था। वेगनेर स्टेडियम पर दोनों टीमों की टक्कर 1973 में हुई थी जब भारत ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में एक गोल से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पाकिस्तान के लिए यह मैच करो या मरो का था, जिसे इंग्लैंड ने 4 -1 से हराया था जबकि वेल्स के खिलाफ मैच ड्रॉ रहा था।

महज 35 मिनट में जीतीं सिंधू, उलटफेर का शिकार लक्ष्य

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप: आयुष ने अगले दौर में बनाई जगह, सात्विक-चिराग को वाकओवर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लक्ष्य सेन बुधवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अमेरिका के गैरेट टैन के खिलाफ हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और उभरते हुए स्टार खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

लक्ष्य पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक टैन की तेज गति, आक्रामक खेल और चकमा देने की रणनीति का सामना नहीं कर सके और 21-19, 19-21, 17-21 से हार गए। सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग को 21-16, 21-17 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। सिंधू ने यह मुकाबला महज 35 मिनट में जीता। सिंधू का अगला मुकाबला चीन की तीसरी वरीय वांग झी यी से होगा। आयुष शेट्टी ने श्रीलंका के डुमिंदु अबेयविक्रमा को 21-8, 21-10 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना इंडोनेशिया के मजबूत खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।



प्री क्वार्टर फाइनल में सात्विक-चिराग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की पुरुष युगल जोड़ी भी वॉकओवर मिलने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारत की पांचवीं वरीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली थी और दूसरे दौर में उसका सामना स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डुन और एडम प्रिंगल से होना था।

उन्नति को करना पड़ा हार का सामना

ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ने भी मकाऊ के लियोंग इओक चोंग और एनजी वेंग ची को 21-11, 21-11 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्नति को राउंड ऑफ 32 मुकाबले में पहला गेम जीतने के बावजूद कनाडा की 12वीं वरीय मिशेल ली के खिलाफ 21-11, 9-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में सबालेंका की 50वीं जीत



एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। सबालेंका ने 54 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने वांग शिन्यु को 6-1, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ, सबालेंका अब अपने करियर में 45 डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई हैं। उनकी इस जीत ने सिनसिनाटी में जीत के मामले में उन्हें सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे आगे कर दिया है। सबालेंका के नाम अब डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में 50 करियर जीत है। सबालेंका 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से ऐसा करने वाली सेरेना विलियम्स (104) और इगा स्वियाटेक (58) के बाद तीसरी खिलाड़ी हैं।

■ सिनसिनाटी ओपन के राउंड ऑफ 16 में पहुंची आर्यना

चौथे राउंड में मीरा और कोको

इस बीच, नंबर 5 सीड मीरा एंड्रीव नंबर 32 सीड जेनिस त्जेन को हराकर चौथे राउंड में पहुंच गईं। एंड्रीव ने 1 घंटे 42 मिनट तक चले इस मैच में 6-1, 7-6(5) से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोको गॉफ ने भी एन ली पर 6-1, 7-6 (3) से जीत हासिल करके चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली।

टेस्ट सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त, सुथार ने झटके 10 विकेट

■ टीम इंडिया ने श्रीलंका को पहले टेस्ट में 165 रन से हराया

भारत ने जीता अपना 600वां टेस्ट मैच, श्रीलंका को दी मात

एजेंसी ▶▶| गॉल

बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मैच में 10 विकेट लिए, जिससे भारत ने बुधवार को श्रीलंका को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 165 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। श्रीलंका की टीम 372 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी में 206 रन बनाकर आउट हो गई।

भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाकर श्रीलंका को 284 रन पर आउट कर दिया था। इस तरह से उसे 178 रन की मजबूत बढ़त मिली थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। भारत के लिए यह मैच इसलिए भी खास हो गया क्योंकि यह भारत का 600वां टेस्ट मैच था।

दिनुशा और डिसिल्वा ने खेली शानदार पारी

श्रीलंका की तरफ से सोनल दिनुशा ने सर्वाधिक 84 रन बनाए जबकि कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने 59 रन की पारी खेली। मानव सुथार भारत की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 6 विकेट लिए। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 16 रन देकर दो जबकि रविंद्र जडेजा (71 रन देकर 1) और मोहम्मद सिराज (15 रन देकर 1) ने एक-एक विकेट लिया।



मानव ने बदला खेल का रुख

जैसे ही सुथार ने टेस्ट मैच में अपना 10वां विकेट लिया, शुभमन गिल ने राहत की सांस ली होगी क्योंकि मैच खत्म होने के पांच मिनट के भीतर ही भारी बारिश शुरू हो गई थी। मानव ने दूसरी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में यह कारनामा किया था। श्रीलंका ने लंच के बाद छह विकेट पर 175 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसे 199 रन तक पहुंचाया। लेकिन मानव के गेंद संभालने के बाद खेल का रुख बदल गया। बाएं हाथ के स्पिनर ने 76वें ओवर में छह गेंदों के अंतराल में सोनल दिनुशा, प्रभात जयसूर्या और लाहिरू कुमारा को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंका का स्कोर नौ विकेट 199 रन पर हो गया। उन्होंने इसके बाद केशारा नुवांता को आउट करके मैच का अंत किया।

डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल

टीम इंडिया को मिला जबरदस्त फायदा



एजेंसी ▶▶| गॉल

भारत को श्रीलंका पर जीत का फायदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की प्वाइंट्स टेबल में हुआ है। भारत का जीत प्रतिशत अब 53.33 हो गया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को भी जिंदा रखा है। हालांकि, भारत की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर, श्रीलंका का जीत प्रतिशत हार के बाद अब 33.33 रह गया है। टीम प्वाइंट्स टेबल में छठे नंबर पर काबिज है।

ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार

डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार है और टीम 77.78 के जीत प्रतिशत के साथ टॉप पर बनी हुई है। वहीं, साउथ अफ्रीका 75 के जीत प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर काबिज है। न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत 72.22 है और वह टेबल में तीसरे नंबर पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में हराने के बाद बांग्लादेश का जीत प्रतिशत 66.67 हो चुका है और वह भारत से ठीक एक स्थान ऊपर चौथे नंबर पर है। भारत के लिए यह जीत एक अहम मोड़ पर आई, क्योंकि टीम साउथ अफ्रीका से घरेलू सीरीज में 0-2 से हारने के बाद श्रीलंका सीरीज में उतरी थी। दो बार रनर-अप रही टीम को 2027 के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बनाए रखने के लिए श्रीलंका में मजबूत शुरुआत की जरूरत थी।

खबर संक्षेप



इंग्लैंड-पाकिस्तान टेस्ट अवैस का शर्मनाक रिकॉर्ड

लीड्स। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहला टेस्ट मैच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और सलामी बल्लेबाज अजान अवैस मैच की पहली ही गेंद पर पवेलियन लौटे। ओली रोबिन्सन की अंदर आती हुई गेंद को अजान समझने में पूरी तरह से नाकाम रहे और गेंद सीधा उनके पैड पर आकर लगी, जिसके बाद अंपायर ने तुरंत अपनी उंगली खड़ी कर दी। अजान अवैस टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पाकिस्तान की ओर से मैच की पहली ही गेंद पर आउट होने वाले महज दूसरे सलामी बल्लेबाज बने हैं।

द. अफ्रीका की महिला टी20 टीम का ऐलान



जोहान्सबर्ग। जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका क्रिकेट ने महिला टीम का ऐलान कर दिया है। युवा तेज गेंदबाज कैटलिन विंगार्ड, नथाबिसेंग निनी और ऑफ-स्पिनर लुयांडा न्जुजा को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। नियमित कप्तान लौरा वोल्वार्ट पांच मैचों की इस सीरीज में टीम की कमान संभालेंगी। यह सीरीज 11 से 19 सितंबर तक बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी।

28 चाल में जीते प्रज्ञानानंदा ग्रैंड फाइनल में जगह पक्की

सिंकफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा ने वाचियर-लाग्रेव को हराकर हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर अमेरिका के वेस्ली सो के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। इस जीत से प्रज्ञानानंदा ने संभावित 8 में से 5 अंक हासिल कर लिए हैं और भारतीय खिलाड़ी ने इस साल के अंत में होने वाले ग्रैंड फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रज्ञानानंदा ने केवल 28 चाल में जीत हासिल की।



वेस्ली ने सैमुअल्स के साथ खेला ड्रॉ

वेस्ली ने अपने हमवतन सेवियन सैमुअल्स के साथ एक और ड्रॉ खेला, उसी दिन जावोखिर सिंदारोव ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट को हराया और लगातार तीसरा मैच जीतकर 4.5 अंकों के साथ शीर्ष खिलाड़ियों के करीब पहुंच गए। दिन के एक अन्य महत्वपूर्ण मैच में जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को हराकर सिंदारोव के साथ तीसरे स्थान पर जगह बनाई।

आईसीसी रैंकिंग : चौथी बार टेस्ट में 'नंबर-1' बल्लेबाज बने इंग्लैंड के ब्रूक, हेड को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक बार फिर आईसीसी मेंस टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। ब्रूक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। ब्रूक ने चौथी बार यह शीर्ष स्थान अपने नाम किया है। वह पहली बार दिसंबर 2024 में बतौर बल्लेबाज टेस्ट के बादशाह बने थे। ट्रेविस हेड तीन स्थान नीचे फिसलकर चौथे पायदान पर पहुंच गए हैं।

उनकी रैंकिंग में गिरावट बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में सिर्फ 22 और 17 रन की पारियां खेलने के बाद आई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस मुकाबले में उलटफेर का शिकार होकर 9 विकेट से मैच गंवाना पड़ा था। जो रूट (दूसरे) और स्टीव स्मिथ (तीसरे) भी हेड से आगे निकल गए हैं। स्मिथ ने 71 और 44 रन बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया।



बांग्लादेशी कप्तान शांतो ने लगाई 9 स्थान की छलांग

वहीं, बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 9 स्थान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 20वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। शांतो ने पहली पारी में 84 रन बनाकर जीत की नींव रखी थी। शांतो भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अपने ही देश के लिटन दास जैसे खिलाड़ियों से आगे निकल गए। टीम के साथी मोमिनुल हक (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 31वें) और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 30वें) ने भी इस सूची में अपनी स्थिति बेहतर की, जबकि ट्रैविस हेड मैच में 22 और 17 रन बनाने के बाद शीर्ष रैंक वाले टेस्ट बैटर का स्थान गंवा बैठे। कैमरून ग्रीन की दूसरी पारी में लगाई गई सेंचुरी ने उन्हें पांच स्थान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंचने में मदद की, जबकि मोमिनुल हक (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 31वें), शादमान इस्लाम (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 58वें), मेहदी हसन मिराज (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 59वें) और तंजीद हसन (84 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 88वें) ने भी बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार किया है।

एफआईएच विश्व कप: भारतीय महिला हॉकी टीम की आज इंग्लैंड से टक्कर

भारत का अजेय रहते हुए दूसरे दौर में प्रवेश का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप में पहले दौर के अंतिम मैच में गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके पूल डी की शीर्ष टीम के रूप में अपराजेय रहते हुए दूसरे दौर में प्रवेश करने के इरादे से उतरेगी।

11 खिलाड़ियों का पहला विश्व कप

कोच शोर्ड मारिन की भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। पहले मैच में चीन की कठिन चुनौती के बावजूद ड्रॉ कराने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 6 -1 से हराया और अहम बात यह है कि छह गोल छह अलग-अलग खिलाड़ियों ने किए। भारत की 11 खिलाड़ियों का यह पहला विश्व कप है लेकिन उन्होंने दबाव लिए बिना अपना स्वाभाविक खेल दिखाया है।



बेहतर गोल औसत, शीर्ष पर भारत

पहले ही मैच में चीन को 2 -2 से ड्रॉ पर रोकने के बाद भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से रौंदकर अपना गोल औसत सबसे बेहतर कर लिया है। भारत और चीन के पूल डी में एक जीत और एक ड्रॉ के बाद चार-चार अंक हैं लेकिन भारत ने दो मैचों में 8 गोल किए और तीन ही गंवाए हैं जबकि चीन ने छह गोल किए और चार गंवाए हैं। बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत शीर्ष पर है। चीन से 2-4 से हारी इंग्लैंड टीम के तीन अंक हैं यानी उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा जबकि भारत ड्रॉ खेलने पर भी अगले दौर में पहुंच जाएगा। दक्षिण अफ्रीका दोनों मैच हारकर दौड़ से बाहर ही हो चुका है, जिसे आखिरी मुकाबला चीन से खेलना है।

कोकीन टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद किर्गियोस सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने खुलासा किया कि उनका कोकीन टेस्ट पॉजिटिव आया है और उन्हें अस्थायी रूप से टेनिस से निलंबित कर दिया गया है। किर्गियोस 2022 विंबलडन के एकल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारकर उप विजेता रहे थे। 31 वर्षीय किर्गियोस लगातार चोटों के कारण विश्व रैंकिंग में अभी 919वें स्थान पर काबिज है।

किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर इस मामले की जानकारी साझा की। उन्होंने जून में आयोजित एक निचेल स्तर के टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए लिखा, 'हाल में मल्लोर्का में मेरा ड्रग परीक्षण पॉजिटिव आया, जिसमें मैं कोकीन के लिए पॉजिटिव मिला।'



उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत बड़ी गलती की और इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। प्रतियोगिताओं के दौरान कोकीन को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ माना जाता है। हालांकि प्रतियोगिता से बाहर इसके इस्तेमाल के मामलों में कम सजा का प्रावधान हो सकता है।



दिमाग पढ़ने वाला एआई आ गया! 4 साल पहले ही बता देगा कि किसे होगा डिप्रेशन

बीजिंग। मेंटल हेल्थ और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में एक ऐसा क्रांतिकारी बदलाव आया है जो आने वाले समय में लाखों जिंदगियां बचा सकता है। चीन के शेनजेन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'ब्रेन-रीडिंग' एआई मॉडल डेवलप किया है जो किसी व्यक्ति के चेहरे के हाव-भाव पर मिलने वाले दिमागी रिस्पॉन्स को देखकर यह बता सकता है कि उसे आने वाले 4 सालों में डिप्रेशन होगा या नहीं। इतना ही नहीं, यह टेक्नोलॉजी, फ्यूचर में ऐसे ह्यूमनॉइड रोबोट्स बनाने में भी मदद करेगी जो इंसानों के चेहरे की बारीक एक्सप्रेशन्स को देखकर उनके दिल और दिमाग का हाल समझ सकेंगे।

डिप्रेशन का ग्लोबल संकट और चीनी रिसर्च

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया भर में करीब 33 करोड़ 20 लाख लोग डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रहे हैं। इनमें से एक-तिहाई लोग ऐसे हैं जिन पर पारंपरिक दवाओं का कोई असर नहीं होता, जिसे ट्रीटमेंट-रेसिस्टेंट डिप्रेशन कहा जाता है। अगर अकेले चीन की बात करें तो नेशनल बिजनेस डेली की रिपोर्ट के अनुसार वहां 9 करोड़ 5 लाख लोग इस गंभीर मानसिक समस्या का सामना कर रहे हैं। इस बड़े खतरे से निपटने के लिए शेनजेन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की असिस्टेंट प्रोफेसर लू हान की लीडरशिप में एक टीम ने यह अध्ययन किया है।

जानिए कैसे काम करती है 'ब्रेन-रीडिंग' टेक्नोलॉजी

19 की उम्र में स्कैन और 23 में डिप्रेशन का पता

वैज्ञानिकों ने यूरोपीय देशों के कई टीनेजर्स के एक बड़े डेटासेट का एनालिसिस किया. इस स्टडी में 19 साल की उम्र के युवाओं के दिमाग के एफएमआरआई स्कैन लिए गए। उस समय उनसे 'इमोशनल-फेस टास्क' कराया गया जिसमें उन्हें अलग-अलग चेहरे के हाव-भाव दिखाए गए। इसके बाद वैज्ञानिकों ने उनके खून के सैंपल से जेनेटिक डेटा इकट्ठा किया और प्रश्नावली से उनके मानसिक व्यवहार को मापा। जब ये युवा 23 साल के हुए, तब दोबारा उनका फॉलोअप लिया गया। एआई मॉडल ने 19 साल की उम्र के दिमागी स्कैन को देखकर यह बिल्कुल सटीक भविष्यवाणी कर दी थी कि 23 साल की उम्र में किन युवाओं में डिप्रेशन और एंग्जायटी के गंभीर लक्षण डेवलप होंगे।



चेहरे के हाव-भाव और नेगेटिव बायस का खेल

रिसर्चर लू हान के अनुसार, एक इंसान दूसरों के चेहरे के भावों में आ रहे बदलावों को बहुत आसानी से समझ लेता है और उसी हिसाब से रिएक्ट करता है। उदाहरण के लिए, जब कोई सामने से मुस्कुराता है तो सामान्य व्यक्ति भी दोस्ताना व्यवहार दिखाता है। लेकिन डिप्रेशन के खतरे से जूझ रहे लोगों के दिमाग में ऐसा नहीं होता। डिप्रेशन के प्रति संवेदनशील लोग सामने वाले के हल्के भावों को भी 'गुस्सा' मान लेते हैं। वे हमेशा यह मान बैठते हैं कि सामने वाला इंसान उनसे नाराज है या उन्हें रिजेक्ट कर रहा है।

रोबोट्स का भविष्य

यह रिसर्च केवल डिप्रेशन का इलाज खोजने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोबोटिक्स और 'एम्बॉडीज इंटेलिजेंट ह्यूमनॉइड्स' की दुनिया में नया इंकलाब ला सकती है। अब तक के रोबोटिक एआई सिर्फ चेहरे के एक्सप्रेशन देखकर यह बता पाते थे कि इंसान खुश है या उदास (सिंपल लेबलिंग)। लेकिन, चीनी वैज्ञानिकों का मानना है कि इस नए मॉडल की मदद से रोबोट्स को इंसानी दिमाग की तरह सोचना और देखना सिखाया जा सकता है। भविष्य में बनने वाले रोबोट्स सिर्फ चेहरे के हाव-भाव नहीं देखेंगे, बल्कि इंसान की आंखों के पीछे छिपे असली मूड और न्यूएंस्ड विजुअल डिटेल्स को समझ पाएंगे।

रोचक खबरें

वियतनाम के एक्स मार्केट में होता है बिछड़े प्रेमी-प्रेमिकाओं का मिलन

हनोई। वियतनाम के उत्तर में बसे पहाड़ी इलाकों में एक ऐसी अनोखी परंपरा है जो दुनिया भर के लोगों को हैरान कर देती है। यहां साल में सिर्फ एक बार एक बाजार लगता है, लेकिन यहां सामान बेचने या खरीदने की बजाय लोग अपने पुराने प्रेमियों से मिलने आते हैं।



वियतनाम का प्रसिद्ध खौ वाई लव मार्केट या चो तिन्ह खौ वाई एक ऐसा स्थान है जहां बिछड़े हुए प्रेमी-प्रेमिकाएं साल में एक दिन एकत्रित होते हैं, पुरानी यादें शेयर करते हैं, गाने गाते हैं और फिर अपने वर्तमान जीवन में लौट जाते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई बार उनके वर्तमान पति या पत्नी भी उनके साथ होते हैं, लेकिन कोई जलन या झगड़ा नहीं होता। यह परंपरा सम्मान, समझ और मानवीय भावनाओं का अनोखा उदाहरण है। यह बाजार वियतनाम के उत्तर में स्थित मेओ वाक जिले के खौ वाई कम्यून में लगता है। पहले यह हा जियांग प्रांत में था, लेकिन प्रशासनिक बदलावों के बाद अब यह तुयेन क्वांग प्रांत का हिस्सा है। यह क्षेत्र डोंग वान कार्स्ट पठार का हिस्सा है, जो यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के रूप में जाना जाता है।

मेडिकल साइंस का सबसे बड़ा अजूबा कटी हुई जांघें जुड़ीं और दौड़ने लगा मरीज

बीजिंग। सोचिए अगर किसी हादसे में इंसान के दोनों पैर जांघ से कट कर बिल्कुल अलग हो जाएं, तो क्या वो कभी दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो पाएगा? आम तौर पर इसका जवाब 'नहीं' ही होगा. लेकिन चीन के डॉक्टरों ने एक ऐसा मेडिकल चमत्कार कर दिखाया है जिसे सुनकर पूरी दुनिया हैरान है। एक खौफनाक फैक्ट्री एक्सीडेंट में अपने दोनों पैर गंवा चुके 51 साल के वर्कर को डॉक्टरों ने एक नई जिंदगी दी है। माइक्रोसर्जरी के जरिए कटे हुए दोनों पैरों को दोबारा जोड़कर मरीज को फिर से चला दिया गया है। यह दुनिया में अपनी तरह का पहला मामला है, जहां दोनों जांघों का एक साथ सफल रिप्लांटेशन किया गया है। दिसंबर 2024 में चीन के जिआंगसु प्रांत के सुझोउ शहर में एक खौफनाक हादसा हुआ। 51 साल के फैक्ट्री वर्कर मिस्टर जिआंग अपनी रोजाना की ड्यूटी पर थे। अचानक इंडस्ट्रियल मशीनरी की चपेट में आने से उनके दोनों पैर जांघ के पास से पूरी तरह कट कर अलग हो गए। हादसे के बाद हर तरफ अफरा-तफरी मच गई। जिआंग को तुरंत सुझोउ रुईहुआ ऑर्थोपेडिक अस्पताल ले जाया गया. उस वक्त ऐसा लग रहा था कि जिआंग अब पूरी जिंदगी के लिए बिना पैरों के अपाहिज हो जाएंगे। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को समझा।



27 साल तक जिसे कहती आई मम्मी-पापा, वो निकले किडनैपर

मेक्सिको सिटी। मात्र तीन साल की उम्र में जुआना रामिरेज को मेक्सिको सिटी के विशाल बोस्के दे चापुल्टेपेक पार्क से दिनदहाड़े किडनैप कर लिया गया था। परिवार पार्क में घूम रहा था। माता-पिता ने क्षणभर के लिए हाथ छोड़ा और बच्ची गायब हो गई। किडनैपर्स ने उसे नया नाम रोसियो दिया और नया जन्मदिन बताकर अपने साथ रख लिया। 27 लंबे सालों तक जुआना उन्हें अपनी असली मां-बाप समझती रही। फिर एक तस्वीर ने सब कुछ बदल दिया। घटना 1 अक्टूबर 1995 की है। लोरेना रामिरेज अपने पति, तीन बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पार्क घूमने गई थी। चिड़ियाघर देखकर जब वे विदाई ले रहे थे, तभी छोटी जुआना बीच से गायब हो गई। लोरेना ने बताया कि उन्होंने और पति ने क्षणभर के लिए हाथ छोड़ा था। जब मुड़े तो बच्ची वहां नहीं थी। उन्होंने तुरंत खोज शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। लोरेना ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी थी। 24 साल तक वे बेटी को खोजती रहीं। किडनैपर्स ने जुआना को टोलुका ले जाकर रखा। उन्होंने उसे बताया कि उसका जन्मदिन 1 अक्टूबर 1995 है यानी जिस दिन उसे उठाया गया। असली जन्मदिन 16 जून था। नया नाम रोसियो रखा गया।

दशकों पुराना जानलेवा जहर समुद्र में लीक!

इंसानी भूल से दुनिया पर मंडराया बड़ा खतरा, वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी

पेरिस। अटलांटिक महासागर की गहराइयों में दशकों से दफन एक ऐसा खतरा अब सामने आया है, जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। 20वीं सदी में जिस रेडियोएक्टिव कचरे को समुद्र के अथाह पानी में यह सोचकर फेंक दिया गया था कि वह अपने आप नष्ट हो जाएगा, आज वही इंसानी भूल महासागर के इकोसिस्टम के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। 15,000 फीट से ज्यादा की गहराई में जंग खा चुके लोहे के बैरल अब धीरे-धीरे फटने लगे हैं और उनसे निकलने वाला जानलेवा जहर चुपचाप समुद्री जिंदगी में घुल रहा है। फ्रांस के रिसर्च प्रोजेक्ट एरिथेमा नोडोसम के तहत चलाए गए एक अभियान के दौरान वैज्ञानिकों ने समुद्र की तलहटी में 200,000 से ज्यादा रेडियोएक्टिव कचरे के बैरल खोजे हैं।

15,400 फीट की गहराई में हुई खोज

27 मई से 28 जून 2026 के बीच चले इस प्रोजेक्ट में पोर्कवा पा? जहाज पर सवार करीब 30 वैज्ञानिकों की टीम ने भाग लिया. टीम ने नॉटिल नाम की सबमर्सिबल यानी पनडुब्बी के जरिए समुद्र में 15,400 फीट से ज्यादा गहराई में 20 बार गोता लगाया। दशकों बाद पहली बार डिब्बों को इतने करीब से देखा गया है।

रेडियोएक्टिव तत्वों का बढ़ा स्तर

समुद्र के अंदर ली गई रीडिंग में बैकग्राउंड लेवल से ज्यादा रेडियोन्यूक्लाइड्स पाए गए हैं। इनमें कोबाल्ट-60 और नियोबियम-94 की मौजूदगी सबसे बड़ा सबूत है कि यह कचरा न्यूक्लियर प्लांट का ही हिस्सा है, क्योंकि यह सामान्य पर्यावरणीय फॉलआउट में नहीं मिलते। इनके साथ ही सीजियम-137 और अमेरिशियम-241 भी रिकार्ड किए गए हैं, हालांकि इनका संबंध पुराने परमाणु परीक्षणों या दुर्घटनाओं से भी हो सकता है।



किसने फेंका इतना कचरा?

फ्रांसीसी राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के रिकार्ड के अनुसार अकेले फ्रांस ने 1967 और 1969 के दो अभियानों में 46,000 से ज्यादा बैरल समुद्र में डुबाए थे। हालांकि, इस डंपिंग ग्राउंड का इस्तेमाल कई दूसरे यूरोपीय देशों ने भी किया था, इसलिए रिसर्चर्स अब यह भी पता लगा रहे हैं कि कौन सा बैरल किस देश का है। इससे पहले पिछले साल युलिक्स नाम के रोबोट ने मैपिंग सर्वे करके 3,355 डिब्बों की सटीक लोकेशन खोजी थी। उसने 5,000 लीटर पानी, 345 सेडिमेंट कोर और 34 मछलियों व केकड़ों के सैंपल जुटाए थे, जिसकी सहायता से 2026 के इस अभियान में वैज्ञानिक सीधे खास बैरलों तक पहुंच सके।

कचरा लीक होना ही थी पुरानी रणनीति

रिसर्च के अनुसार यह कम तीव्रता वाला कचरा था, जिसे कंक्रीट या बिटुमेन के साथ मिलाकर धातु के डिब्बों में सील किया गया था। जानकारों का मनना है कि उस दौर में इसे हमेशा के लिए बंद रखने का इरादा नहीं था। तब की प्लानिंग यह थी कि कचरा धीरे-धीरे लीक होगा और समुद्र के विशाल पानी में मिलकर बेअसर हो जाएगा।

अब आगे क्या?

क्लेरमोंट ओवरन्यू यूनिवर्सिटी के पैट्रिक शार्दो और पेरिस स्थित ईएनएस के जावियर एस्कार्टिन इस प्रोजेक्ट में शामिल हैं। एस्कार्टिन के मुताबिक बड़ा सवाल था कि क्या रेडियोन्यूक्लाइड्स बाहर निकले हैं और किस रूप में हैं। इसका आधा जवाब मिल चुका है, कचरे का रिसाव कंफर्म हो गया है। अब आने वाले महीनों में लैब जांच से यह साफ होगा कि यह रिसाव किस रूप में है और कितना फैल चुका है। नॉर्थ-ईस्ट अटलांटिक की सुरक्षा पर नजर रखने वाली संस्था ओस्पार कन्वेंशन इस प्रोजेक्ट के शुरुआती नतीजों का इस्तेमाल अपने पुराने डंपिंग साइट्स के डेटा को अपडेट करने के लिए कर रही है।

बैरल पर बस गई समुद्री दुनिया

चौंकाने वाली बात यह भी है कि जहां तक नजर जाए, समुद्री तलहटी में सिर्फ नरम कीचड़ है। ऐसे में इन लोहे के बैरलों ने समुद्री जीवों के लिए चट्टान जैसा ठोस सहारा दे दिया है। एनीमोन, स्पंज और केकड़ों जैसे जीवों ने इन डिब्बों पर अपना घर बना लिया है। क्या यह समुद्री जीव इस रेडियोएक्टिव कचरे को सोख रहे हैं? इस सवाल का जवाब जानने के लिए वैज्ञानिकों ने बैरल के पास के पानी, मिट्टी, छोटे जीवों और समुद्री जीवों के सैंपल लिए हैं।

पत्नी के लिए बेचा घर...खड़ा कर दिया दुनिया का सबसे बड़ा फूलों का बाग

प्यार की अनूठी मिसाल, दुनिया कर रही है सलाम!

बीजिंग। कहते हैं अगर प्यार सच्चा हो तो इंसान नामुमकिन को भी मुमकिन बना देता है। बड़े से बड़े पहाड़ को काट देता है। हाल ही में चीन के सिचुआन प्रांत के रहने वाले झोउ शाओलिन ने अपनी पत्नी यिन जी के लिए कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, 2013 में यिन जी ने बस यूं ही अपने पति के सामने बचपन के फेवरेट हॉलीहॉक फूलों का जिक्र कर दिया था, जिसके बाद झोउ ने उनसे वादा किया कि एक दिन वो उनके लिए एक पूरा बाग तैयार करेंगे। अपनी पत्नी की बचपन की यादों को संजोने के लिए झोउ ने 80 हेक्टेयर बंजर जमीन को दुनिया के सबसे बड़े हॉलीहॉक गार्डन में बदल दिया।



बंजर जमीन को बनाया फूलों की जन्नत

बिना किसी गार्डनिंग एक्सपीरियंस के झोउ ने अपना घर तक बेच दिया और टूआनलोंग टाउन में जमीन खरीद ली। उन्होंने 10 साल तक कड़ी मेहनत की, देसी और विदेशी बीजों को ढूंढा और 80 हेक्टेयर की बंजर घाटी को फूलों से सजा दिया। आज ये जगह दुनिया की सबसे बड़ी हॉलीहॉक गार्डन बन चुकी है। इसमें हॉलीहॉक की 700 से ज्यादा किस्में, 1.5 लाख लिली और 1 लाख हिबिस्कस के पौधे मौजूद हैं।

बर्फबारी में 3 दिन तक गुफा में बचाई थी जान

दोनों (कपल) की पहली मुलाकात 1985 में हुई थी, जब झोउ एक ट्रेनी टूर गाइड थे। 5 साल तक चिट्ठियों के जरिए बातें करने के बाद दोनों ने आखिरकार शादी कर ली। तिब्बत ट्रिप के दौरान भयानक बर्फबारी में फंसने पर झोउ अपनी पत्नी को पीठ पर लादकर गुफा तक ले गए थे, जहां उन्होंने तीन दिन बिताए। यिन जी मानती हैं कि ऐसे लाइफ पार्टनर के साथ जिंदगी का हर लम्हा खूबसूरत हो जाता है। आज शादी के 35 साल बाद भी ये कपल अपने इस खूबसूरत बाग में पालतू डॉग्स और बिल्लियों के साथ रहता है। कपल के बच्चे नहीं हैं। दोनों हर जन्मदिन और एनिवर्सरी पर एक-दूसरे को हाथ से लिखे खत देते हैं।

समुद्र में इंसानों ने बना दिया कचरे का 'द्वीप'!

वाशिंगटन। प्रशांत महासागर में इंसानी कचरे का एक भयानक और बड़ा साम्राज्य तैयार हो गया है। हवाई और कैलिफोर्निया के बीच समुद्र की सतह पर 16 लाख वर्ग किलोमीटर में फैले प्लास्टिक के ढेर ने एक बड़े गार्बेज आइलैंड यानी कचरे के द्वीप का रूप ले लिया है। फ्रांस से भी आकार में तीन गुना बड़े इस इलाके में तैर रहा प्लास्टिक का बड़ा भंडार अब समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। प्रशांत महासागर में क्षेत्र फैले इस कचरे को ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच या प्लास्टिक का द्वीप कहा जा रहा है। साल 2018 के वैज्ञानिकों के रिसर्च के मुताबिक, यह क्षेत्र करीब 1.6 मिलियन यानी 16 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह इलाका ब्राजील के पारा राज्य से 28 प्रतिशत बड़ा है और फ्रांस के कुल क्षेत्रफल से करीब तीन गुना ज्यादा है। हालांकि, यह कोई ठोस जमीन या महाद्वीप नहीं है, बल्कि पानी की सतह पर तैरता हुआ कचरा है। इसमें प्लास्टिक के जाल, रस्सियां, डिब्बे और भारी मात्रा में छोटे प्लास्टिक शामिल हैं।

फ्रांस से भी 3 गुना बड़ा है आकार, अब 700 प्रजातियों के लिए मंडरा रहा बड़ा खतरा



कचरे का वजन और आकार

इस क्षेत्र में अनुमानित 1.8 खरब प्लास्टिक के टुकड़े मौजूद हैं, जिनका कुल वजन लगभग 79 हजार टन है। कुल कचरे के वजन का कम से कम 46 प्रतिशत हिस्सा मछली पकड़ने वाले पुराने जालों का है। साल 2022 में हुई एक रिसर्च के अनुसार, 5 सेंटीमीटर से बड़े प्लास्टिक सामानों में 75 से 86 प्रतिशत हिस्सा छोड़े गए या खोए हुए मछली पकड़ने के उपकरणों का है।

ये है दुनिया का सबसे बदसूरत कुत्ता, लटकी जीभ ने जिताया खिताब

मालिक के खाते में आए 5 लाख रुपए!

न्यूयार्क। दुनिया में कई तरह के प्रतियोगिताएं होती हैं। कुछ सुंदरता की तो कुछ खास प्रतिभा की। लेकिन, एक ऐसी प्रतियोगिता भी है जो जानबूझकर 'बदसूरती' का खिताब देती है। इसका मकसद मजाक उड़ाना नहीं, बल्कि रेस्क्यू कुत्तों को अपनाने का संदेश फैलाना है। साल 2026 में इस खिताब की विजेता बनी 6 साल की पग कुतिया जिन्नी लू. उसकी उभरी हुई आंखें और हमेशा बाहर लटकी रहने वाली विशाल जीभ ने जजों का दिल जीत लिया। इनाम के तौर पर उसे 5 हजार डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 5 लाख रुपए मिले।



यहां हुआ आयोजन

यह 50वीं वर्षगांठ वाला वर्ल्ड्स अगलिएस्ट डॉग कॉन्टेस्ट कैलिफोर्निया के सांता रोजा स्थित सोनोमा काउंटी फेयरग्राउंड्स में 14 अगस्त 2026 को आयोजित हुआ। जिन्नी लू की मालकिन मिशेल ग्रेडी ने ट्रॉफी और इनाम स्वीकार किया. इसके अलावा जिन्नी लू को न्यूयॉर्क में एनबीसी के टुडे शो में लाइव अपीयरेंस का मौका और स्पॉन्सर मुग रूट बीयर की लिमिटेड एडिशन सोडा कैन पर अपनी तस्वीर भी मिली। जिन्नी लू की कहानी सामान्य नहीं है। वह दक्षिण कोरिया के पहाड़ी इलाके में एक लकड़ी के बक्से में ठंड में छोड़ दी गई थी। स्थानीय डॉग मीट ट्रेड से उसे बचाया गया। वेलफेयर एक्टिविस्ट्स ने उसे रेस्क्यू किया और फिर अमेरिका में नया घर मिला। आज वह खुशहाल जीवन जी रही है और अब दुनिया भर में अपनी 'परफेक्टली इंपर्फेक्ट' लुक के कारण जानी जाती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com